news@group5.in | group5news | group5news

www.group5news.com

सदैव आपके साथ...

हिन्दी दैनिक

# ग्रुप-5 समाचार

www.group5news.com/epaper

लखनऊ || सोमवार || 14 अप्रैल , 2025 वर्षः 17 || अंकः 115 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-



अंदर पढ़ें
» 07 भारत के लिए सुनहरा मौका...
» 08 मोहन बागान सुपर जाएंट ने जीता आईएसएल कप
» 11 ड्रीम गर्ल 2 से छुट्टी होने पर छलका नुसरत का दर्द



## राहुल की रणथंभौर यात्रा में छिपा है बड़ा राजनीतिक बदलाव

● सचिव पायलट को कमान सौंपने की तैयारी! संगठन मजबूत करने पर जोर

**दौसा (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इन दिनों से सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर में है। वो रणथम्भौर में टाइगर सफारी का लुत्फ उठा रहे हैं। रविवार सुबह एक बार फिर राहुल गांधी टाइगर सफारी पर जाते समय गणेश धाम स्थित रणथंभौर के मुख्य प्रवेश द्वार पर कांग्रेस कार्यकर्ता छुट्टन लाल मीणा से रूबरू हुए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता से राहुल गांधी की संगठन और विभिन्न मुद्दों को लेकर बातचीत हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता छुट्टन लाल मीणा ने बताया कि राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान उन्होंने समरावता कांड



और नरेश मीणा के बारे में चर्चा की। जिस पर राहुल गांधी ने उन्हें नरेश मीणा को कांग्रेस की ओर से समर्थन देने की बात कही। इसी के साथ ही राहुल गांधी ने संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका में लाने की बात कही। छुट्टन लाल मीणा ने बताया कि राहुल गांधी ने कहा कि वो प्रखंड और जिलाध्यक्षों को आने वाले समय में बड़ी जिम्मेदारी सौपेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाएंगे। इसी के साथ ही उन्होंने राजस्थान में नेतृत्व को लेकर छुट्टन लाल मीणा से चर्चा की। राहुल गांधी ने छुट्टन से पूछा कि आपको राजस्थान में अशोक गहलोत या सचिन पायलट दोनों में से कौन सा नेता ज्यादा पसंद है। जिस पर छुट्टन लाल मीणा ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की कमान सचिन पायलट को दी जानी चाहिए। राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ानी चाहिए।

आईएनएस विक्रांत+राफेल मरीन

## हिंद महासागर में बन गया 'अजेय' कॉम्बिनेशन

**पेरिस (एजेंसी)।** हिंद महासार में भारत एक अजेय शक्ति बनने जा रहा है। जब बात समुद्री शक्ति की आती है, तो अब भारत का नाम दुनिया की शीर्ष नौसेनाओं में आता है। और इस बार भारतीय नौसेना के लिए एक ऐसा सौदा किया गया है, जिसे हिंद महासागर का पूरा गेम बदल जाएगा। वो है राफेल मरीन फाइटर जेट्स की खरीद। भारत ने फ्रांस से 26 राफेल फाइटर जेट्स खरीदने का फैसला किया है और ये सिर्फ एक डिफेंस अपग्रेडेशन नहीं है, बल्कि रणनीतिक प्रभुत्व का ऐलान है। खासकर ऐसे वक्त में, जब भारत को एक साथ



पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में चीन से समुद्री चुनौती मिल रही हो। भारत के नौसेना इतिहास में इस सबसे महत्वपूर्ण समझौतों में से एक बन गया है। नई दिल्ली ने फ्रांस से 26 राफेल फाइटर जेट खरीदने के लिए 63 हजार करोड़ रुपये, यानि करीब 7.5 अरब डॉलर से ज्यादा के सरकारी सौदे को मंजूरी दी है। 26 राफेल फाइटर जेट खरीदने के बाद भारत उन दुर्लभ देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा, जिसका विशाल समुद्री विस्तार में दुर्जेय कैरियर बैटल ग्रुप क्षमताओं को प्रदर्शित कर सकते हैं। इस सौदे में 22 सिंगल-सीटर राफेल मरीन फाइटर और चार ट्विन-सीटर वैरिएंट शामिल हैं। भारतीय नौसेना राफेल मरीन फाइटर जेट्स को कैरियर्स से ऑपरेट करने वाली है। इन लड़ाकू विमानों को भारत के दो एयरक्राफ्ट पर तैनात किया जाएगा।

## एनकाउंटर के बाद बरामद सामान पर पाकिस्तान का पता

### हथियार और गोला-बारूद मिला, 11 अप्रैल को सुरक्षाबलों ने 3 जैश आतंकी मारे थे

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 11 अप्रैल की देर रात को हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया था। जिसके बाद से जारी सर्च ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने शनिवार को 1 एके 4 राइफल, 2 एके 47 राइफल, 11 मैगजीन, 65 एमएम 4 गोलियां और एके 47 की 56 गोलियां, साथ ही टोपी, दवाइयां, प्राथमिक उपचार सामग्री और मोजे बरामद किए हैं। दवाओं पर पाकिस्तान और लाहौर का पता



लिखा है। अधिकारियो के अनुसार मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के थे। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल था। वहीं, जम्मू-जिले के अखनूर में शनिवार को एक मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजीमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए थे। यहां शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी थी। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल को जम्मू में पुरा सेक्टर परसीआरपीएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था।

हादसों का 'रविवार'

## 3 घटनाओं में 15 की मौत

● जयपुर और बिजनौर में काली सुबह, 7 की गई जान ● आंध्र की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 लोगों की मौत

**जयपुर (एजेंसी)।** रविवार का दिन तीन राज्यों के लिए बेहद दुखद रहा। राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोगों की जान चली गई। वहीं आंध्रप्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में 8 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य और दो सगे भाई शामिल हैं। राजस्थान के जयपुर जिले में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। रायसर थाना क्षेत्र में मनोहरपुर-दौसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी रघुवीर सिंह ने बताया कि यह हादसा नेकावाला टोल के पास सुबह करीब आठ बजे हुआ, जब कार सवार परिवार खाटूश्याम मंदिर के दर्शन के लिए जा रहा था। तभी सामने से आ रहे ट्रेलर से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी सत्यप्रकाश सोनी (60), उनकी पत्नी रामादेवी (55), बेटे







अभिषेक सोनी (35), बहू प्रियांशी (30) और छह महीने की पोती के रूप में हुई है। ये सभी राजस्थान घूमने आए थे और धार्मिक यात्रा पर निकले थे। उधर, उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के स्योहारा थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ। खेत से घर लौट रहे दो सगे भाइयों की तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई।

### आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 की मौत

#### घटना में 7 लोग गंभीर रूप से घायल, शुरू हुई जांच

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में बड़ा हादसा हुआ है। जिले में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हो गया। यह घटना कोटावुराटला मंडल के कैलासपट्टनम गांव में हुई। इस हादसे में कम से कम आठ लोगों की जान चली गई। वहीं सात लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। मरने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह धमाका पटाखा बनाने वाली यूनिट के अंदर हुआ। धमाके के बाद आग तेजी से फैली और पूरे यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि फैक्ट्री में रखे पटाखों के बड़े भंडार में आग लग गई। इससे एक बड़ा धमाका



हुआ और पूरी यूनिट मलबे में तब्दील हो गई।

हादसे के समय फैक्ट्री में 15 कर्मचारी काम कर रहे थे। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के इलाके में भी नुकसान हुआ है। ये पटाखे आने वाले त्योहारों और शादियों के लिए बनाए जा रहे थे। आंध प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख जताया है। वहीं आंध्र के गृह मंत्री वी अनिता ने बताया कि आग लगने की दुर्घटना में दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है।

## आतंकी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लेगी एनआईए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी रविवार को तीसरे दिन पूछताछ करेगी। 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लिए जा सकते हैं। एनआईए पता लगाएगी कि क्या तहव्वुर नवंबर 2008 के हमलों के दौरान फोन पर निर्देश (इंस्ट्रक्शन) दे रहा था। वॉयस सैंपल लेने के लिए तहव्वुर की सहमति जरूरी होगी। मना करने पर एनआईए कोर्ट जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को एनआईए की पूछताछ में एक कर्मचारी बी का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब एनआईए राणा और कर्मचारी बी को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। एजेंसी के मुताबिक कर्मचारी बी को आतंकी साजिश की जानकारी नहीं थी। वह सिर्फ राणा के निर्देश पर हेडली के लिए रिसेप्शन, ट्रांसपोर्ट-ऑफिस की व्यवस्था करता था।



## सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंप चलाएंगी, गैस भी बांटेंगी

● भोपाल में अमित शाह बोले-एमपी में हैं काफी संभावनाएं ● सांची दुग्ध संघ और एनडीडीबी के बीच हो गया एमओयू

**भोपाल (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच एमओयू हुआ। इसके साथ ही एमपी के छह दुग्ध संघों और एनडीडीबी के बीच छह अलग-अलग एमओयू भी किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। इस दौरान सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पशुपालन-डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल के साथ-साथ नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड और मध्यप्रदेश के सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि देश में सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंपों का संचालन करेंगे और रसोई गैस का वितरण भी संभालेंगी। शाह ने कहा कि सहकारिता सेक्टर में मध्य प्रदेश में काफी संभावनाएं हैं, जिस पर काम करने की जरूरत है। इससे पहले स्टेट हैंगर पर शाह का स्वागत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया। इसके बाद शाह का काफिला रवाना होकर सीएम हाउस पहुंचा, जहां शाह ने सीएम मोहन यादव और उनके साथी मंत्रियों के साथ लंच किया। सम्मेलन





को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा- मध्य प्रदेश के अंदर कृषि, पशुपालन और सहकारिता क्षेत्र में अधिक संभावनाएं हैं। मैं मानता हूं कि हमें हमारी संभावनाओं का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए ढेर सारा काम करने की जरूरत है। अमित शाह ने कहा कि ग्रामीण विकास और कृषि विकास के आयाम, पशुपालन के आयाम, इन सबको एक जगह पर रखकर केंद्रीय स्तर पर कोई विचार नहीं किया। विचार होता भी कैसे। कोई सहकारिता मंत्रालय ही नहीं था। आजादी के 75 साल बाद पीएम मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर मुझे मंत्री बनाया। मोहन जी कह रहे हैं उन्हें आश्चर्य हुआ तो थोड़ा मुझे भी आश्चर्य हुआ।

● **सांची का नाम नहीं बदलेगा, संचालन एनडीडीबी के हाथ में होगा-** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री लखन पटेल ने बताया कि मप्र दुग्ध संघ और एनडीडीबी के बीच अनुबंध के बाद भी न तो सांची का नाम हटेगा, न लोगो बदलेगा। संचालन का काम एनडीडीबी के हाथों में रहेगा। दुग्ध संघ में अब सीईओ, एनडीडीबी के अधीनस्थ काम करेंगे। एनडीडीबी और दुग्ध संघ के बीच हुए करार के बाद मप्र में दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार हो जाएगी। एनडीडीबी मप्र में डेली दुग्ध उत्पादन क्षमता को 10 लाख लीटर से बढ़ाकर 5 साल में 20 लाख लीटर तक ले जाएगा। 5 साल के प्रोजेक्ट के लिए 1447 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है।

● **सीएम ने कहा-किसानों की जिंदगी बेहतर बनाएंगे-** सीएम ने कहा कि हजारों साल से ऐसा माना जाता था कि हमारे देश में दूध की नदियां बहती थीं। लेकिन गाय माता के दूध के मामले में तो बहुत सावधानी से बोलने की बात थी। मतलब गाय का दूध ही नहीं लेते थे। जब यह बात आ गई कि सिर्फ गाय, भैंस का दूध खरीदेंगे। गाय का दूध खरीदने में हाथ जोड़ते थे। यह बात अलग है की दूध में पानी मिलाकर चला दे, लेकिन कोई दूध उत्पादक घर से गाय का दूध लेने जाए तो गाय का दूध नहीं खरीदते थे। सरकार गौ माता का दूध खरीदेगी।

## यूक्रेन में भारतीय दवा गोदाम पर रूस का मिसाइल अटैक

● यूक्रेन बोला-रूस जानबूझकर भारतीय कंपनियों को निशाना बना रहा

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन पर शनिवार को रूसी मिसाइल हमले में एक भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनी कुसुम के गोदाम में आग लग गई। भारत में स्थित यूक्रेनी दूतावास ने आरोप लगाया कि रूस ने जानबूझकर राजधानी कीव में भारतीय गोदाम को निशाना बनाया है। यूक्रेनी दूतावास ने कहा- आज रूस ने यूक्रेन में भारतीय कंपनी कुसुम के गोदाम पर मिसाइल से हमला किया। भारत के साथ खास दोस्ती का दावा करने वाला रूस जानबूझकर भारतीय कंपनियों पर हमला कर रहा है। गोदाम में बुजुर्गों-बच्चों की जरूरी दवाइयां थीं। हैरिस ने भी दावा किया कि रूस ने गोदाम को तबाह कर दिया।



## मानसा में खालिस्तानी झंडे वाली रैली रोकी

● सिमरनजीत मान बोले-शांतिपूर्ण रैली की अनुमति मिले

**मानसा (एजेंसी)।** पंजाब के मानसा जिले में पुलिस ने खालिस्तानी झंडे के साथ निकलने वाली रैली को रोक दिया। गांव रड़ से शुरू होने वाली इस रैली में कहीं भी खालिस्तानी झंडा नहीं लहराने दिया गया। इस बीच, शिरोमणि अकाली दल अमृतसर के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने गांव रल्ला में अहम बयान दिया। मान ने बैसाखी के मौके पर कहा कि यह सिखों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। पहले बैसाखी पाकिस्तान में मनाई जाती थी। अब तख्त श्री दमदमा साहिब में मनाई जाती है।



वक्फ बिल पर बवाल, उबल पड़ा बंगाल

टीएमसी सांसद यूसुफ पठान ने चाय पीते फोटो पोस्ट की

## भाजपा का आरोप- हिंदुओं के कत्लेआम का मजा ले रहे

**मुर्शिदाबाद (एजेंसी)।** वक्फ कानून के विरोध में शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। वाहनों को आग लगाई और दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गई। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है।

15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। 300 के करीब सीआरपीएफ जवान हैं। कुल 21 कंपनियां की तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त वाले इलाकों में इंटरनेट बैन है। धारा 144 भी लागू है।

राज्य में वक्फ कानून के विरोध में 10



अप्रैल से हिंसा जारी है। इस बीच टीएमसी सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने चाय पीते हुए पोस्ट शेयर की, जिस पर विवाद हो रहा है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा- बंगाल जल रहा है। पुलिस चुप है। इन सबके बीच सांसद यूसुफ पठान चाय की चुस्की लेते हुए हिंदुओं के कत्लेआम के पल का आनंद ले रहे हैं। इधर, नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की बैठक शुरू हो गई है। वहीं असदुद्दीन ओवैसी ने आज कहा- वक्फ कानून असंवैधानिक है। बीजेपी वक्फ बोर्ड पर कब्जा करना चाहती है। वक्फ कानून से किसी की भलाई नहीं होगी।



● **केंद्रीय गृह सचिव ने मुख्य सचिव-डीजीपी से की बात-** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने जल्द से जल्द सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने को कहा। एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- आज (शनिवार) की घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस की ओर से गोली नहीं चली है, सीआरपीएफ की ओर से हो सकता है। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा- वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। मेरी अपील है कि शांत रहें। सबकी जान कीमती है।

# जब से वक्फ 'संशोधन' विधेयक पारित हुआ तभी से हिंसा भड़काई जा रही : मुख्यमंत्री योगी

» आश्चर्य होता है कि यह वही देश है जिसमें वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीन कब्जा ली गई है

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों खासतौर पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि जब से वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तभी से इसके खिलाफ हिंसा भड़काई जा रही है। रविवार को यहां राज्य की राजधानी लखनऊ में भागीदारी भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान की प्रदेश कार्यशाला की शुरुआत करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आश्चर्य होता है कि यह वही देश है जिसमें वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीन कब्जा ली गई है। उनके (कब्जा करने वालों के) पास कोई कागज नहीं, कोई राजस्व का रिकॉर्ड नहीं है और जब से (वक्फ) संशोधन विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तो इसके लिए हिंसा भडक़ाई जा रही है। योगी ने कहा, पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में तीन हिंदुओं की उनके घरों से खींचकर हत्या कर दी गई। ये सब कौन हैं, ये वही दलित, वंचित और गरीब हैं जिनको इस जमीन का सर्वाधिक लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा, इसलिए इन्हें (विपक्षी दलों) भय है कि ऐसा हुआ तो इनका वोटबैंक और गुमराह करने की राजनीति हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे। पिछले सप्ताह संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम मंगलवार से लागू हो गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया, वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की धारा। की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल 2025 से उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू किए हैं। लोकसभा और राज्यसभा ने क्रमशः तीन अप्रैल और चार अप्रैल की मध्य रात्रि के बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को इसे अपनी मंजूरी दे दी। वक्फ (संशोधन) विधेयक आने के बाद से ही तमाम मुस्लिम संगठन समेत विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती से एक दिन पहले उनकी याद में शुरू किए गए अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जब तक हम सही तथ्य जनता जनार्दन के सामने नहीं रखेंगे तो ये लोग गुमराह करके अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करते रहेंगे और वे लोग इसी प्रकार गुमराह करके, देश में अव्यवस्था पैदा करके दलितों, वंचितों का शोषण करते रहेंगे। उन्होंने कहा, वे दलितों, गरीबों और वंचितों को उनके अधिकारों से वंचित करते रहेंगे। इसलिए कार्ययोजना के साथ भाजपा की कार्यशाला यहां आयोजित हो रही है। योगी ने कहा, बाबा साहेब आंबेडकर की जहां कहीं भी प्रतिमा है, उनके नाम पर पार्क है, वहां आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और सरकार के अधिकारीगण स्वच्छता के विशेष कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं।



## आंबेडकर जयंती पर विविध आयोजन करेगी सरकार

उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने सोमवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती को पूरे राज्य में धूमधाम से मनाने की तैयारी की है। राज्य सरकार द्वारा रविवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, आंबेडकर जयंती को पूरे राज्य में धूमधाम से मनाने की तैयारियां की गई हैं और इसे लेकर रविवार से ही अनेक कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आंबेडकर जयंती के दिन सोमवार को लखनऊ में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। बयान के मुताबिक, जयंती पर राजधानी स्थित डॉक्टर भीमराव आंबेडकर मेमोरियल गोमती नगर में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में आंबेडकर के कृतित्व और व्यक्तित्व से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिसमें स्थानीय व देश के अन्य राज्यों से आए लोक कलाकार संगीतमय प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा एक अभिलेख प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## केवल सिखों के लिए ही नहीं, हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं गुरु गोविंद सिंह : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मुगल शासक औरंगजेब को क्रूर करार दिया और तब हिंदुओं के सामने आई समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए गुरु गोविंद सिंह की सराहना की। आदित्यनाथ ने यहां खालसा सृजन दिवस एवं बैसाखी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह केवल सिखों के लिए ही नहीं हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं और एक नया प्रकाश हैं। उन्होंने कहा, खालसा पंथ के 325 वर्ष पूरे हो रहे हैं। गुरु गोविंद सिंह के अनुयाई जहां भी गए अपने शौर्य और पराक्रम से अपना लोहा मनवाया। योगी ने कहा कि सिख कहीं भी होगा वह बिना झुके, डिगे अपने पथ पर आगे बढ़ता है, इसलिए सरदार भी कहलता है। योगी ने कहा, याद करिए एक तरफ क्रूर औरंगजेब के शासन में अत्याचार की पराकाष्ठा थी, जजिया कर के जरिए हिंदुओं को पूरी तरह इस्लाम में बदलने की उसकी क्रूर चाल और मंदिरों को तोड़ा जा रहा था, बेटियों की इज्जत पर हाथ डाला जा रहा था और उस समय अपने एक लाख शिष्यों के साथ मिलकर देश और धर्म की ज्वलंत समस्याओं पर प्रभावी शंखनाद करने का काम गुरु गोविंद सिंह महाराज द्वारा किया जा रहा था।

## आधा सच बोलने की बीमारी से ग्रस्त हैं अखिलेश यादव : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर 'आधा सच बोलने की बीमारी से ग्रस्त' होने का आरोप लगाया। मौर्य की यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव के उस बयान के एक दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि इटावा के मतदाताओं ने ही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम को लोकसभा भेजा था। मौर्य ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आधा सच बताने की बीमारी से ग्रस्त हैं सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव। उन्होंने कहा कि सच यह है कि 1991 के लोकसभा चुनाव में सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने अगर इटावा में कांशीराम की मदद की थी तो कांशीराम ने भी जसवंतनगर से बसपा का उम्मीदवार न उतार कर मुलायम सिंह यादव को जिताने में मदद की थी। मौर्य ने इसी पोस्ट में दावा किया लेकिन इससे बड़ा सपा का काला सच यह है कि दो जून, 1995 को सपा के गुंडों ने लखनऊ के स्टेट गेस्टहाउस में दलितों की सबसे बड़ी नेता बहन सुश्री मायावती की आबरू लूटने और उनकी हत्या की कोशिश की थी। उन्होंने कहा लेकिन दलितों के सम्मान में सदा समर्पित भाजपा ने सपाई गुंडों को छठी का दूध याद दिलाकर उसके मंसूबों को विफल कर बहन जी की लाज और जीवन दोनों को बचाया था। मौर्य ने दावा किया कि ऐसे ही अपने गुंडों की फौज पर अखिलेश आज भी इतराते हैं और सपा पिछड़ों दलितों वंचितों की असल दुश्मन है।

## आज से अग्निशमन सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए तीन दिवसीय अभियान चलेगा

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** उत्तर प्रदेश सरकार अग्निशमन सेवाओं को सशक्त बनाने और आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए 14 अप्रैल से प्रदेशभर में तीन दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, तीन दिवसीय अभियान में राज्य भर में रैलियां, प्रतियोगिताएं, व्याख्यान और मॉक ड्रिल (छद्म अभ्यास) शामिल हैं। इसके मुताबिक, अपर पुलिस महानिदेशक (अग्निशमन) पद्मजा चौहान ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस साल प्रदेश भर में 14 अप्रैल से अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा और इसके तहत 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत स्मृति दिवस परेड, पिन फ्लैग से की जाएगी और इसके बाद तीन दिनों तक सभी दमकल केंद्र से फायर रैली निकालकर जनता को जागरुक किया जाएगा। बयान के अनुसार, यह पहल वित्त वर्ष 2024-25 में आधुनिक अग्निशमन उपकरणों में 184 करोड़ रुपए के निवेश के बाद की गई है।

## विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव ने बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप जलाकर माल्यार्पण किया



बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता में सहभाग किया

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पूर्व दिवस पर लखनऊ पूर्वी विधानसभा के विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव ने मैथलीशरण गुप्त वार्ड में बी-ब्लॉक बस्तौली गाँव पहुंचकर यहाँ स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल की सफाई की। इसके बाद उन्होंने प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीपक प्रज्वलित कर बाबा साहब को नमन किया। कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय जनता को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी द्वारा समाज निर्माण में किए गए महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के उपाध्यक्ष राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया, मंडल महामंत्री संदीप पाठक, पार्षद अशोक उपाध्याय, पार्षद भूपेंद्र शर्मा, विजय सिंह, शशिकांत तिवारी, शशांक शेखर गोल्डी, अर्जुन कुमार, जितेंद्र वाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा समेत वरिष्ठजन, महिला मोर्चा की पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# आंध्र प्रदेश को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** बाबू राम की आतिशी पारी से उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने आंध्रप्रदेश को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं । सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए ऑल इंडिया फेडरेशन मोटर व्हीकल टेक्निकल ऑफिसर एसोसिएशन के द्वारा गुजरात के अहमदाबाद में तीन दिवसीय (12,13 14 अप्रैल) क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें नौ राज्यों की परिवहन विभाग की टीमें हिस्सा ले रही हैं । मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश ने 116 रन बनाए। जवाब में आंध्रप्रदेश 10 ओवर में सिर्फ सौ रन ही बना सका। इस तरह उत्तर प्रदेश ने 16 रन से मैच जीत कर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया हैं। बाबू राम ने नाबाद 56 रन बनाए। देवेंद्र शुक्ल ने 3 विकेट लिए। टीम के कप्तान आर. बी. सोनकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश टीम फाइनल तक खेलेगी एवं विनर रहेगी, हमारी टीम बड़े ही मेहनत एवं हर्षोल्लाह के साथ खेल रही है।



# रेलवे के स्लीपर चोरी कर एफसीआई का रेलवे ट्रैक बनाने की योजना पर आरपीएफ ने फेरा पानी, चार चोरों को धरा



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के पैंतीपुर रेलवे स्टेशन के पास से चोरी हुए स्लीपरों से कानपुर में एफसीआई गोदाम के लिए नया रेलवे ट्रैक बिछाया जा रहा था। आरपीएफ की क्राइम ब्रांच ने मामले में छापेमारी कर कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने 255 स्लीपर बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत 8.16 लाख रुपये है। मामला पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का है। रेलवे सुरक्षा बल के कमांडेंट चंद्रमोहन मिश्र ने बताया कि बीती 10 अप्रैल को मंडल के पैंतीपुर स्टेशन के पास से रेलवे के 255 स्लीपर चोरी हुए थे। इस मामले में आरपीएफ बुढ़वल में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। अरविंद कुमार सहित अन्य के खिलाफ यह मामला दर्ज हुआ था। मामले की जांच पोस्ट कमांडर, रेलवे सुरक्षा बल बुढ़वल अजमेर सिंह यादव को मिली थी। उन्होंने मामले की जांच-पड़ताल की और एक दिन बाद 11 अप्रैल को लखनऊ जंक?शन की आरपीएफ क्राइम ब्रांच टीम के साथ कार्रवाई की।आरपीएफ टीम ने चंदारी, कानपुर स्थित फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) से चोरी के स्लीपर बरामद किए। टीम ने बताया कि 255 रेलवे स्लीपर बरामद किए गए, जिनकी कीमत लगभग 8,16,000 रुपये है। चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान दो ट्रकों में लदे हुए स्लीपर बरामद किए गए। एक ट्रक यूपी 82 एटी 3157 में 105 और दूसरे ट्रक संख्या यूपी 25 डीटी 1320 में 150 रेलवे स्लीपर जब्त किए गए। चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने पूछताछ में बताया कि चोरी किए गए स्लीपरों को फर्जी चालान के जरिए देवी मां शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी को आपूर्ति के लिए एफसीआई गोदाम चंदारी भेजा गया था। फर्जी चालान पाटिल रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड बुढ़वल के नाम से तैयार किया गया था। आरपीएफ से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पैंतीपुर स्टेशन के पास से जिन स्लीपरों को चोरी किया गया था उनका इस्तेमाल एफसीआई गोदाम के लिए नया ट्रैक बिछाने में होना था। इससे नया ट्रैक बनता जिससे एफसीआई गोदाम तक लदान व उतरान हो सके।

# मायावती ने भतीजे आकाश को किया माफ, निष्कासन किया रद्द

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में वापस लेने का

**समधी को पार्टी में वापस लेने से किया साफ इंकार**

फैसला लिया है। आकाश के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक तौर से माफी मांगने पर बुआ मायावती भतीजे पर पिघल गई हैं। उन्होंने आकाश को माफ कर दिया है। यानी अब आकाश आनंद की पार्टी में वापसी का रास्ता साफ हो गया है। उनका निष्कासन मायावती ने रद्द कर दिया है। आज संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती है और ऐसे में एक बार फिर आकाश आनंद अपनी बुआ के साथ मंच साझा करते हुए नजर आ सकते हैं। हालांकि मायावती अपने एक फैसले पर अडिग हैं और किसी भी कीमत पर आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी में वापस नहीं ले रही हैं। बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि अशोक की गलतियां अक्षम्य हैं, इसलिए उन्हें पार्टी में वापस लेने का सवाल ही पैदा नहीं होता। बता दें कि बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और अपनी बुआ मायावती से माफी मांगी थी। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने पोस्ट किया था कि बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की चार बार रही मुख्यमंत्री और लोकसभा व राज्यसभा की भी कई बार सांसद रहीं मायावती को मैं अपना दिल से एकमात्र राजनीति गुरु और आदर्श मानता हूं। आज मैं प्रण लेता हूं कि बहुजन समाज पार्टी के हित में अपने रिश्ते नातों को और खासकर अपने ससुराल वालों को कतई भी बाधा नहीं बनने दूंगा। यही नहीं बल्कि कुछ दिनों पहले किए गए अपने ट्वीट के लिए भी माफी मांगता हूं, जिसकी वजह से बहन जी ने मुझे पार्टी से निकाल दिया है। आगे से इस बात को सुनिश्चित करूंगा कि मैं अपने किसी भी राजनीतिक फैसले के लिए किसी भी नाते रिश्तेदार और सलाहकार की कोई सलाह मशविरा नहीं लूंगा और सिर्फ बहन जी के दिए दिशा निर्देशों का ही पालन करूंगा। पार्टी में अपने से बड़ों की और पुराने लोगों के भी पूरी इज्जत करुंगा और उनके अनुभवों से भी काफी कुछ सीखूंगा। बहन जी से अपील है कि वह मेरी सभी गलतियों को माफ करके मुझे फिर से पार्टी में कार्य करने का मौका दें। इसके लिए मैं सदैव उनके आभारी रहूंगा, साथ ही अब मैं ऐसी कोई भी गलती नहीं करूंगा जिससे पार्टी और बहन जी के आत्म सम्मान व स्वाभिमान को ठेस पहुंचे। बता दें कि तीन मार्च को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, आकाश आनंद की बुआ मायावती ने भतीजे आकाश को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया था क्योंकि उन्हें जानकारी मिल रही थी कि आकाश आनंद अपने ससुर डॉ. अशोक सिद्धार्थ के कहने पर चल रहे हैं।



## आनंद के माफी मांगने पर बुआ मायावती का पोस्ट

भतीजे आकाश आनंद के माफी मांगने पर बुआ मायावती ने पोस्ट किया कि आकाश आनंद ने एक पर आज अपने चार पोस्ट में सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानने और सीनियर लोगों का पूरा आदर सम्मान देने के साथ ही अपने ससुर की बातों में आगे नहीं आकर बीएसपी और मूवमेंट के लिए जीवन समर्पित करने के मद्देनजर इन्हें एक और मौका दिए जाने का निर्णय लिया है। वैसे अभी मैं स्वस्थ हूं और जब तक पूरी तरह से स्वस्थ रहूंगी पार्टी के संस्थापक कांशीराम की तरह पार्टी और मूवमेंट के लिए पूरे जी जान और तन मन से समर्पित रहकर कार्य करती रहूंगी। ऐसे में मेरा उत्तराधिकारी बनाने का कोई प्रश्न नहीं उठता। मैं अपने निर्णय पर अटल हूं और रहूंगी। वैसे पार्टी से निष्कासन के बाद आकाश अपनी तमाम गलतियों के लिए माफी मांगने और ऐसी गलती नहीं करने को लेकर लोगों से लगातार संपर्क करता रहा है और आज उसने सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानते हुए अपने ससुर की बातों में अब आगे नहीं आने का संकल्प व्यक्त किया है, लेकिन आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ की गलतियां अक्षम्य हैं।

# राज्य स्तरीय 'जय भीम पदयात्रा' को योगी सरकार के मंत्री ने दिखाई हरी झंडी, पढ़ी संविधान की प्रस्तावना

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** लखनऊ स्थित मरीन ड्राइव चौराहा से रविवार को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने राज्य स्तरीय 'जय भीम पदयात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पदयात्रा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के पूर्व दिवस पर आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्य में युवाओं ने हिस्सा लिया। मंत्री ने युवाओं के साथ कदम मिलाते हुए मरीन ड्राइव चौराहा से अम्बेडकर स्मृति स्थल तक पदयात्रा की, जो सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उच्च शिक्षा मंत्री ने सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल पर डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि के साथ यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को उपस्थित जनसमूह के समक्ष रखा. इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर न सिर्फ भारत के संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक, चिंतक और न्यायप्रिय नेता भी थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख साधन माना। उन्होंने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का संदेश दिया था, वही आज के युवाओं के लिए सबसे बड़ा पथप्रदर्शक है. उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रकृति में आरंभ से ही सामाजिक समरसता और समता का भाव रहा है। डॉ. आंबेडकर ने इस विचार को संविधान में मूलभूत अधिकारों और कर्तव्यों के माध्यम से सशक्त किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भारत एक है और हमें समतामयी, ममतामयी समाज की स्थापना करनी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में 'जय भीम पदयात्रा' जैसे आयोजनों के माध्यम से डॉ आंबेडकर के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। यह पदयात्रा केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक जन-जागरण अभियान है जो युवाओं को सामाजिक समता, बंधुत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरित करती है। यह राज्य स्तरीय पदयात्रा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की संस्था माय भारत के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। मार्ग में युवाओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए संविधान और सामाजिक न्याय के संदेश को जनमानस तक पहुंचाया।




## जेवर हवाई अड्डे और ग्रेटर नोएडा के बीच जल्द शुरू होगी नई बस सेवा

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** उत्तर प्रदेश राज्य सडक़ परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) जेवर हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा के परी चौक तक एक नई बस सेवा शुरू करने जा रहा है। इसका उद्देश्य यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ईडा) क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, यह पहल जेवर हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा के बीच बस सम्पर्क को मजबूत करने और तेजी से विस्तार कर रहे क्षेत्र में विकास को रफ्तार देने की एक व्यापक योजना का हिस्सा है। ईडा क्षेत्र में तीन नए बस मार्गों की पहचान की गई है, जिसमें जेवर हवाई अड्डे और परी चौक के बीच 42 किलोमीटर का हिस्सा शामिल है। इस मार्ग से स्थानीय निवासियों और जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

# रेलवे ने बहाल की पूर्व में निरस्त ट्रेन



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व में निरस्त की गई गाड़ियों का संचालन बहाल कर दिया गया है। ये गाड़ियाँ पूर्ववत निर्धारित समय एवं ठहराव के अनुसार चलाई जायेंगी। ये जानकारी रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### निरस्त रहेगी बढ़नी-गोंडा-बढ़नी डेमू

गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन के लिए किये जा रहे नॉन इंटरलॉकिंग के दौरान 75107/75108 बढ़नी-गोंडा-बढ़नी डेमू गाड़ी 23 अप्रैल से बढ़नी-नकहा जंगल-बढ़नी के मध्य निरस्त रहेगी।

### संचलन बहाल की जाने वाली गाड़ियाँ

- गोण्डा से चलने वाली 55033 गोण्डा-सीतापुर सवारी गाड़ी का संचलन 14 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है।
- सीतापुर से चलने वाली 55059 सीतापुर-शाहजहाँपुर सवारी गाड़ी का संचलन 14 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है।
- शाहजहाँपुर से चलने वाली 55060 शाहजहाँपुर-सीतापुर सवारी गाड़ी का संचलन 14 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है।
- सीतापुर से चलने वाली 55034 सीतापुर-गोंडा सवारी गाड़ी का संचलन 14 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है।
- गोण्डा से चलने वाली 55091 गोंडा-सीतापुर सिटी सवारी गाड़ी का संचलन 14 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है।
- सीतापुर सिटी से चलने वाली 55092 सीतापुर सिटी-गोंडा सवारी गाड़ी का संचलन 15 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है।
- 75107 बढ़नी-गोंडा डेमू गाड़ी, 75109 गोंडा-बहराइच डेमू गाड़ी, 75110 बहराइच-गोण्डा डेमू गाड़ी 75113 गोण्डा-बहराइच डेमू गाड़ी, 75114 बहराइच-गोंडा डेमू गाड़ी एवं 75108 गोंडा-बढ़नी डेमू गाड़ी का संचलन 23 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है।

# कार–ट्रेलर की टक्कर से बैंक मैनेजर व इंजीनियर समेत पांच की मौत

» लखनऊ का रहने वाला था परिवार
» मृतका गोमतीनगर बैंक ऑफ बड़ोदा ब्रांच में थी तैनात
» लखनऊ से मैनपुरी फिर खाटू श्याम के लिए निकले थे
» एक ही हादसे में पूरा परिवार खत्म हो गया









प्रियांशी   अभिषेक   सत्य प्रकाश (6 महीने की पोती)   रामा देवी

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** शादी समारोह फिर बर्थडे पार्टी में शामिल होने गए परिवार की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिवार लखनऊ से मैनपुरी फिर खाटू श्याम के लिए कार से निकला था। जमवारामगढ़ में रविवार सुबह ट्रेलर-कार की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियर, उसकी बैंक मैनेजर पत्नी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी लोग एक ही परिवार के थे। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर रोड से नीचे उतरकर पलट गया। कार से शवों को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। रायसर थाना अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया- हादसा सुबह करीब 8 बजे मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर हुआ है। लखनऊ के रहने वाले सत्य प्रकाश (60), उनकी पत्नी रामा देवी (55), बेटा अभिषेक (35), बहू प्रियांशी (30) और 6 महीने की पोती वर्ना कार से खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए निकले थे। इसी दौरान नेकावाला टोल के पास कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में पूरा परिवार खत्म हो गया। कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पांचों कार में बुरी तरह फंस गए थे। हादसे की सूचना पर रायसर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आशंका है कि ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा हुआ है।

### चचेरे भाई आदित्य प्रकाश सिंह ने बताया

सभी लोग कार से बीते 12 अप्रैल की शाम 5बजे मैनपुरी के लिए निकले थे। वहां चाचा की बेटी की शादी थी। बहन के बेटे का जन्मदिन था। सभी लोग रातभर रुके थे और बर्थडे सेलिब्रेट किया। दूसरे दिन सुबह खाटू श्याम के लिए निकले थे। खाटू श्याम से 70 किमी पहले कार सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। सुबह वहां से फोन आया, तब जाकर हमें हादसे की जानकारी मिली। मृतक अभिषेक और प्रियांशी की शादी 29 नवंबर 2022 को हुई थी। हादसे के वक्त अभिषेक सिंह गाड़ी चला रहे थे। अभिषेक का बड़ा भाई हिमांशु प्राइवेट जॉब करता है। उसकी पत्नी ज्योति और बेटा जियांशु है।

### गोमतीनगर बैंक में मैनेजर थी मृतका प्रियांशी

प्रियांशी बैंक ऑफ बड़ौदा की गोमतीनगर ब्रांच में मैनेजर थी। सत्य प्रकाश मल्टीनेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। बच्ची का नामकरण नहीं हुआ था, हालांकि घर के लोग उसे श्री कहकर बुलाते थे। हाल ही में बच्ची का मंथली बर्थडे मनाया गया था।

## ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक और डम्फर में टक्कर, एक की मौत

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** उतरेटिया के शहीद पथ पर रविवार की सुबह करीब 4:30 बजे ओवरटेक करने के दौरान आगे चल रहे ट्रक में डंपर पीछे से घुस गया। हादसे में डंपर चालक हरदौल प्रजापति बुरी तरह से केबिन में फंस गया। जबकि साथ मौजूद 10 वर्षीय बेटा घायल हो गया। घटना पीजीआई कोतवाली क्षेत्र की है। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर पीजीआई के अपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हमीरपुर जनपद के भरवा सुमेरपुर निवासी 35वर्षीय हरदौल प्रजापित डंपर चलाता था। रविवार की सुबह वह 10वर्षीय बेटे आदर्श के साथ बालू लादकर जा रहा था। उतरेटिया में शहीद पथ पर ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान डंपर आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि हरदौल केबिन में ही फंस गया। वहीं, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पिता को घायल देख बेटे ने किसी तरह अन्य वाहन चालकों की मदद से घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया। सफतला नहीं मिलने पर दमकल को सूचना दी गई। दमकल और पुलिस टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद चालक को निकालकर अस्पताल भेजा जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रक चालक फरार है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## बंथरा में मृत मिले युवक की हुई शिनाख्त, हत्या की आशंका

» पत्नी से मिलने गया था फिर नहीं लौटा
» पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** बंथरा में बीते बुधवार को मृत मिले अज्ञात युवक की पहचान हो गई है। वह बंथरा के ही लोनहा गांव में रहने वाला पुताई मजदूर कन्हैयालाल रावत (35) था। कन्हैया की मौत हो गई है। रविवार को उसकी पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। बाद में परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। उन्होंने मृतक के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताते चले कि बीते बुधवार को बंथरा के नारायणपुर-फतेहगंज रोड स्थित अमावॉ तिराहा के पास जंगल में दोपहर को एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक बीच सड़क पर लहूलुहान हालत में मरणासन पड़ा मिला था। राहगीरो ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को देकर उसे सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां गंभीर हालत में उसे लोक बंधु अस्पताल भेज दिया गया। लेकिन लोक बंधु अस्पताल में उसकी मौत हो गई। बाद में उसे लावारिस में पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू भेज दिया गया। बंथरा के लोनहा निवासी ओमप्रकाश रावत ने बताया कि उसका भाई कन्हैयालाल (35) पुताई मजदूर था। वह 9 अप्रैल को अपनी ससुराल हरौनी गया था। लेकिन 2 दिन बाद भी नहीं लौटा तो 11 अप्रैल को परिजनों ने बंथरा थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। वहीं अमावॉ तिराहे के पास मरणासन हालत में मिले अज्ञात युवक की खबर छपने के बाद सोशल मीडिया के जरिए ओमप्रकाश को जानकारी हुई। ओमप्रकाश का कहना है इसके बाद वह बंथरा थाने पहुंचा, तब पुलिस ने कृष्णा नगर पुलिस से संपर्क करने को कहा। इसके बाद कृष्णा नगर पुलिस से संपर्क कर रविवार को परिजन केजीएमयू मर्चरी पहुंचे और उसकी पहचान कन्हैया लाल के रूप में की। ओमप्रकाश का कहना है कि जब परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने बंथरा थाने गए थे, अगर तभी पुलिस बता देती कि अज्ञात युवक बेहोशी हालत में मिला है तो हम लोगों को जानकारी हो गई होती और उसकी पहचान हो जाती। फिलहाल परिजनों ने कन्हैया लाल के ससुराल वालों पर हत्या कर फेंकने का आरोप लगाया है। ओमप्रकाश का कहना है कि 13 वर्ष पहले कन्हैया की शादी हरौनी निवासी किरन के साथ हुई थी। उसके एक बेटा और एक बेटी भी है। लेकिन किरन से आए दिन कन्हैया से विवाद होता रहता था। बीती शिवरात्रि को लड़ाई झगड़ा होने के बाद किरन अपने मायके चली गई थी और दोनों बच्चों के साथ वही रह रही थी। इसके बाद कई बार कन्हैया ससुराल गया तो उसके ससुर और सालों ने उसकी पिटाई की। बताया कि कन्हैया 9 अप्रैल को अपनी पत्नी से मिलने के लिए ससुराल पैदल गया था। उसके बाद फिर वापस घर नहीं लौटा।

## डीलरशिप के नाम पर ठगी, मुकदमा दर्ज

» पुलिस तफ्तीश करने में लगी हुई है
» दो लाख रुपये हड़पने का आरोप

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** गोसाईंगंज में जाली दस्तावेज के माध्यम से डीलरशिप ने नाम पर ठगी करने वालो के खिलाफ एक महिला ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता नन्दनी जायसवाल पत्नी मुकेश जायसवाल निवासिनी ग्राम सलेमपुर, कोतवाली गोसाईगंज की रहने वाली है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मेसर्स सिल्व लाईन पावर स्टेशन प्राईवेट लिमिटेड के प्रबन्धक कार्यालय खान कम्पाउण्ड वसई काटा गला एक्स-1 पल्हर वसई ईस्ट पालघर महाराष्ट्र कम्पनी के कंट्री हेड एसके सिंह से बैट्री स्कूटी के विक्रय हेतु डीलरशिप प्राप्त करने के लिए उससे बात चीत की थी। जिस पर कम्पनी के एमडी सत्यापानी व उनके अन्य कर्मचारियों ने पीड़िता को तरह-तरह के फायदे बताये और कहा कि आप इस कम्पनी के खाते में रूपया दो लाख भेज दो जिस पर विश्वास करके नन्दनी ने अपनी फर्म मेसर्स नन्दनी इण्टर प्राईजेज सलेमपुर, गोसाईगंज के खाते से उनके खाते में रुपया दो लाख भेज दिया। जिस पर एकाउंटेट शुभम् ने बताया गया कि आपका रूपया कम्पनी को प्राप्त हो गया है। रूपया भेजने के बाद कम्पनी के एमडी सत्यापानी ग्रह, वरुण सिंह व उनके अन्य कर्मचारियों ने रूपया हड़पने व बेईमानी की नियत से बताया कि भव्य शोरूम बनाया जाये व उनकी कम्पनी की गाड़ियां ही विक्रय की जाये। पूर्व में किये जा रहे व्यवसाय की पूरी तरह से बन्द कर दिया जाये व बैट्री स्कूटी के विक्रय हेतु डीलरशिप के लिए रूपये पांच लाख दिया जाये व अन्य शर्तो के पाबन्ध होने की बात बतायी गयी। इस पर शोरूप व अन्य व्यवसास बन्द करने से इन्कार कर दिया। इससे बात बिगड़ गयी। पीड़िता के अपने रुपये वापस मांगने पर कम्पनी के जिम्मेदार आनाकानी करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता ने गाली-गलौज की और धमकी दी है। पुलिस इस मामले में तहकीकात करने में लगी हुयी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अन्दर मिला युवक का शव

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** राजधानी के गोमतीनगर इलाके में शनिवार को एक युवक की किराए के मकान के कमरें में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। लोगों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। हालांकि पुलिस ने इससे इनकार किया है। बताया जा रहा है कि परिजानों सुचित कर दिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इनतजार है। जिससे मौत के कारणों की सही जानकारी मिल सके। गोमतीनगर पुलिस ने बताया कि शानिवार को उन्हे सूचना मिली की एक व्यक्ति जो कि 3/122, विश्वास खण्ड, गोमतीनगर में किराये पर रहता है और ने अपने किराये के मकान के कमरे को बन्द किया है और कोई जवाब नहीं दे रहा है। इस सूचना पर पीआरवी व थाने की पुलिस मौके पर गई। जहां मकान मालिक नरेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव मिले और उन्होनें घटना बतायी। पुलिस का कहना है कि मकान मालिक के समक्ष कमरे का दरवाजा तोड़ा गया जो उपर से कुण्डी बन्द था। अन्दर जाकर देखा गया तो बिस्तर पर मृत अवस्था में युवक पड़ा था। मकान मालिक नरेन्द्र प्रताप ने बताया गया कि मृत युवक का नाम सच्चिदानन्द राय पुत्र मनोहर कुमार राय उम्र 28वर्ष निवासी कालीपुर पकड़ी वार्ड नम्बर-15 पोस्ट बसार मच्छहा सीतामढ़ी बसार सीतामढ़ी बिहार जो लगभग चार माह से किराये पर रह रहा था।

## परिवार के साथ गांव गई महिला के घर चोरी

» फटकार के बाद दर्ज हो सकी एफआईआर
» सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके की घटना



ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में साईदाता रोड पर रहने वाली महिला के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर शातिर चोरों ने लाखों के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। शनिवार को घर लौटी महिला को जब चोरी की घटना का पता चला तो उसने सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता उषा देवी, पति, अवधेश कुमार पांडे, ने बताया कि वह एच-5, कृष्णा विहार कॉलोनी, साईदाता रोड, अर्जुनगंज, थाना सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ में रहती हूँ। उंन्होने बताया कि होली के दिन 14 मार्च को मकान में ताला बंद कर अपने गांव बक्सर गया थी। इसी दौरान हमारे घर में चोरी हुई। पीड़िता ने घटना 19 मार्च समय 1:30 पूर्वाह्न से 3:30 पूर्वाह्न के बीच हुई। उन्होंने बताया कि हमारे पड़ोसी प्रमोद कुमार राय ने 20 मार्च 2025 गुरुवार को मोबाइल पर बताया कि छत का ग्रिल काट कर चोरी हुई है, तो तुरंत हम लोग लखनऊ पहुंच गए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि लखनऊ पहुंचने के बाद हम लोग हम लोग घर के अंदर आये तो सभी सामान बिखरा पड़ा था। दोनो अलमारी लॉकर तोड़े गए थे और सोने चांदी के गहनें और 1.34 लाख रुपए गायब थे। पीड़िता ने मुताबिक उंसके घर से करीब 25 लाख की जेवरात व नकदी चोरी हुई।

### पुलिस ने टरकाया, नहीं दर्ज की थी रिपार्ट

पीड़िता ने बताया कि गांव से वापस आने के बाद स्थानीय थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पहुंची और घटना से अवगत कराया लेकिन पुलिस ने टरका दिया। कई बार पुलिस स्टेशन गई, लेकिन पुलिस इतने दिन बीत जाने के बाद आने की बात कहकर मामला दर्ज नहीं किया। थाने से हमें सहयोग न मिलने के बाद पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की जिसके बाद फटकार लगने के बाद बीते 12 अप्रैल को पीड़िता की तहरीर के आधार पर शातिर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो सका। पुलिस ने कहा है कि सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जिससे आरोपियों की पहचान हो सके।

## कार का ब्रेक फेल होने से ट्रैक्टर में टकराई, बाल-बाल बचे यात्री




**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** सरोजिनीनगर इलाके के शहीद पद पर एक इनोवा कार का अचानक ब्रेक फेल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गयी। इससे उस पर सवार पांच यात्री बाल-बाल बच गए । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। सरोजिनीनगर क्षेत्र के शहीद पथ रोड से होते हुए इनोवा चालक प्रहलाद कुमार फरीदाबाद जा रहा था। तभी चालक ने अपनी इनोवा कार नम्बर एचआर51 एआर4486 में ब्रेक मारी, जिससे कार की ब्रेक फेल हो गई और अनियंत्रित होकर सीधा एक ट्रैक्टर टाली में जा घुसी। कार में सवार पांच लोगों में महिला व पुरुष भी शामिल थे। जो इस हादसे में बाल-बाल बचे। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली की गलती ना होने के कारण उसे जाने दिया गया, जबकि इनोवा कार को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### उल्टी दिशा से चल रही बाइक ने युवक को मारी टक्कर, पैर टूटा

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में उल्टी दिशा से चल रहे बाइक सवार ने युवक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में युवक के पैर की हड्डी टूट गई। पीड़ित ने थाने पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बंथरा कस्बा निवासी राजू पुत्र स्वर्गीय हरि प्रसाद ने पुलिस को बताया कि 11 अप्रैल को शाम 4बजे बंथरा स्थित यूको बैंक के सामने सड़क पार कर रहा था, तभी इसी दौरान एक बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल संख्या यूपी 32 एफपी 6365 जो कि उल्टी दिशा से चल रही थी उसके चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में गंभीर रूप से घायल होकर उसके एक पैर की हड्डी टूट गई। जिसे पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद मोटर साइकिल सवार मौके से भाग निकला।

## गाली-गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** सरोजनीनगर इलाके में एक विवाहिता ने बताया कि गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की घटना उसके साथ हुयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जांच-पड़ताल करने में लगी हुयी है। सरोजनीनगर कोतवाली स्थित गौरी चौराहा निवासी चांदनी पत्नी संजय ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी बीते दो जनवरी-24 को हुई थी। शादी के बाद से ही संजय शराब के नशे में छोटी-छोटी बात को लेकर गाली-गलौज करने, मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देते है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर तहकीकात करने में लगी हुयी है।

## मामूली बात को लेकर हुई मारपीट

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** गोसाईगंज कोतवाली इलाके में मामलू कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुयी। पुलिस ने बताया कि कबीरपुर, कोतवाली गोसाईगंज की रहने वाली रोशनी ने गोसाईगंज में मामूली बात पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि 11 अप्रैल को रात करीब 7बजे पीड़िता से घरेलू बातों को लेकर हुई कहासुनी के कारण उनके पति राम बाबू को विपक्षीगण अरून पुत्र चन्दन व सीमा पत्नी चंनदन निवासीगण ग्राम कबीरपुर, कोतवाली गोसाईगंज ने गन्दी-गन्दी गालियां देकर लात घूसों से गिरा गिरा कर मारा पीटा। जिससे कि पीड़िता के पति को चोटे आई है। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर विपक्षीगण लोगों ने पीड़ित को भी डण्डो से मारा पीटा। जिससे कि उनके शरीर पर काफी चोटे आई है। आरोप है कि पीड़िता जब अपने बचाव में घर के अन्दर भागी तो विपक्षीगण उनके घर के अन्दर घुसकर उनको मारापीटा व जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गये। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच-पड़ताल करने में लगी हुयी है।

## एटीएम कार्ड का 'क्लोन' तैयार कर ठगी करने वाला गिरफ्तार

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** एसटीएफ ने एटीएम कार्ड का 'क्लोन' तैयार कर खाते से रूपये निकालने वाले शातिर को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने बताया कि दिलशाद खान पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम तिलौरी, लीलापुर, प्रतापगढ़। (सरगना) है। इसके साथी मो. मोहसिन पुत्र मो.मोवीन निवासी ग्राम बासुपुर, लीलापुर, प्रतापगढ़ को पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे से बैग, मोबाइल फोन, आधार कार्ड व नगदी बरामद हुआ है। महाराष्ट्र के पालघर में एटीएम कार्ड बदलकर खाते से रूपये निकालकर धोखाधड़ी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। वहां की पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिये यूपी एसटीएफ ने मदद मांगी थी। पुलिस ने टीमें गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया गया कि एटीएम बदलकर खाता धारकों के खाते से रूपये निकालने का उनका अन्तर्राज्यीय गिरोह है, जिसका सरगना दिलशाद खान है, जो अपने आर्थिक लाभ के लिये पिछ्ले कई वर्षो से अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर लोगों को धोखा देकर उनका एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से पैसे निकाल लेते हैं। यह लोग ऐसे एटीएम बूथ की तलाश करते है, जहां पर 'गार्ड' नियुक्त न हो और पैसे निकालने वाले लोगो की भीड़ हो। यह लोग ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाते हैं जो देखने में कम पढ़े लिखे,उम्र दराज प्रतीत होते हैं। उनके पीछे खड़े हो जाते थे और मदद करने के बहाने अपने पास रखे क्लोन एटीएम कार्ड से उनके एटीएम कार्ड को बदल लेते है तथा उस व्यक्ति के पीछे खड़ा होकर एटीएम पिन कोड देख लेते है, जिसके बाद अलग-अलग स्थान में जाकर उस एटीएम कार्ड से खाता धारक के खाते का सारा पैसा निकाल लेते है और आपस में बॉट लेते थे। दिलशाद ने यह भी बताया गया कि वर्ष 2022 में उसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर वाराणसी के एसबीआई एटीएम से भी एटीएम कार्ड बदलकर रूपये निकाले गये तथा राजस्थान के भिलवाड़ा जिले में इसके द्वारा रूपये निकाला गया था।

## दहेज को लेकर विवाहिता को ससुरालीजनों ने पीटा

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** बंथरा कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति सहित आधा दर्जन ससुराली जनों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर रात में घर से निकालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुट गई है। बंथरा क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी खलील अहमद अपनी पुत्री काजल बानो की शादी 4 नवंबर 2019 को उन्नाव के असोहा क्षेत्र के मुसंडी गांव निवासी इरफान पुत्र मोहम्मद सुलेमान के साथ की थी शादी के बाद एक दो बार आना जाना हुआ तभी इसी दौरान विवाहिता महिला काजल बानो ने अपने पति इरफान व ससुर मोहम्मद सुलेमान सांस रोशन जहां नंद शबनम नाजिया व एक विवाहिता नंद रुबीना व इसका पति रफीक लोगों ने दहेज में चेन, वाशिंग मशीन व हजारों रुपये की मांग की थी। जिस पर विवाहिता ने देने में समर्थ जताई।

## प्लासियों मॉल घूमने आए व्यक्ति को लोगों ने धुना

» लोहिया अस्पताल में भर्ती, मुकदमा दर्ज
» सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके की घटना

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में स्थित अहिमामऊ फीनिक्स प्लासियों मॉल घूमने आए व्यक्ति की चार लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। इससे वह व्यक्ति बेहोश हो गया। जिसे मॉल प्रशासन ने इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत में सुधार है। पीड़ित की पत्नी को जब घटना की जानकारी हुई तो पति से अस्पताल में मिलने के बाद चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित के परिवार को अरोप है कि मारपीट करने वालो को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नही कर सकी। इस मामले में पीड़ित की पत्नी सीमा ने बताया कि सन्दीप यादव निवासी सुप्पा राउज बुलाकी अण्डा बाजार खाला लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने ने पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम मुझे सूचना मिली कि उनके पति सन्दीप यादव के साथ प्लासियो मॉल में मारपीट हुई है। उन्होंने बताया की वह प्लासियो मॉल पहुंची तो वहां के गार्डो ने बताया कि उनके पति को 4-5 लोगो ने बुरी तरह मारापीटा है जिससे वह बेहोश हो गये। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने बताया कि लोहिया अस्पताल पहुंची तो उनके पति इमरजेन्सी में बेहोशी की हालत मे बेड पर लेटे मिले। डाक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा था । डाक्टरो ने उनके पति की हालत गम्भीर बताई है। प्लासियों मॉल के गार्डो ने मार पीट करने वालों के नाम ओम यादव, आनन्द प्रताप, दुर्गेश गुप्ता व रवि दुबे बताया है। घटना के बाद पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया। लेकिन आरोपियों को गिराफ्तार नही कर सकी।

### प्लासियों मॉल के गेट पर ही पुलिस बूथ फिर भी नहीं पहुंची पुलिस

प्लासियों शॉपिंग मॉल के पास सुशान्त गोल्फ सिटी का पुलिस बूथ भी है। जहां लगभग कोई न कोई पुलिस कर्मी तैनात रहता है। लेकिन मारपीट के दौरान मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। पुलिस की उदासीनता के कारण पूर्व में भी कई मारपीट की घटनाएं हो चुकी है। सूत्रों की माने तो प्लासियों मॉल में करीब आधा घंटे बवाल चला लेकिन कोई कोई पुलिस कर्मी मौके पर नही पहुंचा। सिर्फ 112 मौके पर पहुंची और घायल पड़े व्यक्ति को अस्पताल ले गई।

# सड़क हादसे: ट्रक में लगे साइड व्यू मिरर का कांच टूटकर चार वर्षीय बच्चे की गर्दन में घुसा, मौत



**मथुरा।** जिले में दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक के केबिन में अपने पिता की गोद में बैठे चार साल के बच्चे की गर्दन में ट्रक का साइड व्यू मिरर का टुकड़ा टूट कर घुस गया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। जैंत थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अश्विनी कुमार ने बताया कि शनिवार को राजमार्ग पर चौमुहां कस्बे के समीप से एक ट्रक दिल्ली की ओर से आगरा की तरफ जा रहा था तथा उसमें आगरा के बाह थाना क्षेत्र के गांव जरार का निवासी राकेश अपने चार वर्षीय पुत्र प्रिंस को गोद में लेकर केबिन में बैठा हुआ था। वह राजस्थान के भिवाड़ी से अपने गांव लौट रहा था। एसएचओ ने बताया कि जब ट्रक आझई गांव के निकट से गुजर रहा था, तभी ट्रक चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया तथा उसी वक्त दूसरे ट्रक से रगड़ लगने पर उस ट्रक का साइड व्यू मिरर का कांच टूटकर केबिन में बैठे बच्चे की गर्दन में घुस गया जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर बच्चे का शव उसके पिता को सौंप दिया। इस मामले में देर शाम तक कोई तहरीर न मिलने के कारण मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** जिले के तितावी क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तितावी थाना क्षेत्र में पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर लालूखेड़ी गांव के पास शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में मोटरसाइकिल सवार युवकों तुषार (22) पुत्र मनोज कुमार और तुषार (21) पुत्र अमित कुमार की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक मुजफ्फरनगर से शामली लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक अपना वाहन छोड़कर भाग गया। इस मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## रोडवेज और निजी बस की आमने-सामने की टक्कर, 30 यात्री घायल

**संभल।** जिले के नखासा क्षेत्र में एक रोडवेज बस और एक निजी बस की आमने-सामने की टक्कर में 30 यात्री घायल हो गए। संभल की उप जिलाधिकारी (एसडीएम) वंदना मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि नखासा थाना क्षेत्र में संभल-हसनपुर मार्ग पर सिंह पुर गांव के पास एक रोडवेज बस और एक निजी बस की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में 30 यात्री घायल हो गए तथा उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसडीएम के मुताबिक, उनमें से गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों तौसीफ (35), नीरज (32) और उमर (34) को मुरादाबाद के अस्पताल भेजा गया है। मिश्रा ने बताया कि बाकी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।**(भाषा)**

## सड़क हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दो भाइयों की मौत

बिजनौर। जिले के स्योहारा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से दो भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। स्योहारा थाना के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि शनिवार देर शाम गांव गोवर्धनपुर निवासी महेन्द्र (40) अपने छोटे भाई भूपेन्द्र (30) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर खेत से घर लौट रहा था, तभी सुल्तानपुर के सामने तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।**(भाषा)**

# सीएचसी जैदपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति काफ़ी चिंताजनक

» प्रसव पीड़ा से परेशान महिला को महिला कर्मचारी नहीं होने से नहीं मिल सका इलाज




**जैदपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** जैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओ की स्थिति काफ़ी चिंताजनक हो गई है। रविवार को एक ऐसा ही गंभीर मामला सामने आया जब प्रसव पीड़ा से परेशान एक महिला को इलाज नहीं मिल सका। अस्पताल में न तो एमरजेंसी में तैनात एएनएम मौजूद थी और न ही कोई महिला डॉक्टर। मरीज के पति ने बताया कि वह घंटों तक अस्पताल में इंतजार करते रहे। कई बार पूछताछ की लेकिन कोई भी महिला स्वास्थ्यकर्मी नहीं मिली। हालांकि एमरजेंसी में तैनात डॉक्टर हेमंत ने महिला कर्मचारी को फोन पर मामले को अवगत कराया तब तक मरीज वापस अन्य अस्पताल जा चुका था। विकास खंड हरख क्षेत्र के इस स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला कर्मचारियों की लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखाई दी। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद मरीज को मजबूरन दूसरे अस्पताल जाना पड़ा। यह घटना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। एमरजेंसी सेवाओं में तैनात कर्मचारियों की अनुपस्थिति मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इस संबंध मे अधीक्षक सुशील सरोज ने बताया कि स्टाफ नर्स से हम काफी पीड़ित है जो समय से अस्पताल में नहीं आती है। काम भी नही करती है ऊपर से महिला होने का फायदा उठाकर दबाव बनाती है। जिसके लिये हमने आगे शिकायत भी की है। काफी वर्षो से यहां तैनात स्टाफ नर्स को पैसे लेने के लिये मना किया है।

# ज्ञान व जानकारी पर पकड़ बनाकर गरीबों वंचितों मजदूरों महिलाओं बच्चों व किशोरियों की पैरोकारी की जा सकती है : मनोज

ग्रुप 5 संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** सरकारी योजनाओं की पात्रता पत्रक एवं प्रक्रिया को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भितरीडीह में हुआ जहां पर पांच सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रतिभागिता कर केन्द्र व प्रदेश सरकार सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचाने का संकल्प लिया । किशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम व जन विकास केन्द्र भितरीडीह द्वारा आयोजित इस सूक्ष्म प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए मानवाधिकार कार्यकर्ता मनोज कुमार ने कहा कि ज्ञान व जानकारी पर पकड़ बनाकर गरीबों बचितो मजदूरों महिलाओं बच्चों व किशोरियों की पैरोकारी के लिए आज का प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगा। और जन सशक्तिकरण के लिए प्रभावी मजबूत व सक्रिय वातावरण का निर्माण होगा। केन्द्र सचिव गायत्री के निर्देशन व विधिक सलाहकार श्रीकांत त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक श्रीकांत त्रिपाठी ने लोगों को एंकल परिवार संयुक्त परिवार व विस्तारित परिवार की परिभाषा बताते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ योजना, पेंशन योजना, श्रमिक योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना, सुकन्या योजना, कन्या सुमंगला योजना, अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना की पात्रता पत्रक एवं प्रक्रिया के बारे में आवश्यक गुर सिखाए। साथ ही ग्रामीण विकास से संबंधित सोख्ता नाली सड़क खडंजा व मनरेगा के जरिए होने वाले ग्रामीण विकास की तकनीकि व्यवस्था पर लोगों को पैरोकारी करने का तरीका बताया। केन्द्र सचिव गायत्री ने संस्था के प्रायोजित क्षेत्र में लोगों की जरूरतो को पूरा करने व सरकार की योजनाओं से जोड़ने में समन्वयन बनाकर सरकार व समाज के साझे में कार्य करने की रणनीति तैयार किया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में निरकला गुलशन छोटेलाल अनुपम व विजेन्द्र ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सुनील सोनी व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष हुए नियुक्त




ग्रुप 5 संवाददाता

**बेलहरा बाराबंकी।** उद्योग व्यापार मंडल की एक सभा में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और स्वतंत्र प्रभार मंत्री सतीश चंद्र शर्मा की मौजूदगी मे नगर पंचायत बेलहरा निवासी भाजपा नेता सुनील सोनी को व्यापार मंडल बेलहरा का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुनील सोनी ने कहा मुझे जिस भरोसे के साथ यह जिम्मेदारी दी गई है मै उसको हर हाल में पूरा करूंगा। व्यापारियो के हित के लिए मैं हर वह लड़ाई लडूंगा जिससे व्यापारी वर्ग को कोई असुविधा न हो।श्री सोनी के मनोनयन पर उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी।

## घर में आग लगने से महिला और दो बच्चों की मौत

**बस्ती।** जिले के हरैया कस्बे में रविवार तड़के एक घर में आग लगने के बाद दम घुटने से एक महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना हरैया थाना क्षेत्र के सराफा मंडी की है जहां सुनील केसरवानी के तीन मंजिला मकान में अचानक आग लग गई। उसने बताया कि घर के अंदर अचेत अवस्था में मिले सुनील, उनकी पत्नी पूजा (30), उनकी बेटी सौरभी (चार) तथा तीन माह के बेटे बाबा को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि चिकित्सकों ने पूजा और दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया जबकि सुनील को बेहतर उपचार के लिए अयोध्या रेफर किया गया है। चिकित्सक डॉ. नंदलाल यादव ने बताया कि कमरे में ज्यादा धुआं भरने के कारण दम घुटने से मौत हुई है क्योंकि किसी के शरीर पर झुलसने के निशान नहीं मिले हैं। **(भाषा)**

# एक राष्ट्र एक चुनाव कराने से चुनावों के भारी खर्च में कमी आयेगी: कपिल देव वर्मा

**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** भाजपा नेतृत्व के निर्देशन और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन एवं एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के जिला संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के संयोजन में भाजपा जनपद में भारत के लोक तांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी,पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए एक राष्ट्र,एक चुनाव अवधारणा के समर्थन में सामाजिक जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम कर एक राष्ट्र,एक चुनाव की महत्व को जन जन को बताएगी। शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में कार्यक्रम जिला संयोजक कपिल देव वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम के सम्बन्ध में बैठक कर रूप रेखा बनाया गया। बैठक में बोलते हुए कपिल देव वर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव कराने से बार बार चुनाव में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होने और चुनावों की भारी खर्च में कमी आयेगी। सुरक्षाबलों, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों को बार बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा। आदर्श आचार संहिता के कारण विकास परियोजनाओं में जो अवरोध पैदा होता है उससे मुक्ति मिलेगी। सरकारें निर्बाध रूप से विकास कार्य कर सकेंगी। जिला कार्यालय अटल भवन में उपरोक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में सम्पन्न बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू,पंकज वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, भाजपा नेता नंद कुमार तिवारी राना,पूर्व सभासद ललित मोहन श्रीवास्तव, सभासद अतुल वर्मा, संजय वर्मा, नगर मीडिया प्रभारी उमा शंकर सिंह सोनू, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक सिंह यादव, मनीष वर्मा आदि शामिल रहे।




# वाराणसी में सपा कार्यकर्ता ने करणी सेना पर हमला करने का आरोप लगाया, प्राथमिकी दर्ज

**वाराणसी ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के एक कार्यकर्ता ने आरोप लगाया है कि करणी सेना के सदस्यों ने उसके घर के बाहर उस पर हमला किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस इस मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि इस मामले में कोई भी व्यक्ति करणी सेना से सम्बंधित नहीं है। सपा कार्यकर्ता हरीश मिश्रा ने आरोप लगाया है कि शनिवार दोपहर वह अपने घर के बाहर आशा महाविद्यालय के मोड़ पर खड़े थे, तभी उन पर कुछ लोगों ने अचानक चाकू से हमला कर दिया गया। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें हमलावरों से बचाया। उन्होंने दोनों हमलावरों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई की। मौके से पकड़े गए दो आरोपियों में से एक अविनाश मिश्रा ने कहा, मेरा किसी राजनीतिक दल या करणी सेना से कोई संबंध नहीं है। मैं मां करणी का पुजारी हूं। हरीश मिश्रा ने कुछ दिन पहले मां करणी के खिलाफ गलत बयान दिया था। अविनाश ने कहा, मैं अपने एक साथी के साथ उनसे यह पूछने गया था कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। इस पर वह और उनके साथियों ने हम पर हमला कर दिया। वाराणसी के अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) सरवन टी ने बताया कि सिगरा थाने के अंतर्गत शनिवार को दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस मामले में घटना स्थल से तीन लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और इनमें से किसी का भी करणी सेना से संबंध नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में खून से सने कपड़े में दिख रहे मिश्रा की एक तस्वीर साझा की है। यादव ने शनिवार शाम को अपने पोस्ट में कहा, समाजवादी पार्टी के प्रखर एवं आक्रामक वक्ता हरीश मिश्रा, जिन्हें बनारस वाले मिश्रा जी के नाम से जाना जाता है, पर चाकू से जानलेवा हमला अत्यंत निंदनीय है। उनके खून से सने कपड़े उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के पतन की निशानी हैं। सपा के हर कार्यकर्ता में ऐसे हमलों को झेलने की ताकत है। सपा प्रमुख ने कहा, देखते हैं कि उत्तर प्रदेश की तथाकथित सरकार के निष्क्रिय महकमे में इस घटना के बाद कोई हलचल होती है या नहीं।**(भाषा)**



# चेयरमैन द्वारा मरहूम मौलाना सिराज की याद में बा यादे क़मर मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न

» मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव डॉ हरि ओम ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** कल रात कस्बा फतेहपुर के सट्टी बाजार ग्राउंड मे स्व मौलाना सिराज अहमद क़मर की याद मे नगर पंचायत फतेहपुर के चेयरमैन इरशाद अहमद कमर द्वारा आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।मुशायरा मे मुख्य अतिथि के रूप प्रमुख सचिव व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यशीलता विभा डॉ हरिओम मे उपस्थित रहे। अध्यक्षता पिछले 26 वर्षो से दुबई की सरजमीं पर मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन कर भारत की आजादी का जश्न मनाने वाले सैयद सलाउद्दीन ने की। चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने मेहमानों को बुके एवं बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव डॉ हरिओम ने फीता काटकर उदघाटन किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सामाजिक कार्यो के लिए पंडित अखिलेश चन्द्र शास्त्री,राजेश पाठक को सम्मानित किया गया। जबकि स्व सैयद रजी हसन काजमी हसन मियां पूर्व चेयरमैन गनी हैदर, स्व. एडवोकेट मो जहूर को मरणोपरांत उनके सामाजिक कार्यो के लिए उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। मशहूर नाजिम ए मुशायरा प्रोफेसर नैयर जलालपुरी के संचालन में प्रातः काल तक चले मुशायरा व कवि सम्मेलन में शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। अनवर अमान ने पढ़ा - ये कितने सलीके से कर गया कोई, नज़र के रास्ते उतर गया कोई। राजेश विश्वकर्मा - मेरी सारी बलाओं को अपने सिर ले लेती,निकलता मै कभी घर से तो माथा चूमती है मां। ओम शर्मा ओम - खाक मे राज को दबा देंगे, शोर से साज को दबा देंगे,आप सोचेंगे सच को सच बोले, लोग आवाज दबा देंगे। हास्य कवि दमदार बनारसी ने जिस दिन से मेरी बीवी ने धमकाया है मुझे,उस दिन से मैने घर से नीला ड्रम हटा दिया। पढ़कर श्रोताओं को खूब हंसाया। कस्बा फतेहपुर की नुमाइंदा शायरा गुले सबा फतेहपुरी, हालात के बिगड़ने का एहसास तब हुआ, जब लोग मेरे घर के खरीदार हो गए। मनिका दुबे ने पढ़ा, शहर के शोर में वीरानियां है,यहां तुम हो मगर तन्हाइयां है। शहजादा कलीम ने हिंदू मुस्लिम एकता पर, ये हिंदुस्तान की मिट्टी है यहां तो इक चटाई पर मुसलमान हिन्दू बैठकर कर अफ़तारी करते हैं। पढ़कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। अज्म शाकरी ने पढ़ा, लहू आंखों में आकर जम गया, ये दरिया बहते बहते थम गया। शायर ताहिर फराज - मेरे आंसू अगर तेरी आंखों से मिल जाएं जितने मुरझाए हुए फूल है सब खिल जाएं। को खूब पसंद किया गया। असद नकवी नसीराबाद ने देश भक्ति से ओतप्रोत - हमने बस उसको ही सीने से लगा रखा है,जिसने भारत के तिरंगे को उठा रखा है। पढ़कर श्रोताओं की दाद लूटी। इसके अलावा डॉ अनु सपन, डॉ नदीम शाद एवं अन्य ने अपना कलाम पेश किया। समापन पर संयोजक डॉ फहीम अंसारी एवं मीडिया प्रभारी फहीम सिद्दीकी ने आए हुए मेहमानो एवं शायरो का आभार प्रकट किया।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान कोर्स सामग्री के नाम पर वसूले जा रहे हजारों रुपये

**जैदपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान है। स्कूलों द्वारा कोर्स सामग्री के नाम पर मनमाने दाम वसूलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामान के लिए स्कूल एक खास दुकान से खरीदारी का दबाव बनाते है। जहाँ महंगे दामों पर ये चीजें बेची जा रही हैं। जैदपुर निवासी एक अभिभावक ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि स्कूल द्वारा कोर्स की किताबें केवल एक विशेष दुकान से खरीदने को कहा जाता है और उस दुकान पर सिर्फ किताबों के ही 5 से 6 हजार रुपये लिए जा रहे है यह बोझ गरीब आदमी के लिए बहुत भारी है। उन्होने सरकार से मांग की है कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों की पढ़ाई आसान बनाई जाए।सरकार को चाहिए कि वह इन स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाए और ऐसे नियम बनाए जिससे हर वर्ग के बच्चे आसानी से पढ़ाई कर सकें। अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा अब सेवा नहीं, बल्कि व्यापार बनता जा रहा है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से अपेक्षा की जा रही है कि वह इन शिकायतो का संज्ञान ले और प्राइवेट स्कूलो के खिलाफ सख्त कदम उठाए जबकि कुछ स्कूलों में ही कोर्स बेचने का काम काफी पुराना है। जो आज तक मनमाने दाम लेकर गरीब अभिभावकों को लूट रहे है।

## मार्ग दुर्घटना में सेना से सेवानिवृत्त सेना जवान की हुई मौत

**मसौली बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बिन्दौरा चौराहे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार सेवानिवृत्त सेना जवान पवन पाण्डेय की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की दोपहर गोंडा जनपद के भानपुर बाजार निवासी सेना के सेवानिवृत्त जवान पवन पाण्डेय अपनी मोटरसाइकिल नम्बर से लखनऊ की ओर जा रहे थे। ग्राम बिन्दौरा के निकट सामने से आ रहे अज्ञात वाहन जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सेना के जवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ में मुंडन समारोह के दौरान बदमाशों ने घर में घुसकर एक मेहमान की हत्या की

**अलीगढ़ ।** जिले के बन्नादेवी थाना इलाके में मोटरसाइकिल सवार चार हथियारबंद लोगों ने नगला करार मोहल्ले में स्थित एक घर में घुसकर गोलीबारी की जिसमें एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मुरारी लाल वाल्मीकि (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त घर में मुंडन समारोह का आयोजन किया जा रहा था जिसमें वाल्मिकी पत्नी और बच्चों के साथ शामिल होने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार रात जब हमलावर पहुंचे तो मुरारी लाल घर के दरवाजे पर खड़े थे और हमलावरों ने कथित तौर पर उनपर गोलीबारी कर दी और अपनी मोटरसाइकिलों से मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि गोलीबारी के बाद, बन्नादेवी थाने पर बड़ी संख्या में गुस्साई भीड़ जमा हो गई और अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दिया। पीड़ित की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, हमले के लिए हिमांशु लोधी और कई अन्य लोगों को जिम्मेदार ठहराया गया है। इलाके के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजीव द्विवेदी ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि एक पुलिस टीम का गठन किया गया है और अपराधियों को पकडने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि जांच के तहत कथित हमलावरों के कुछ रिश्तेदारों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।**(भाषा)**

### कुत्ते के काटने के 45 दिन बाद बच्चे की मौत

**अलीगढ़।** जिले के छर्रा थाना इलाके में एक कुत्ते के काटने के 45 दिन बाद तीन साल के बच्चे की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मामला नत्थू गांव का है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को गांव के पास एक निजी अस्पताल में अंशु (तीन) की रेबीज के असर से मौत हो गई। अंशु की मौत की खबर के बाद जब शुक्रवार को स्वास्थ्य अधिकारियों की एक टीम गांव पहुंची तो यह बात सामने आई कि जिस दिन अंशु को कुत्ते ने काटा था, उसी दिन दस अन्य बच्चों पर भी उसी कुत्ते ने हमला किया था। जांच में चिकित्सा दल ने पाया कि दो से बारह साल की उम्र के दस अन्य बच्चों में से किसी ने भी कुत्ते के काटे जाने के बाद कोई चिकित्सा उपचार नहीं लिया था। अंशु के परिवार के अनुसार उसकी मृत्यु से कुछ दिन पहले उसमें हाइड्रोफोबिया जैसे अजीब लक्षण दिखने लगे थे जो रेबीज के प्रभाव का संकेत देते हैं। अलीगढ़ जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. नीरज त्यागी ने संवाददाताओं से कहा, हमने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है और एंटी-रेबीज टीका लगाने जैसे सभी निवारक कदमों के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, सीएमओ ने स्पष्ट किया कि अंशु की मौत के कारण के रूप में रेबीज की पुष्टि नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, घटना के बाद कुत्ते को मार दिया गया इसलिए हम कुत्ते पर परीक्षण नहीं कर सके। इसी तरह, हम बच्चे की मौत से पहले उसकी जांच नहीं कर पाए और इसीलिए किसी भी निदान की पुष्टि नहीं कर सकते। **(भाषा)**

### सूखी नहर में महिला का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

**हाथरस।** जिले के हाथरस गेट कोतवाली थाना क्षेत्र में एक सूखी नहर में रविवार सुबह महिला का शव पुलिस ने बरामद किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना की सूचना पर हाथरस गेट पुलिस के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) योगेंद्र कृष्ण नारायण मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की और फॉरेंसिक टीम की भी मदद ली गई। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान गांव दयानतपुर निवासी संजय कुमार की पत्नी रचना (50) के रूप में हुई। उसने बताया कि महिला के गले में दुपट्टा बंधा मिला, जिससे पुलिस को मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार के सदस्यों के अनुसार रचना मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और हर सुबह घर से निकलकर देर शाम को लौटती थी। उन्होंने बताया कि वह शनिवार सुबह घर से निकली थी, लेकिन रात को वापस नहीं लौटी। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया, हमने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी है। मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। **(भाषा)**

### पत्नी के धक्का देने से छत से गिरकर पति की मौत

**सुलतानपुर।** जिले की कांशीराम कॉलोनी में कथित तौर पर पत्नी के धक्का देने से छत से गिरकर पति की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार रात हुई और और परिवार का आरोप है कि पत्नी ने धक्का देकर उसकी हत्या की है। मृतक की पहचान दिलशाद (40) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दिलशाद रायबरेली-बांदा मार्ग पर अमहट में स्थित कांशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 67 में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे, घटना के बाद परिजन ने उन्हें तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की बहन सायमा बानो के हवाले से बताया कि दिलशाद ने पत्नी से खाना मांगा था, इसी दौरान पत्नी ने उन्हें छज्जे से धक्का दे दिया। आरोपी शन्नो का कहना है कि उसका पति शराब पीकर आया था और खाना खाने के बाद छत से कूद गया। शन्नो ने कहा कि वह बच्चों के साथ कमरे में थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पत्नी को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। **(भाषा)**

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अमेठी।** जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र में काजीपटटी के निकट रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना गौरीगंज और बनी रेलवे स्टेशन के बीच काजीपट्टी के पास हुई। हादसे में युवक का दाहिना हाथ कट कर अलग हो गया और सिर का पिछला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अमरोहा के निवासी ट्रक चालक मोहित (32) के रूप में हुई। थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण पांडेय ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।**(भाषा)**

## संक्षिप्त समाचार

### लाहौरी एक्सप्रेस का पेंटोग्राफ टूटा, 71 मिनट खड़ी रही ट्रेन

**देहरादून, एजेंसी।** अमृतसर से देहरादून के लिए आ रही लाहौरी एक्सप्रेस का डोईवाला यार्ड-हर्रावाला के बीच सुबह 9ः42 बजे पेंटोग्राफ टूट गया। इससे ट्रेन 71 मिनट तक खड़ी रही। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुईं। जानकारी के मुताबिक यात्रियों को बस और अन्य साधनों की मदद से अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। शुक्रवार रात 9ः40 पर लाहौरी एक्सप्रेस (14632) अमृतसर से दून के लिए निकली थी। ट्रेन सुबह 9ः17 पर डोईवाला पुहंची। यहां से 9ः31 पर ट्रेन दून के लिए रवाना हुई। थोड़ी दूरी चलने के के बाद डोईवाला यार्ड-हर्रावाला के बीच 9ः42 पर ट्रेन का पेंटोग्राफ टूट गया। इसके चलते ट्रेन को 71 मिनट तक खड़ा रखना पड़ा। घटना के तुरंत बाद टीआरडी की टीम ने मौके पर पहुंच कर ट्रेन की जांच की। बाद में दूसरे पेंटाग्राफ की मदद से 10ः53 पर ट्रेन को दून के लिए रवाना किया गया। टीआरडी विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पेंटोग्राफ टूटने की वजह से ट्रेन के इंजन में बिजली बाधित हो गई थी। इसके चलते इंजन एकाएक बंद हो गया। चूंकि, ट्रेन का पेंटोग्राफ स्टेशन से बाहरी इलाके में टूटा था। ऐसे में यात्रियों को वहां से पैदल की सड़क तक जाना पड़ा।

### क्रिकेट खेल रहे युवकों पर तलवार और चापड़ से हमला

**देहरादून, एजेंसी।** पार्क में क्रिकेट खेल रहे युवकों पर वहां आए 10-12 युवकों ने हमला बोल दिया। युवकों पर तलवार, चापड़, चेन आदि से वार किया गया। इससे कई युवकों को गंभीर चोट आई। इंस्पेक्टर वसंत विहार प्रदीप रावत ने बताया कि घटना को लेकर इंजीनियर्स एन्क्लेव के रहने वाले रजत शर्मा ने शिकायत की है। शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त राजेश रावत, ऋषभ रमोला, राहुल रमोला, सुमित के साथ केदार पार्क में क्रिकेट खेल रहा था। उसी वक्त वहां पर कांवली रोड का रहने वाला कबीर मलिक, शोएब खान, हरबंशवाला का विशाल, प्रेमनगर निवासी आर्यन, पंडितवाड़ी निवासी शिवम, वसंत विहार निवासी नमन असवाल, गांधी ग्राम निवासी सिद्धार्थ और राजपुर रोड निवासी शिवांश भट्ट आ गए। इन लोगों ने रजत और उसके दोस्तों पर तलवार, चापड़, पंच, चेन आदि से हमला कर दिया। इसमें रजत को पांच टांके, राजेश को पांच टांके और अन्य दोस्तों के शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं। इंस्पेक्टर रावत ने बताया कि इन सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### हनुमान जयंती पर मसूरी में निकाली गई शोभायात्रा

**देहरादून, एजेंसी।** मसूरी में भगवान हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में सुबह से भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने लंढौर से लेकर लाइब्रेरी चौक तक शोभायात्रा निकाली और भजन कीर्तन किया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने हाथ में हनुमान का झंडा लेकर जय श्रीराम के नारे लगाए। मालरोड में बजरंग दल कार्यकर्ता आदर्श शर्मा ने भंडारे का आयोजन किया। बजरंग दल शहर अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि युवाओं को भगवान श्रीराम के आदर्श पर चलने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर संदीप सिंह, आदर्श शर्मा, योगी पंवार, गिरीश शाह, दीपक, संचित, मनराज भंडारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### वनाग्नि की घटनाओं को लेकर वन विभाग अलर्ट

**देहरादून, एजेंसी।** अपर प्रमुख वन संरक्षक(वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन) निशांत वर्मा ने शनिवार को मसूरी वन प्रभाग के मास्टर कंट्रोल रूम राजपुर का निरीक्षण किया। साथ ही मालसी क्रू स्टेशन में मसूरी वन प्रभाग की ओर से वनाग्नि नियंत्रण के लिए की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। मालसी क्रू स्टेशन में उन्होंने वनाग्नि से सम्बंधित विभिन्न पंजिकाओं का निरीक्षण किया। साथ ही ऑनलाइन उत्तराखंड फॉरेस्ट फायर ऐप एफएसआई से प्राप्त अलर्ट सिस्टम एवं फायर डेंजर रेटिंग इंडेक्स फीड बैक सिस्टम आदि की जानकारी ली। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी उदय नंद गौड़ ने अपर प्रमुख वन संरक्षक को अवगत कराया गया कि मसूरी वन प्रभाग में 16 बेस स्टेशन एवं 43 क्रू स्टेशन स्थापित हैं। साथ ही 198 फायर वाचर मौजूद हैं। वहीं अपर प्रमुख वन संरक्षक ने रिंगालगाढ़ स्थित पिरूल पैलेट्स बनाने की इकाई में उत्पादन बढ़ाने तथा अन्य इकाइयां स्थापित करने के लिए स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

# हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर्स का रंग बदलना खतरनाक

### कार्बन की काली चादर बनी मुसीबत



**देहरादून, एजेंसी।** हिमालयी ग्लेशियर्स का सफेद रंग प्रदूषित हवा के चलते धुंधला पड़ रहा है और ग्लेशियर की सतह पर कार्बन की मौजूदगी इसे धब्बेदार बना रही है. हालांकि चिंता ग्लेशियर के रंग को लेकर नहीं बल्कि सूर्य की किरणों के रिफ्लेक्शन को लेकर है. दरअसल ग्लेशियर के सफेद रंग पर सूर्य की किरणें पड़ते ही रिफ्लेक्ट करती हैं और इससे ग्लेशियर पर ऊष्मा नहीं ठहर पाती. जबकि सतह पर कार्बन गर्मी को अवशोषित करता है और ग्लेशियर के पिघलने का कारण बन जाता है.

ब्लैक कार्बन ग्लेशियर तक पहुंचाः जंगलों में हर साल आग लगने की कई घटनाएं होती हैं और इससे भारी मात्रा में ब्लैक कार्बन भी उत्सर्जित होता है. हालांकि आग लगने की यह घटनाएं मध्य हिमालय में होती है और उच्च हिमालय में मौजूद ग्लेशियर से इसकी काफी दूरी रहती है. लेकिन यह ब्लैक कार्बन जब हवा के साथ वातावरण में फैला है तो उड़ते हुए यह उच्च हिमालय में मौजूद ग्लेशियर तक भी पहुंच जाता है. इस तरह ब्लैक कार्बन ग्लेशियर पर फैलकर इसकी सतह से चिपक जाता है.

**वन महकमा या पीसीबी के पास भी नहीं ब्लैक कार्बन के सटीक आंकड़ेः** उत्तराखंड वन विभाग हो या फिर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जंगलों की आग से उत्सर्जित ब्लैक कार्बन की कोई सटीक जानकारी या स्टडी इनके पास नहीं है. जाहिर है कि यह काम इतना आसान भी नहीं है, लेकिन पर्यावरण पर इसका कितना असर हो रहा है. इस बात को जानने के लिए इस तरह के किसी आंकड़े का उनके पास होना बेहद जरूरी भी है.

**उत्तराखंड में हर साल हजारों हेक्टेयर जंगल हो रहे प्रभावितः** उत्तराखंड में हर साल हजारों हेक्टेयर जंगल प्रभावित हो रहे हैं. इस बात को आंकड़ों के जरिए समझे तो राज्य में साल 2021 में जहां 3943.88 हेक्टेयर जंगल जले, तो वहीं 2022 में 3425 हेक्टेयर जंगल की आग में प्रभावित हुए, साल 2023 में ये आंकड़ा 934 हेक्टेयर पर पहुंचा, जबकि साल 2024 में भी 1200 हेक्टेयर से ज्यादा जंगल जले. जाहिर है कि इतनी बड़ी संख्या में जल रहे जंगलों के कारण कार्बन उत्सर्जन भी काफी ज्यादा हो रहा है और इससे पर्यावरण पर इसका सीधा असर हो रहा है.

ब्लैक कार्बन हवा के साथ ग्लेशियर तक जा रहा है और फिर यह वहां की आबो हवा को गर्म करने का काम कर रहा है. इसके अलावा सतह पर गिरा ब्लैक कार्बन ग्लेशियर के तापमान को बढ़ाकर इसे पिघला रहा है. ये खतरे की घंटी है और इसके लिए जंगलों की आग पर नियंत्रण के और बेहतर प्रयास करने होंगे.

**कार्बन की उपस्थिति जंगलों के आग के आसपास ज्यादाः** हालांकि राज्य भर में ब्लैक कार्बन के उत्सर्जन को लेकर सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन समय-समय पर निश्चित क्षेत्र को लेकर कुछ रिकॉर्ड भी सामने आते रहे हैं. साल 2024 में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के एक शोध में यह बात सामने आई थी कि इस क्षेत्र में ब्लैक कार्बन की फॉरेस्ट फायर सीजन के दौरान मौजूदगी 17 गुना बढ़ी है. आंकड़ों के रूप में बताया गया कि करीब 17533 नैनोग्राम प्रति मीटर क्यूब ब्लैक कार्बन की मौजूदगी रही है. शोध में पाया गया था कि वायुमंडल में जंगल की आग से कार्बन पार्टिकल वायुमंडल में 82% थे. वायुमंडल में कार्बन की उपस्थिति खास तौर पर उन इलाकों में बेहद ज्यादा थी जो जंगलों की आग के आसपास के क्षेत्र थे.

**ग्लेशियर पर लेयर तैयार कर रहा ब्लैक कार्बनः** जानकार मानते हैं कि ग्लेशियर पर ब्लैक कार्बन एक चादर के रूप में फैल रहा है जो इसके ऊपरी सतह को गर्म कर रहा है. वैसे तो जिन भी ग्लेशियर में ब्लैक कार्बन की उपस्थिति दर्ज की गई है वह पहले के मुकाबले ज्यादा पिघल रहे हैं लेकिन इसका सबसे ज्यादा नुकसान छोटे ग्लेशियर को होना तय है क्योंकि ऐसे ग्लेशियर की मोटाई कम होने के कारण इनमें पिघलने की मात्रा ज्यादा हो जाती है. ब्लैक कार्बन की उपस्थिति ग्लेशियर पर गिरी नई बर्फ के ऊपर होने की स्थिति में इस बर्फ का पिघलना और भी ज्यादा हो जाता है. ऐसा इसलिए क्योंकि यह पानी के कम वॉल्यूम वाली हल्की बर्फ होती है जिस पर कम तापमान भी ज्यादा असर करता है.

# देवभूमि का रहस्यमय मंदिर : यहां माता की मूर्ति दिन में तीन बार बदलती है स्वरूप



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड को यूं ही देवी नहीं कहा जाता है, यहां कण-कण में देवी देवताओं का वास माना जाता है. लोग देश-विदेश से यहां देवत्व का अहसान करने पहुंचते हैं. आज हम आपको ऐसे ही देवी धाम के बारे में बताने जा रहे हैं. मान्यता है कि यहां मां भगवती दिन में तीन बार अपना स्वरूप बदलती है. इस मंदिर में लोगों की अटूट आस्था है और कई प्रांतों के लोग बड़ी तादाद में यहां मां के दर्शन करने पहुंचते हैं.

मां भगवती का ये धाम गढ़वाल मंडल के श्रीनगर क्षेत्र में है. जिसे प्राचीन सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर के नाम से जाना जाता है. मंदिर में मां की दक्षिणी काली माता के रूप में पूजन होता है. पौराणिक मान्यता के अनुसार मां धारी देवी चारों धाम की रक्षा करती हैं और मां यहां रोजाना तीन स्वरूप बदलती है. धारी देवी सुबह सुबह कन्या के रूप में तो दोपहर के समय युवती के रूप में और शाम को वृद्धा का रूप धारण कर श्रद्धालुओं को दर्शन देती हैं. मां के इन स्वरूपों के कारण की लोगों की मंदिर के प्रति अगाध श्रद्धा है और लोग बड़ी संख्या में मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचते हैं.

पौराणिक मान्यता के अनुसार गुप्तकाशी के समीप कालीमठ के कालीशिला से मां का अवतरण हुआ. मां जब असुरों का वध करते हुए यहां पहुंची तो भगवान शिव ने मां काली के रौद्र रूप को शांत किया था. जिस कारण मां को कल्याणी के नाम से भी जाना जाता है. दूसरी पौराणिक कथा के अनुसार आदिगुरु शंकराचार्य जब हिमालय की ओर जा रहे थे, इसी जगह पर एक सूरजकुंड हुआ करता था, जहां पर सूर्य भगवान के सुबह से लेकर शाम तक दर्शन होते थे. आदिगुरु शंकराचार्य भगवान शिव के उपासक थे।

# यात्रा से पहले दुरुस्त होंगे चारधाम को जोड़ने वाले सभी मार्ग, मुख्य सचिव ने दिए सख्त निर्देश



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में 30 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली चारधाम यात्रा के सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित संचालन के लिए तंत्र ने कमर कसी है। इस क्रम में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने शनिवार को सचिवालय में बुलाई गई बैठक में यात्रा की तैयारियों को परखा।

उन्होंने चारधाम यात्रा मार्गों के लिए नामित सचिवों से फीडबैक लिया और फिर संबंधित जिलों के डीएम को निर्देश दिए कि यात्रा से पहले सभी मार्गों को दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को सचिवों से प्राप्त सुझावों का अनुपालन करने और यात्रा मार्गों पर सभी जरूरतों का अभी से आकलन कर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कार्यदायी संस्थाओं को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यात्रा के दौरान किसी प्रकार के संकट प्रबंधन के लिए गढ़वाल मंडलायुक्त नोडल अधिकारी होंगे।

मुख्य सचिव ने यात्रा मार्गों पर स्थानीय परिस्थितियों और वैकल्पिक मार्गों के अनुरूप यातायात प्रबंधन की योजना तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने यात्रा मार्गों पर ऐसा मैकेनिज्म विकसित करने पर भी जोर दिया, जिससे दुर्घटना अथवा भूस्खलन या फिर किसी अन्य वजह से लगने वाले जाम की जानकारी यात्रियों को मिल सके।

इसके लिए उन्होंने जगह-जगह डिस्प्ले बोर्ड लगाने और जब तक यह व्यवस्था धरातल पर उतरती है, तब तक एसएमएस व वाटसएप मैसेज से यह जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने वाहन पार्किंग के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की जरूरत भी बताई और ज्यादा से ज्यादा ऐसे स्थल चिह्नित करने को कहा। उन्होंने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का उपचार शीघ्रता से कराने के निर्देश भी दिए।

चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुविधा पर मुख्य सचिव ने विशेष जोर दिया। उन्होंने केदारनाथ में निर्माणाधीन अस्पताल को यात्रा से पहले सुचारू करने के लिए कहा। साथ ही यात्रा मार्गों के पंजीकरण स्थलों हरिद्वार, ऋषिकेश व विकासनगर में स्वास्थ्य जांच केंद्रों की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

# वाहनों के धुएं से दूषित हो रही देहरादून की हवा, प्रदूषण का बढ़ा खतरा



**देहरादून, एजेंसी।** दून की स्वच्छ आबोहवा को वाहनों की रेलमपेल बिगाड़ने लगी है। पर्यटकों की आमद बढ़ने से सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है। खासकर दून की प्रमुख सड़कों पर दिनभर जाम का झाम है, ऐसे में वाहनों से निकलने वाले धुंए से हवा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। दून में एयर क्वालिटी इंडेक्स 100 के आसपास बना हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में इसमें इजाफा होने की आशंका है।

दून की आबोहवा को बिगाड़ने में वाहनों की भी बड़ी भूमिका है। वैसे तो दून के यातायात का हाल किसी से छिपा नहीं है। यहां ज्यादातर चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर अक्सर जाम की स्थिति रहती है। अब दून और मसूरी में पर्यटकों का रेला बढ़ने लगा है।

बीते दो दिन से मौसम सुहावना होने और सप्ताहांत के अवकाश के कारण बड़ी संख्या में पर्यटकों ने दून का रुख किया है। जिससे सड़कें पैक हो गई हैं और धुएं के गुबार उठ रहे हैं। जिससे शहर के मुख्य क्षेत्रों में वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। वाहनों से निकलने वाला धुआं हवा में तैरकर सांसो के जरिये फेफड़ों तक पहुंच रहा है। बीते वर्ष आइआइटी-बीएचयू की ओर से दून में वायु प्रदूषण को लेकर किए गए सर्वे में वाहनों के दबाव की स्थिति भी आंकी गई। कई माह तक शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व मार्गों पर यातायात दबाव की निगरानी की गई। जिसमें पाया गया कि प्रिंस चौक की स्थिति सबसे खराब है।

इसके अलावा घंटाघर, सहारनपुर चौक, बल्लीवाला चौक, सर्वे चौक पर भी वाहनों का दबाव अधिक रहता है। बीते एक सप्ताह में दून में हवा की गुणवत्ता औसत 100 से अधिक आंकी गई है, जबकि, पूर्व में यह 80 से कम दर्ज की गई थी। आने वाले दिनों में इसके और प्रदूषित होने की आशंका है।

# प्रदेश में वर्षा-बर्फबारी से लुढ़का पारा, पहाड़ों में हल्की वर्षा का अनुमान

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में बीते तीन दिन से रुक-रुककर हो रही वर्षा हुई। हालांकि, अभी पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा के आसार बने हुए हैं। इसके साथ ही बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व हेमकुंड समेत तमाम चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है।

पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्वारियां भी कुछ कम हुई हैं। मौसम के बदले मिजाज से प्रदेशभर में तापमान में भारी गिरावट आई है। तीन दिन में ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस से अधिक की कमी आई है। खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड महसूस की जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादल छाने के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। देहरादून समेत मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है। शनिवार को दून समेत प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में सुबह से बादल मंडराते रहे। कहीं-कहीं हल्की धूप भी खिली, लेकिन हवा चलने के कारण मौसम सुहावना बना रहा। दोपहर बाद चोटियों पर हल्के हिमपात के कारण पारा लुढ़क गया है और आसपास के क्षेत्रों में ठिठुरन महसूस की गई। दून में भी पारा बीते तीन दिन में करीब छह डिग्री सेल्सियस गिर गया है, जिससे सुबह-शाम ठंडक लौट आई है। वहीं, नई टिहरी में सर्वाधिक 11 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर एक ही दिन में 30 से 50 मिमी तक वर्षा हुई है। वर्षा से अलकनंदा नदी पर हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी जाने के लिए गोविंदघाट में बन रहे बेली ब्रिज का कार्य भी प्रभावित हुआ है। बदरीनाथ धाम में बर्फबारी से यात्रा तैयारियों, महायोजना के निर्माण कार्यों पर प्रभाव पड़ा है। उधर, कुमाऊं में सीमांत पिथौरागढ़ जिले में दोपहर बाद तेज गरज के साथ वर्षा हुई। धारचूला और मुनस्यारी की उच्च हिमालयी चोटियों पर हिमपात हो रहा है।

# धामी सरकार के बुलडोजर एक्शन पर उत्तराखंड हाई कोर्ट ने उठाए सवाल, कहा- रसूखदारों पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून के विकासनगर क्षेत्र में झुग्गीवालों के घरों के ध्वस्तीकरण पर फिलहाल रोक लगाते हुए हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि रसूखदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई और झुग्गीवालों को सुनवाई का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा है कोर्ट ने सरकार को 15 अप्रैल तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। सरकार की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ताओं को पूर्व में भी नोटिस दिए गए हैं।

शनिवार को अवकाश के बाद भी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ में प्रभावितों के प्रार्थना पत्रों पर विशेष सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता अभिजय नेगी ने कोर्ट को बताया कि विकासनगर क्षेत्र में प्रशासन की ओर से पांच अप्रैल को तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने के नोटिस दिए गए हैं। 20 लोगों को यह नोटिस दिए गए, जो झुग्गी वाले हैं। जबकि एसडीएम की रिपोर्ट में दो रसूखदारों के अतिक्रमण का जिक्र है, जो नाले के समीप निर्माण कर रहे हैं। नान जेडए की भूमि पर कांपलेक्स बना दिया गया। उसको मुख्य मार्ग से पीछे नाले की तरफ बढ़ाया गया है। जबकि उनकी ओर से अभिलेख तक प्रस्तुत नहीं किए गए। उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। नदी-नालों में रेत भरने वालों पर भी एक्शन नहीं लिया गया।

खंडपीठ ने इस पर सख्त नाराजगी जताते हुए नोटिसों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर व मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत की ओर से बताया गया कि जिनको नोटिस दिए गए हैं, उनको पूर्व में भी नोटिस दिए जा चुके हैं।



हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पिछले दिनों देहरादून जिले में नालों और गधेरों से अतिक्रमण हटाने, वहां सीसीटीवी लगाने, डीजीपी को अतिक्रमणकारियों पर मुकदमा दर्ज कर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए थे। सचिव शहरी विकास को नदी-नालों व गधेरों में अतिक्रमण न करने, मलबा न फेंकने, अवैध खनन न करने का संदेश प्रसारित करने के निर्देश दिए थे।

देहरादून निवासी अजय नारायण शर्मा, रेनू पाल व उर्मिला थापर ने अलग-अलग जनहित याचिका दायर कर कहा है कि सहस्रधारा में जलमग्न भूमि पर भारी निर्माण किए जा रहे हैं, जिससे जलस्रोतों के सूखने के साथ पर्यावरण को खतरा पैदा हो रहा है।

जबकि दूसरी याचिका में कहा गया है कि ऋषिकेश में नालों, खालों और ढांग पर अतिक्रमण व अवैध निर्माण किया गया है। याचिका में बताया गया था कि देहरादून में 100 एकड़, विकासनगर में 140 एकड़, ऋषिकेश में 15 एकड़, डोईवाला में 15 एकड़ नदी भूमि पर अतिक्रमण है।

# शब्द कलश

## सम्पादकीय

# कांग्रेस का अधिवेशन

कांग्रेस के गुजरात के अहमदाबाद में हुए 84वें अधिवेशन के संकेत स्पष्ट हैं। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के अलावा कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के साथ जहां पार्टी को फिर से सशक्त करे के लिए मंथन हुआ, वहीं चुनावों में पार्टी को सफलता दिलाने हेतु रणनीतियों पर भी गहरी चर्चा हुई। कांग्रेस के सामने लक्ष्य स्पष्ट हैं कि उसे अपने खोये जनाधार को पाने के लिए खासी मशक्कत करनी है। उसे जहां बीजेपी के सामने सबसे बड़ा विकल्प बना रहना है। वहीं उसे अपने जनाधार के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संघर्ष उन दलों से भी करना है जो उसके साथ अभी इंडिया गठबंधन में खड़े दिखते हैं। ये सारा खेल उस सियासी समीकरण का है जिसमें कांग्रेस अपनी दमदार उपस्थिति दिखाने की जद्दोजहद में जुटी है। आजादी के बाद से कांग्रेस की सियासी रणनीति में उच्च जातियों, मुस्लिम और दलितों का ऐसा समीकरण रहा जिसका तोड़ विपक्ष के पास लंबे समय तक नहीं रहा। जनसंघ या तमाम समाजवादी दलों की सियासत मंचों पर तो मुखर रही लेकिन राजनीति के जोड़-घटाने में लगभग डेढ़ दशक तक ये पार्टियां लोकसभा या राज्यों के चुनाव में अंकों की तालिका में बस अपनी उपस्थिति ही जताती रहीं।



सैयद अहमर हसनैन

साठ के दशक के अंत और सत्तर के दशक के शुरुआत में राजनीति के उथल पुथल के दौर में कई बदलाव देखने को मिले। कांग्रेस में खुलकर गुटबाजी और राजनीतिक पैंतरेबाजी देखने को मिली। हालांकि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कुशल नेतृत्व ने उस समय की स्थितियों को संभाल लिया। कांग्रेस ने अपनी सियासी रणनीतियों में जिन जातियों को फोकस किया उसमें पिछड़ी जातियां नहीं थीं। लेकिन फिर भी कांग्रेस के प्रभामंडल में पिछड़ी जातियों के वोट कांग्रेस को पड़ते रहे। उसके लिए इन जातियों को अपने साथ जोड़ने की पहल बहुत ज्यादा नहीं हुई। दूसरी तरफ इसी दौर में यूपी में सपा, बिहार में आरजेडी, ओडिशा में बीजू जनता दल, कर्नाटक में जनता दल यू जैसे दल उभरे और अपनी पृष्ठभूमि में सशक्त हुए। राजनीति की बयार को समझने वाले कांशीराम ने 1984 में बसपा को स्थापित किया तो उनके अपने लक्ष्य स्पष्ट थे। ज्यादा वक्त नहीं लगा। एक दशक से भी कम समय में यूपी में सपा-बसपा का एक मजबूत चक्रव्यूह तैयार हुआ। इसी बारीक सियासी पेंच को समझना होगा कि जहां पिछड़ी अति पिछड़ी जातियां सपा आरजेडी जैसे दलों के साथ जुड़ गई, वहीं बाबरी मस्जिद ढहने के बाद मुस्लिमों ने कांग्रेस से किनारा कर दिया। कांग्रेस आज तक अपने जनाधार की कोशिश में है। दूसरी तरफ राममंदिर आंदोलन ने बीजेपी के लिए सत्ता का रास्ता बनाया। इसके साथ ही सामाजिक समीकरणों में बीजेपी ने पिछड़ी जातियों और दलितों के बीच उन समूहों को साधने की कोशिश की जो अपने को कहीं उपेक्षित महसूस कर रहे थे। खासकर 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बीजेपी ने ओबीसी को प्रभाव में लाने के लिए जतन किए। यही नहीं बीजेपी ने अपनी बिसात बिछाते हुए हरियाणा मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में ओबीसी मुख्यमंत्री दिए वहीं ओडिशा में आदिवासी समाज के नेता को नेतृत्व सौंपा। इसी ओबीसी की पिच पर कांग्रेस अब बीजेपी और दूसरे दलों से जूझना चाहती है। कांग्रेस के अधिवेशन से ठीक पहले राहुल गांधी के इस बयान के अपने मायने हैं कि हम ब्राह्मण, दलित मुस्लिम में ही उलझ गए ओबीसी हमसे दूर हो गया। कांग्रेस अब महसूस कर रही है कि तमाम कोशिशों के बाद भी वह सपा व आरजेडी जैसे तमाम दलों से अल्पसंख्यकों के आधार को छीन नहीं पा रही है। ऐसे में कांग्रेस की रणनीति ओबीसी को साधने की है। दरअसल, 2017 में ही कांग्रेस ने इस तरफ सोचना शुरू कर दिया था। लेकिन अब वह इस तरफ मुखर होना चाहती है। संसद में भी राहुल गांधी ने ओबीसी पर गंभीर नजर आए हैं। यही वजह कि वह जातीय गणना के मामले को तूल दे रहे हैं।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर विशेष

# बाबा साहेब ने सामाजिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन किये



ललित गर्ग

**डॉ. अंबेडकर ने समाज में फैली जातिगत असमानता और छुआछूत के विरुद्ध व्यापक आंदोलन चलाए। उन्होंने महाड तालाब सत्याग्रह और कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। इन आंदोलनों का उद्देश्य यह था कि दलितों को सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, और संसाधनों पर समान अधिकार मिले। बाबा साहेब के नाम से दुनियाभर में लोकप्रिय डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज सुधारक, दलित राजनेता, महामनीषी, लोकनायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, पत्रकार, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व होने के साथ ही विश्व स्तर के विधिवेत्ता व भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। डॉ. अम्बेडकर विलक्षण एवं अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे, उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण-कामना, संतुलित समाज रचना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के अस्सी प्रतिशत दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें इस अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अम्बेडकर का जीवन संकल्प था। वे भारतीय राजनीति की एक धुरी की तरह थे...**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत की परिस्थितियों को एक संतुलित, भेदभावरहित, समानता एवं समतामूलक समाज की निगाह से देखते रहे एवं दलित जाति के साथ जुड़े सामाजिक और आर्थिक भेदभावों को समाप्त करने के लम्बा संघर्ष किया। इस महान् क्रांतिकारी महायोद्धा की जन्म जयन्ती का अवसर न केवल उनके जीवन और संघर्षों को याद करने का मौका है, बल्कि न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने का अवसर भी है। डॉ. अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, विधिवेत्ता और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक थे। भारत की स्वतंत्रता के बाद, डॉ. अंबेडकर को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने भारतीय संविधान को एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी दस्तावेज के रूप में तैयार किया। संविधान में उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को मूल आधार बनाया। उन्होंने दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की ताकि उन्हें समान अवसर मिल सके। उनका यह कार्य भारत के सामाजिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में एक गरीब अस्पृश्य परिवार में हुआ था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको अपना बचपन कष्टों में बिताना पड़ा। संघर्ष एवं कष्टों की आग में तपकर उन्होंने न केवल स्वयं का विकास किया वरन भारत के समग्र विकास का वातावरण निर्मित किया।

वे नई मानव सभ्यता एवं संस्कृति के प्रेरक एवं पोषक थे। मनुष्य सदैव सत्य की तलाश में निरन्तर प्रयासरत रहा है और ऐसे ही समस्त जातिगत भेदभाव एवं असामनता पर प्रहार करने एवं उनको नेतृत्व देने के लिये डॉ. अम्बेडकर को याद करना एक आदर्श एवं संतुलित समाज निर्माण के संकल्प को बल देना है। डॉ. अंबेडकर ने केवल सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि राजनीतिक क्षेत्र में भी बहुत अहम भूमिका निभाई। वे हमारे युग के महानतम नायक थे, उनके क्रियाकलापों में किंचित मात्र भी स्वार्थ नहीं था। बहु-भाषाविद्, धर्म दर्शन के विद्वान और समाज सुधारक बाबा साहेब ने भारत में अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। डॉ. अंबेडकर ने समाज में फैली जातिगत असमानता और छुआछूत के विरुद्ध व्यापक आंदोलन चलाए। उन्होंने महाड तालाब सत्याग्रह और कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। इन आंदोलनों का उद्देश्य यह था कि दलितों को सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, और संसाधनों पर समान अधिकार मिले। बाबा साहेब के नाम से दुनियाभर में लोकप्रिय डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज सुधारक, दलित राजनेता, महामनीषी, लोकनायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, पत्रकार, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व होने के साथ ही विश्व स्तर के विधिवेत्ता व भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। डॉ. अम्बेडकर विलक्षण एवं अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे, उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण-कामना, संतुलित समाज रचना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के अस्सी प्रतिशत दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें इस अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अम्बेडकर का जीवन संकल्प था। वे भारतीय राजनीति की एक धुरी की तरह थे, जो आज दुनियाभर के लिये एक अत्यंत महत्वपूर्ण दलित मसीहा एवं संतुलित समाज संरचना के प्रेरक महामानव है। डॉ. अम्बेडकर धार्मिक विचारों के व्यक्तित्व थे, सन् 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। डॉ. अम्बेडकर की बढ़ती लोकप्रियता और जन समर्थन के चलते उनको 1931 में लंदन में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। 1936 में उन्होंने स्वतंत्र लेबर पार्टी



की स्थापना की जो 1937 में केन्द्रीय विधान सभा चुनावों में 15 सीटें जीतने में सफल रही। उन्होंने अपनी पुस्तक 'जाति के विनाश' भी 1937 में प्रकाशित की जो उनके न्यूयॉर्क में लिखे एक शोधपत्र पर आधारित थी। इस लोकप्रिय पुस्तक में अम्बेडकर ने हिंदू धार्मिक नेताओं और जाति व्यवस्था की जोरदार आलोचना की थी। उन्होंने अस्पृश्य समुदाय के लोगों को गांधीजी द्वारा रचित शब्द हरिजन पुकारने के कांग्रेस के फैसले की भी कड़ी निंदा की थी। वे सच्चे अर्थों में एक महान क्रांतिकारी युगपुरुष थे, जिनके जीवन का सार है कि क्रांति लोगों के लिये होती है, न कि लोग क्रांति के लिये होते हैं। डॉ. अम्बेडकर ने विज्ञान और तकनीक के जरिये देश के विकास का सपना देखा था। बाबासाहब नई तकनीक के इस्तेमाल के पक्षधर थे। डॉ. अंबेडकर देश के तकनीकी विकास के लिए संकल्पित थे। उन्होंने पहले संसदीय चुनाव (1951-52) के पहले घोषणा पत्र में कहा था कि खेती में मशीनों का प्रयोग होना चाहिए। भारत में अगर खेती के तरीके आदिम बने रहेंगे, तो कृषि कभी भी समृद्ध नहीं हो पाएगी। मशीनों का प्रयोग संभव बनाने के लिए छोटी जोत की बजाय बड़े खेतों पर खेती की जानी चाहिए। बाबा साहब निम्न जाति में जन्म लेने के बावजूद कर्म से ब्राह्मण थे। आप किस जाति में पैदा होते हैं यह मायने नहीं रखता। मायने रखता है सिर्फ और सिर्फ आपका अपना कर्म। निम्न कर्म से व्यक्ति निम्न होता है, और उच्च कर्म से ही व्यक्ति उच्च होता है।

# सूफ़ी परंपरा और आधुनिक सोच का संगमः फ़तेहपुर सीकरी में एक नई शुरुआत

## व्यक्तित्व



आसिफ़ ज़मां रिज़वी

**आज जब समाज धार्मिक असहिष्णुता, कट्टरता और विघटन की ओर बढ़ रहा है, तब फ़तेहपुर सीकरी से एक ऐसा स्वर गूंजता है, जो मेलजोल, संवाद और समरसता का संदेश देता है। उनकी पहचान एक ऐसे व्यक्ति की है, जो मौलिक सोच रखता है, सामाजिक सरोकारों के लिए प्रतिबद्ध है और धार्मिक नेतृत्व को बंद कमरों से निकालकर समाज की मुख्यधारा में लाना चाहता है। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि वे फ़तेहपुर सीकरी और आस-पास के क्षेत्रों में वर्षों से सांप्रदायिक सौहार्द और शांति के लिए कार्य कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड, स्थानीय प्रशासन और दरगाह के प्रबंधन में उनकी सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि वे केवल धर्मगुरु नहीं, बल्कि समाज-सुधारक भी हैं। अरशद फ़रीदी को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया गया है। उन्हें दिल्ली विधानसभा द्वारा 2003 में सर्वश्रेष्ठ पत्रकार पुरस्कार, मातृश्री पुरस्कार (2005), एज़ाज़ रिज़वी मेमोरियल सोसाइटी द्वारा 2018 में और 2022 में ऑल इंडिया माइनॉरिटी फोरम द्वारा एक सफल और धर्मनिरपेक्ष पत्रकार के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की वर्ल्ड पीस कॉन्फ्रेंस, बैंकॉक (2003) और विश्व हिंदी सम्मेलन, जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में भारत का प्रतिनिधित्व किया...**

फ़तेहपुर सीकरी की ऐतिहासिक धरती, जो अपने स्थापत्य, इतिहास और आध्यात्मिक महत्व के लिए जानी जाती है, एक बार फिर आध्यात्मिक पुनर्जागरण की ओर अग्रसर है। दार्शनिकता, सूफ़ियाना रंग और सामाजिक समरसता का केंद्र रही यह भूमि, एक नए अध्याय का साक्षी बनी है। हज़रत शेख़ सलीम चिश्ती (रह.) की दरगाह, जो सदियों से भारतवर्ष में अध्यात्म, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक रही है, अब अपने 17वें वंशज, पीरज़ादा अरशद अज़ीम फ़रीदी चिश्ती के नेतृत्व में एक नई चेतना की ओर अग्रसर है। उनका सज्जादानशीन के रूप में उत्तराधिकार इस 500 वर्ष पुरानी परंपरा को न केवल जीवित रखता है, बल्कि उसमें आधुनिक सोच, सामाजिक चेतना और पत्रकारिता की धार को भी सम्मिलित करता है। अरशद फ़रीदी चिश्ती, पीरज़ादा रईस मियाँ चिश्ती के पुत्र हैं, जो स्वयं एक अत्यंत सम्मानित सज्जादानशीन रहे हैं और जिनका सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक हलकों में गहरा प्रभाव रहा है। 1943 में जब मात्र 7 वर्ष की आयु में रईस मियाँ चिश्ती को सज्जादानशीन की ज़िम्मेदारी सौंपी गई, तब से लेकर आज तक इस खानदान ने चिश्ती परंपरा की गरिमा और गहराई को बरकरार रखा है। अब 80 वर्षों के अंतराल के बाद यह जिम्मेदारी एक बार फिर पारंपरिक रीति-रिवाज़ों और सर्वसम्मति से अरशद फ़रीदी को सौंप दी गई है।

यह उत्तराधिकार मात्र एक पारिवारिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा की अगली कड़ी है—जिसमें सेवा, समर्पण और इंसानियत का मार्गदर्शन अंतर्निहित है। अरशद फ़रीदी के हाथों में यह दायित्व आने का अर्थ है, आध्यात्मिकता का वैज्ञानिक सोच से मेल, परंपरा का प्रगतिशील व्याख्या से संगम और धार्मिक नेतृत्व का सामाजिक क्रांति से संवाद। अरशद फ़रीदी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे न केवल आध्यात्मिक नेता हैं, बल्कि एक सफल और अनुभवी पत्रकार भी हैं। 32 वर्षों की पत्रकारिता में उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित अखबारों जैसे दैनिक जागरण, अमर उजाला और राष्ट्रीय सहारा में काम किया है। वे रोजनाम मेरा वतन (उर्दू) और मेट्रो मीडिया (हिंदी) जैसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित समाचार पत्रों के संपादक हैं। उनका पत्रकारिता का दृष्टिकोण सिर्फ खबरें देना नहीं रहा, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का साधन रहा है। उनकी रिपोर्टिंग ने उन आवाज़ों को मुखर किया जिन्हें अक्सर दबा दिया जाता है—अल्पसंख्यकों की समस्याएं, भ्रष्टाचार की परतें, सामाजिक अन्याय की कहानियाँ और कमजोर वर्गों के अधिकार। अब जब यही दृष्टि सूफ़ी परंपरा के साथ जुड़ती है, तो एक नई ऊर्जा उत्पन्न होती है। सूफ़ी दर्शन में जो प्रेम, समर्पण और समानता की भावना है, वह अरशद फ़रीदी के सामाजिक सरोकारों के साथ घुल-मिलकर एक व्यापक रूप लेती है। अरशद फ़रीदी का सज्जादानशीन बनना सिर्फ एक धार्मिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक विचारधारा का स्थानांतरण है। वह विचारधारा जो आधुनिकता को परंपरा के विरुद्ध नहीं, बल्कि उसके पूरक के रूप में देखती है। आज जब समाज धार्मिक असहिष्णुता, कट्टरता और विघटन की ओर बढ़ रहा है, तब फ़तेहपुर सीकरी से एक ऐसा स्वर गूंजता है, जो मेलजोल, संवाद और समरसता का संदेश देता है। उनकी पहचान एक ऐसे व्यक्ति की है, जो मौलिक सोच रखता है, सामाजिक सरोकारों के लिए प्रतिबद्ध है और धार्मिक नेतृत्व को बंद कमरों से निकालकर समाज की मुख्यधारा में लाना चाहता है। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि वे फ़तेहपुर सीकरी और आस-पास के क्षेत्रों में वर्षों से सांप्रदायिक सौहार्द और शांति के लिए कार्य कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड, स्थानीय प्रशासन और दरगाह के प्रबंधन में उनकी



सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि वे केवल धर्मगुरु नहीं, बल्कि समाज-सुधारक भी हैं। अरशद फ़रीदी को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया गया है। उन्हें दिल्ली विधानसभा द्वारा 2003 में सर्वश्रेष्ठ पत्रकार पुरस्कार, मातृश्री पुरस्कार (2005), एज़ाज़ रिज़वी मेमोरियल सोसाइटी द्वारा 2018 में और 2022 में ऑल इंडिया माइनॉरिटी फोरम द्वारा एक सफल और धर्मनिरपेक्ष पत्रकार के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की वर्ल्ड पीस कॉन्फ्रेंस, बैंकॉक (2003) और विश्व हिंदी सम्मेलन, जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह अंतरराष्ट्रीय अनुभव उन्हें पवित्र दरगाह को विश्व स्तर पर और अधिक प्रमुखता से उजागर करने में भी मदद करेगा। वे उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु राष्ट्रीय उर्दू भाषा प्रोत्साहन परिषद , दिल्ली, भारत सरकार के सदस्य भी हैं, राष्ट्रीय उर्दू भाषा प्रोत्साहन परिषद , भारत सरकार के सदस्य के रूप में पीरज़ादा अरशद फ़रीदी चिश्ती की भूमिका उनके सज्जादानशीन के रूप में सेवाएं और अधिक प्रभावी बनाने में कई तरह से सहायक होगी चूंकि दरगाह हज़रत शेख़ सलीम चिश्ती में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में उर्दू जैसी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अभिव्यक्ति की भाषा के माध्यम से संवाद को और अधिक गहराई और व्यापकता दी जा सकती है। इससे दरगाह केवल इबादत का स्थान न रहकर एक सांस्कृतिक-शैक्षणिक केंद्र भी बन सकेगा। परिषद की सदस्यता उन्हें केंद्र सरकार के सांस्कृतिक, शैक्षणिक और अल्पसंख्यक कल्याण संबंधी कार्यक्रमों से सीधे जोड़ती है, जिससे वे दरगाह से जुड़े समाज कल्याण और शिक्षा संबंधी योजनाओं को अधिक कुशलता से लागू कर सकते हैं। उर्दू भाषा, जो कि भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक है, उनके कार्यों में धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक समरसता के संदेश को अधिक प्रभावी रूप में प्रस्तुत करने का माध्यम बनेगी। बल्कि दरगाह को एक जीवंत और प्रगतिशील आध्यात्मिक-सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण साबित होती है। आज जब अरशद फ़रीदी चिश्ती सूफ़ी परंपरा के इस प्रतिष्ठित केंद्र के सज्जादानशीन के रूप में पदभार ग्रहण कर चुके हैं, तो यह न केवल एक परंपरा का निर्वाह है, बल्कि एक नए युग का प्रारंभ भी है। यह युग परंपरा में आधुनिकता के समावेश का, आध्यात्मिकता में सामाजिक चेतना के मिश्रण का और नेतृत्व में सेवा भावना के प्रसार का है। उनके नेतृत्व में फ़तेहपुर सीकरी की यह दरगाह न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनी रहेगी, बल्कि एक ऐसा संस्थान बनकर उभरेगी, जो शिक्षा, संवाद, सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक होगी। यह लेख इस बात का प्रतीक है कि परंपराएं तब और अधिक प्रासंगिक हो जाती हैं जब उन्हें समय के अनुसार नई सोच और नई ऊर्जा से सिंचित किया जाए। और अरशद फ़रीदी उसी नवोन्मेष की प्रेरणा हैं। सूफ़ी परंपरा और आधुनिक सोच का यह संगम न केवल फ़तेहपुर सीकरी के लिए, बल्कि समूचे भारत के लिए एक आशा की किरण है।

## संविधान निर्माता

# समतामूलक आर्थिक दर्शन के प्रणेता : डॉ. भीमराव अंबेडकर



डॉ. मनमोहन प्रकाश

हम प्रायः डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के अग्रदूत और दलित चेतना के प्रवर्तक के रूप में स्मरण करते हैं। परंतु डॉ. अंबेडकर का व्यक्तित्व इन सीमाओं से कहीं अधिक व्यापक, गहरा और बहुआयामी था। वे न केवल सामाजिक सुधारक थे, बल्कि एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री, नीति-निर्माता, जल संसाधन विशेषज्ञ और राष्ट्र-निर्माण के युगद्रष्टा भी थे। डॉ. अंबेडकर ने अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र की उच्चतम शिक्षा प्राप्त की। उनकी पीएच.डी. का विषय द इवोल्यूशन ऑफ प्रॉविन्शियल फाइनेंस इन ब्रिटिश इंडिया था, और बाद में प्रकाशित कृति द प्रॉब्लम ऑफ द रुपी इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशन (1945) भारतीय मुद्रा व्यवस्था और मौद्रिक नीति पर एक युगांतरकारी अध्ययन था। यह कृति आज भी भारतीय आर्थिक विमर्श की आधारशिला मानी जाती है। डॉ. अंबेडकर का स्पष्ट मानना था कोई भी राष्ट्र तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक वह अपने प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक, न्यायोचित और समतामूलक उपयोग न करे। यही विचार उनकी आर्थिक दृष्टि का मूल है, जो मात्र आंकड़ों या योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संसाधनों के लोकतांत्रिक वितरण के सिद्धांत पर टिका है।

1942 से 1946 तक वायसराय की कार्यकारी परिषद में श्रम मंत्री के रूप में कार्य करते हुए आपने भारतीय औद्योगिक श्रमिकों के हितों की रक्षा हेतु ऐतिहासिक पहल की। 8 घंटे कार्य-दिवस, श्रमिक स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और महिला श्रमिकों के लिए कल्याणकारी नीतियाँ उनकी दूरदर्शिता का परिचायक थीं। किन्तु डॉ. अंबेडकर का सबसे महत्वपूर्ण योगदान राष्ट्रीय जल, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे की दीर्घकालिक योजनाओं की नींव रखना था। 1945 में उन्होंने केंद्रीय जलमार्ग, सिंचाई और नौवहन आयोग की स्थापना की, जो आगे चलकर केंद्रीय जल आयोग बना। आपने दामोदर घाटी परियोजना की रूपरेखा तैयार की, जो अमेरिका की टेनेसी वैली अथॉरिटी से प्रेरित भारत की पहली बहुउद्देशीय नदी परियोजना थी। यह परियोजना जलविद्युत, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और नौवहन के समन्वय का आदर्श उदाहरण बनी। डॉ. अंबेडकर जल को केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि मानवाधिकार और सामाजिक न्याय का वाहक मानते थे। उनका स्पष्ट मत था जल मानवाधिकार है, और उसका न्यायपूर्ण वितरण लोकतंत्र की कसौटी है। उन्होंने जल को कृषि, उद्योग और ऊर्जा के त्रिकोण में राष्ट्रीय विकास का केंद्रबिंदु माना। आज जब नदी जोड़ो परियोजना की चर्चा जोरों पर है, वस्तुतः इसकी वैचारिक नींव डॉ. अंबेडकर के 1945 के विचारों में मिलती है। आपने अंतर-घाटी जल स्थानांतरण की आवश्यकता पर बल देते हुए स्पष्ट किया था कि जल संसाधनों का संतुलित वितरण ही क्षेत्रीय असंतुलन को दूर कर सकता है। डॉ. अंबेडकर की दृष्टि में संसाधनों पर अधिकार केवल शक्तिशाली वर्गों तक सीमित नहीं हो सकता। आप कहते थे सामाजिक न्याय का अर्थ है सभी को समान अवसर और साधन मिलें। आपने राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड, औद्योगिक जल आपूर्ति और जलविद्युत परियोजनाओं को केवल विकास की आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक समता की शर्त माना। आपकी सोच आज के वैश्विक विमर्शों—जैसे समेकित जल संसाधन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और जल-पर्यावरणीय न्याय—से आश्चर्यजनक साम्य रखती है। आज जब भारत जल संकट, पर्यावरणीय विषमता और क्षेत्रीय असंतुलन जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब डॉ. अंबेडकर की नीतिगत दृष्टि हमें यह सिखाती है कि सामाजिक न्याय केवल संवैधानिक अधिकारों से नहीं, बल्कि जल, भूमि और ऊर्जा जैसे संसाधनों के न्यायपूर्ण प्रबंधन से ही साकार होता है। अतः यह कहना पूर्णतः यथार्थ है कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि वे भारत की समतामूलक आर्थिक व्यवस्था के वास्तुविद् थे। यदि उन्हें भारत के समतामूलक आर्थिक दर्शन का प्रणेता कहा जाए, तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, बल्कि उनके अद्वितीय योगदान का यथोचित सम्मान होगा।

## आज का राशिफल



**मेषः** आज माता को पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**वृषभः** व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मिथुनः** घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा।

**कर्क** : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**सिंहः** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा।

**कन्याः** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**तुलाः** दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

**वृश्चिक** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**धनुः** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है।

**मकरः** यात्रा लाभदायक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें।

**कुंभ** : फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मीनः** यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा, सावधानी रखें।

## आज का पंचांग

14 अप्रैल को वैशाख कृष्ण पक्ष की उदया तिथि प्रतिपदा और सोमवार का दिन है। प्रतिपदा तिथि सोमवार सुबह 8 बजकर 26 मिनट तक रहेगी, उसके बाद द्वितीया तिथि लग जाएगी। 14 अप्रैल को रात 10 बजकर 38 मिनट तक वज्र योग रहेगा। साथ ही सोमवार रात 12 बजकर 14 मिनट तक स्वाती नक्षत्र रहेगा। 13 अप्रैल की सुबह 6 बजकर 34 मिनट पर शुक्र मीन राशि में मार्गी हो चुके हैं।

14 अप्रैल 2025 का शुभ मुहूर्त

वैशाख कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि- 14 अप्रैल 2025 को सुबह 8 बजकर 26 मिनट तक रहेगी, उसके बाद द्वितीया तिथि

वज्र योग- 14 अप्रैल को रात 10 बजकर 38 मिनट तक

स्वाती नक्षत्र- 14 अप्रैल 2025 को रात 12 बजकर 14 मिनट तक

शुक्र मार्गी- 13 अप्रैल की सुबह 6 बजकर 34 मिनट पर शुक्र मीन राशि में मार्गी हो चुके हैं

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 5:56 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:46 बजे

## गीता के श्लोक

- जीवन में अगर कोई आपके दुख में काम ना आये तो फिर उसे सुख का हिस्सा भी ना बनाये ।
- मौन में इतनी शक्ति है की आपको कही ख़तरनाक परिस्थिति से बाहर निकाल सकती है ।
- किसी के सामने पैसो का अभिमान ना दिखाए कई आये और निकल गये इस दुनिया से ।
- विचार अपने इतने मधुर रखो की सामने वाला आपसे आपके विचार जानने के लिए तत्पर रहे ।
- संसार मैं अगर सामर्थ्यवान बनना है तो परिश्रम भी अधिक करना होगा
- रुकावटे बहुत आती है जीवन में पर जो उस समय नहीं रुका वो उसे पार कर जाता है..।

## रोचक जानकारी

### धर्म का मर्म

गौतम बुद्ध के एक शिष्य थे भिक्षुक विनायक। शास्त्र आदि पढ़कर वे अहंकार से भर गए थे। कहीं भी लोगों को एकत्र कर ज़ोर-ज़ोर से अपना ज्ञान उड़ेलते और नसीहतें देने लगते। महात्मा बुद्ध एक दिन उन्हें भ्रमण के लिए ले गए। एक स्थान पर उन्होंने गायों के एक झुंड की ओर इशारा करते हुए कहा, 'शिष्य, ज़रा गिनकर बताओ कि किस रंग की कितनी गायें हैं।' विनायक ने ध्यानपूर्वक गिनकर ठीक-ठीक संख्या बता दी। बुद्ध ने मुस्कराते हुए पुनः पूछा, 'तो क्या अब ये सभी गायें तुम्हारी हो गईं?' भिक्षुक विनायक चकित होकर बोले, 'मैं समझा नहीं तात, सिर्फ़ गिन लेने भर से ये गायें मेरी कैसे हो सकती हैं?' महात्मा बुद्ध ने गंभीर स्वर में कहा, 'हमारे कर्म भी इन गायों की तरह हैं और धर्म उनका रंग है। जिस प्रकार केवल गिन लेने से ये गायें तुम्हारी नहीं हुईं, उसी प्रकार केवल भाषण देने से सत्कर्म और धर्म के स्वामी नहीं बना जा सकता। धर्म तो तब सार्थक होता है जब हम उसमें संलग्न होकर जीव-प्राणी की सेवा व साधना करें। प्रेम जगाओ, लोगों को केवल सत्कर्म का पाठ मत पढ़ाओ, बल्कि अपने कर्तव्यों का पालन कर उन्हें व्यवहार में लाओ। तभी तुम्हें जीवन के सही अर्थ का बोध होगा।'

एसआईए प्रमुख बोले- सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में बदलाव का दौर

# भारत के लिए सुनहरा मौका




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री एसोसिएशन (एसआईए) के अध्यक्ष और सीईओ जॉन नेफर ने सेमीकंडक्टर की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर बदलाव की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव आ रहा है और इसका सबसे बड़ा फायदा भारत को मिल सकता है। जॉन नेफर नई दिल्ली में आयोजित कार्नेगी ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में बोल रहे थे, जिस दौरान उन्होंने इन बातों पर प्रकाश डाला। बचा दें कि एसआईए दुनिया की बड़ी कंपनियों जैसे एएमडी, एनवीडिया और टीएसएमसी का प्रतिनिधित्व करता है।

**सप्लाई चेन को मजबूत बनाने पर जोर-** नेफर ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद दुनिया ने सेमीकंडक्टर आपूर्ति में कई कमजोरियां देखीं, इसलिए अब ज़रूरी है कि सप्लाई चेन को और विविध और मजबूत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत के पास खासकर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) के क्षेत्र में बेहतरीन क्षमता है, जो सेमीकंडक्टर बनाने की प्रक्रिया में एक अहम हिस्सा होता है।

भारत ने हाल ही में सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में तेज़ी से कदम बढ़ाए हैं। टाटा, अडानी और एलएंडटी जैसे बड़े भारतीय समूह इस सेक्टर में निवेश कर रहे हैं। वैश्विक निवेश बैंक जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सरकार की मददगार नीतियों, सस्ती उत्पादन लागत और पश्चिमी देशों से मजबूत संबंधों की वजह से भारत एक वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बन सकता है। अभी दुनिया में सेमीकंडक्टर की मांग बहुत तेज़ी से बढ़ रही है और अगर भारत इस मौके का सही फायदा उठाए, तो वह इस अहम टेक्नोलॉजी सेक्टर में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बन सकता है।

**यूएस इंडिया ट्रस्ट पहल की शुरुआत-** गौरतलब है कि भारत और अमेरिका मिलकर सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम टेक्नोलॉजी, जैव प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग बढ़ा रहे हैं। इसके लिए इसी साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मिलकर यूएस इंडिया ट्रस्ट नाम की एक नई पहल शुरू की गई थी। इस ट्रस्ट का उद्देश्य तकनीक के जरिये दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करना।

# यूबीएस रिपोर्ट: सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व 2030 तक बढ़कर होगा 108 अरब डॉलर, ऑटो पार्ट्स उत्पादन भी बढ़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व 2030 तक दोगुना बढ़कर 108 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। अभी यह 54 अरब डॉलर है। यूबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीयकरण अवसरों से प्राप्त राजस्व 2030 तक लगभग 13 अरब डॉलर तक रहेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, हम बाजार के लिए आगे मजबूत वृद्धि देखते हैं, जिसमें स्थानीयकरण का अवसर भी शामिल है। भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 2025 से 2030 तक 15 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा। 15 प्रतिशत सीएजीआर का यह अनुमान वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार के लिए हमारे पूर्वानुमान से अधिक तेज है, जिसका श्रेय भारत की अनुकूल जनसांख्यिकी को जाता है। वैश्विक वेफर क्षमता में भारत की हिस्सेदारी केवल 0.1 प्रतिशत, वार्षिक उपकरण खर्च में लगभग एक प्रतिशत व सेमीकंडक्टर में 6.5 प्रतिशत है।



कुछ कंपनियां पहले ही चीन से परे अपने अंतिम असेंबली स्थानों में विविधता लाकर चीन प्लस वन रणनीति पर काम शुरू कर चुकी हैं।

नीति आयोग ने 2030 तक देश के ऑटोमोटिव कलपुर्जा उत्पादन को 145 अरब डॉलर तक बढ़ाने की परिकल्पना की है। इसी दौरान निर्यात 20 अरब डॉलर से तीन गुना बढ़ाकर 60 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। आयोग ने कहा, ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण महत्वाकांक्षी है, फिर भी प्राप्त करने योग्य है। नीति आयोग की रिपोर्ट में ऑटोमोटिव क्षेत्र में भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई रणनीतिक राजकोषीय और गैर राजकोषीय हस्तक्षेपों की रूपरेखा दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिमेडियम लाइफकेयर ने 49.19 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा की

**मुंबई ।** फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स बनाने वाली रिमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई : 539561 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से अपने प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए मंजूरी मिल गई है। इस मंजूरी के बाद तेजी से बढ़ रही ये कंपनी अब अपने मौजूदा शेयरधारकों से पूंजी जुटा सकेगी, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और वह अपने मैन्युफैक्चरिंग, नए प्रोडक्ट्स का विकास और वैश्विक बाज़ार में विस्तार—को आगे बढ़ा सकेगी। रिकॉर्ड डेट तक आपके पास जितने भी पूरी तरह चुकता किए गए 50 शेयर हैं, उनके बदले में आपको 61 राइट्स शेयर मिलेंगे। उद्देश्य- वर्किंग केपिटल की ज़रूरतें, R&D (अनुसंधान एवं विकास) के लिए उपकरण, और विस्तार । कंपनी के होलटाइम डिरेक्टर आदर्श मुन्जाल ने कहा, BSE की यह मंजूरी हमारे सफर में एक महत्व का कदम है। हम अपने ऑपरेशंस को ज़िम्मेदारी और सस्टेनेबल तरीके से बढ़ाते हुए शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह राइट्स इश्यू ऐसे समय में आ रहा है जब रिमेडियम लाइफकेयर को अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों से अच्छा रिस्पोन्स मिल रहा है। फरवरी 2025 में, कंपनी ने यूके की एक प्रमुख फार्मा डिस्ट्रीब्यूटर के साथ 182.7 करोड़ का एक मल्टी-ईयर एक्सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। कंपनी अब ऐसे ग्लोबल सेगमेंट्स में मज़बूत स्थिति में है, जहां एंटी-इंफेक्टिव्स, हृदय रोग, मस्तिष्क संबंधी रोग और कैंसर-सहायक दवाओं की मांग बड़ी तेजी से बढ़ रही है।

### विश्व का नंबर 1 सहकारी समिति इफको त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की घोषणा का स्वागत करता है

**नई दिल्ली ।** इफको ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की घोषणा और 26 मार्च 2025 को निचले सदन द्वारा इसके अनुमोदन का स्वागत किया है। विधेयक की घोषणा करते हुए सहकारिता और गृह मामलों के मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद, आज देश को अपना पहला सहकारी विश्वविद्यालय मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, स्वरोजगार और छोटे उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करेगा, सामाजिक समावेशन को बढ़ाएगा और नवाचार व अनुसंधान में नए मानक स्थापित करने के अवसरों को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश को सहकारिता की भावना से प्रेरित और आधुनिक शिक्षा से सुसज्जित एक नया सहकारी नेतृत्व प्रदान करेगा।
डॉ. उदय शंकर अवस्थी, प्रबंध निदेशक, इफको ने कहा, 卐मैं त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की सराहना करता हूं, जो सहकारी संस्थानों के अग्रणी विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना सहकारी क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगी। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के इस सराहनीय कदम का स्वागत करता हूं। यह भारतीय कृषि, किसानों और ग्रामीण विकास के लिए बहुत बड़ा कदम है। इससे हमारे गांव और मजबूत होंगे।卐उन्होंने कहा, देश भर में क्षेत्र-विशिष्ट स्कूलों की स्थापना से उर्वरक सहकारी संस्थानों, विशेष रूप से इफको को मदद मिलेगी। मौजूदा सहकारी कर्मचारियों के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम एक गेम-चेंजर हैं और यह ऐसा कदम है जो इस पैमाने पर पहले कभी नहीं उठाया गया। यह विश्वविद्यालय मौजूदा कर्मचारियों और सहकारियों को प्रशिक्षित करेगा, जिससे वे अधिक कुशल बनेंगे और सहकारी बिरादरी के लिए एक बड़ी संपत्ति साबित होंगे। इस कदम की सराहना व्यक्त करते हुए दिलीप सांघानी, अध्यक्ष, इफको ने कहा कि यह कदम सुनिश्चित करेगा कि सहकारी नेतृत्व की अगली पीढ़ी के बीजों को एक ऐसी प्रणाली के तहत पोषित और संरक्षित किया जाएगा।

# आनंद महिंद्रा ने कहा, भारत में भी बनना चाहिए शेनझेन जैसा शहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उन्होंने एक बार फिर देश में एक नई बहस शुरू कर दी है। इस बार उन्होंने एक बड़ा सुझाव दिया है। आनंद महिंद्रा हमेशा प्रेरणादायक बातें और नए विचारों को बढ़ावा देते हैं। इस बार उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि भारत को चीन के शेनझेन शेन्ज़ेन शहर जैसा एक शहर बनाना चाहिए। शेनझेन शहर टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र है। आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया ङ्क पर लिखा, भारत में शेनझेन जैसा शहर बनाने का समय आ गया है। उनका कहना है कि भारत को भी शेनझेन की तरह एक प्रतिस्पर्धी शहर की ज़रूरत है। शेनझेन चीन का टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग का हब है। भारत को भी इस शहर से सीख लेनी चाहिए। शेनझेन बहुत तेजी से विकसित हुआ है। यह शहर वैज्ञानिक अनुसंधान और जीडीपी के मामले में भी आगे है।




### नोएडा है राइट च्वॉइस

आनंद महिंद्रा के इस सुझाव पर लोगों ने अपनी राय दी है। कई लोगों ने अलग-अलग शहरों के नाम बताए हैं। कुछ लोगों ने कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद और मछलीपट्टनम जैसे शहरों का ज़िक्र किया है। एक यूजर ने लिखा, नोएडा को भारत का शेनझेन बनाने के लिए आगे बढ़ाना सही रहेगा। यहां पर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम, कंपोनेंट्स इकोसिस्टम और सेमीकंडक्टर रिसर्च सब कुछ मौजूद है। मतलब, नोएडा में वो सब कुछ है जो शेनझेन बनने के लिए चाहिए।

### मछलीपट्टनम का आया सुझाव

एक यूजर ने आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम शहर को इसके लिए सही बताया। उन्होंने कहा कि यह शहर ईस्ट कॉस्ट पर आंध्र प्रदेश के अमरावती के पास है। वहां बहुत सारे लोग खेती छोड़कर दूसरे काम करने के लिए तैयार हैं।
उन्हें लगता है कि यह शहर शेनझेन की तरह ही विकास कर सकता है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि सरकार को मुफ्त चीजें देने की बजाय लोगों को खाना, घर और स्वास्थ्य जैसी जरूरी चीजें देनी चाहिए। साथ ही, लोगों को अपनी स्किल बढ़ाने के मौके भी देने चाहिए।

# वित्त वर्ष 2024 में लैंक्सेस की कमाई में जबरदस्त वृद्धि

- एबिटा (प्रि-एक्सेप्शनल्स) 19.9 प्रतिशत बढ़कर 614 मिलियन यूरो पर पहुंचा
- बिक्री 5 प्रतिशत घटकर 6.366 बिलियन यूरो रही
- फॉरवर्ड! एक्शन प्लान से लागत में उल्लेखनीय कटौती

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया भर में चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद लैंक्सेस ने वित्त वर्ष 2024 में अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। इस अवधि में कंपनी का एबिटा (प्रि-एक्सेप्शनल्स) 19.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 614 मिलियन यूरो पर पहुँच गया, जो पिछले वर्ष 512 मिलियन यूरो था। कंपनी ने 20 जनवरी, 2025 को जारी अपने प्रारंभिक आँकड़ों की पुष्टि की है। कमाई में इस बढ़त का प्रमुख कारण उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग और फॉरवर्ड!कार्य योजना के चलते लागत में आई उल्लेखनीय कमी रही।

हालाँकि लगभग सभी व्यावसायिक इकाइयों ने बिक्री मात्रा में बढ़त दर्ज की, लेकिन समूह की कुल बिक्री 5.2प्रतिशत घटकर 6.366 बिलियन यूरो रही, जो पिछले वर्ष 6.714 बिलियन यूरो थी। यह गिरावट मुख्यतः कच्चे माल और ऊर्जा की लागत में कमी के कारण बिक्री कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई। एबिटा मार्जिन भी सुधरकर पिछले वर्ष के 7.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.6 प्रतिशत हो गया। लैंक्सेस एजी के चेयरमैन, मैथियास जैशर्ट ने कहा, हमने आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद अपने संसाधनों के बल पर मुनाफे में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। यह दर्शाता है कि हमारे संरचनात्मक सुधार प्रभावी हैं, और इनका लाभ हमें इस साल भी मिलेगा। इसलिए, भले ही वैश्विक माँग में व्यापक सुधार नजर न आ रहा हो, हमें 2025 में और अधिक वृद्धि हासिल करने का पूरा विश्वास है। लैंक्सेस को उम्मीद है कि 2025 में आर्थिक और भू-राजनीतिक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण बना रहेगा, लेकिन इसके बावजूद कंपनी पोर्टफोलियो-समायोजित आधार पर लगभग 10प्रतिशत परिचालन वृद्धि के साथ 600 से 650 मिलियन यूरो के बीच एबिटा (प्रि-एक्सेप्शनल्स) दर्ज करने की उम्मीद कर रही है।

# जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने आईपीएल की जीवंत भावना का जश्न मनाते हुए रंगों का खेल 2.0 का अनावरण किया

### सुनील गावस्कर और मिताली राज की मौजूदगी और आईपीएल और डब्ल्यूपीएल की आठ टीमों के साथ भागीदारी

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी पर्यावरण अनुकूल पेंट्स कंपनी और 24 अरब अमेरिकी डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू पेंट्स, आईपीएल 2025 के लिए एक नया अभियान रंगों का खेल 2.0 शुरू करने के लिए तैयार है। पिछले अभियान की सफलता को आगे बढ़ाते हुए नए संस्करण में रंग, सामुदायिक भावना और प्रतिष्ठित चेहरों के मिश्रण के साथ सिनेमाई और उत्सव के अनुभव को और भी बेहतर बनाया गया है। टीबीडब्ल्यूए झ्र इंडिया द्वारा संकल्पित यह एंथम क्रिकेट की जीवंत भावना को दर्शाता है।

फिल्म की शुरुआत एक जाने-पहचाने अंदाज में होती है, जिसमें बच्चों के एक समूह के बीच गली क्रिकेट मैच होता है। क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर और मिताली राज के अप्रत्याशित आगमन से मैच रोमांचक मोड़ ले लेता है।

इसके बाद जो कुछ होता है, वह बदलाव का एक दृश्य तमाशा है। 'रंगों का खेल है' गाने के साथ, फिल्म में बच्चों, वयस्कों और क्रिकेट के दिग्गजों को एक साथ मिलकर आईपीएल और डब्ल्यूपीएल टीमों के अलग-अलग रंगों से एक इलाके को रंगते हुए दिखाया गया है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स की विविध रेंज से प्रेरित यह गीत खुशी, एकजुटता और भावनाओं की भावना को दर्शाता है, जो खेल को सचमुच शानदार बनाते हैं।

जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में आठ टीमों के साथ साझेदारी की है। यह जेएसडब्ल्यू पेंट्स के लिए सबसे बड़े ब्रांड एसोसिएशन में से एक है, जिसमें जेएसडब्ल्यू ग्रुप के सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल (डीसी), कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच), राजस्थान रॉयल्स (आरआर), और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सहित आठ टीमों के साथ साझेदारी शामिल है, साथ ही तीन डब्ल्यूपीएल टीमें, गुजरात जायंट्स, दिल्ली कैपिटल और यूपी वॉरियर्स भी शामिल हैं।

# अगले हफ्ते 100000 पर पहुंच जाएगा सोना!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत समेत दुनियाभर में सोने की कीमतों में आग लगी हुई है। शुक्रवार को दिल्ली के सराफा बाजार में सोने की कीमत 6,250 रुपये प्रति 10 ग्राम उछल गई थी। इस तेजी के साथ सोना बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। जानकारों के मुताबिक सोने में अभी और तेजी आने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि सोने की कीमत एक हफ्ते में प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये पर पहुंच सकती है।

### क्यों बढ़ रही सोने की कीमत?

सोना इस साल यानी 2025 में सोने ने अब तक 20 बार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है। अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वॉर की वजह से लोग सोने को सुरक्षित निवेश मान रहे हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमत बढ़ गई है। इसका असर घरेलू बाजार पर भी दिख रहा है। वहीं भू-राजनीतिक अनिश्चितता, अमेरिकी टैरिफ, केंद्रीय बैंकों द्वारा खरीदारी और ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें इस तेजी को बढ़ावा दे रही हैं।

### दुनिया में कितना महंगा हुआ सोना?

वैश्विक स्तर पर भी सोने की कीमत में जबरदस्त तेजी आई है। स्पॉट सोने की कीमतें पहली बार 3,200 डॉलर प्रति औंस को पार कर गई हैं। अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स तो 3,237.50 डॉलर प्रति औंस पर हैं।

# 30000 लिमिट वाला क्रेडिट कार्ड, 50 हजार तक लोन

### बड़े काम की यह सरकारी स्कीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना काल में नरेंद्र मोदी सरकार ने कई योजनाएं शुरू की थीं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम-स्वानिधि) योजना की भी शुरुआत हुई थी। इस योजना को कोविड-19 लॉकडाउन से प्रभावित स्ट्रीट वेंडर्स को राहत प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से लॉन्च किया गया था। इस योजना का उद्देश्य न केवल स्ट्रीट वेंडर्स को लोन देकर उन्हें सशक्त बनाना है, बल्कि उनके समग्र आर्थिक विकास के लिए भी काम करना है। अब इस योजना के तहत सरकार क्रेडिट कार्ड भी दे रही है।

इस क्रेडिट कार्ड की लिमिट 30 हजार रुपये है। आइए योजना की डिटेल जान लेते हैं।

**योजना की डिटेल-** बीते एक फरवरी को बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने योजना के तहत क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। उन्होंने बताया था कि अब लाभार्थियों को 30,000 की लिमिट वाले यूपीआई लिंक्ड क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे। इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए जरूरी केवाईसी दस्तावेज आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र हैं। अन्य स्वीकार्य दस्तावेज पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या मनरेगा कार्ड हैं। लोन प्राप्त करने के लिए किसी संपार्श्विक या सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। वहीं, री-पेमेंट मासिक किस्तों में होगा।

# बैंक ऑफ इंडिया ने स्पेशल स्कीम को लिया वापस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, बैंक ने अलग-अलग अवधि की मियादी जमा योजनाओं पर ब्याज दर घटाने और 400 दिनों के लिए अपनी स्पेशल एफडी स्कीम वापस लेने की घोषणा की है। बैंक की इस 400 दिन वाली सावधि जमा पर ब्याज दर अधिकतम 7.30 प्रतिशत थी। बैंक ने कहा कि उसने 15 अप्रैल से अलग-अलग मैच्योरिटी के लिए अपनी शॉर्ट और मिड टर्म की सावधि जमाओं पर ब्याज दर कम कर दी है। बैंक का यह निर्णय रिजर्व बैंक की नीतिगत ब्याज दरों में हाल में की गई कटौतियों के बाद आया है।

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India

**किस अवधि के लिए कितनी ब्याज दर-** बैंक ने तीन करोड़ रुपये से कम की राशि की सावधि जमाओं के लिए अपनी दर कम कर दी है। बैंक अब 91 दिनों और 179 दिनों के बीच मैच्योर होने वाली जमाओं के लिए 4.25 प्रतिशत और 180 दिनों से एक वर्ष से कम के लिए 5.75 प्रतिशत की पेशकश कर रहा है। एक वर्ष की अवधि के लिए जमा पर 7.05 प्रतिशत और एक वर्ष से अधिक और दो वर्ष तक की अवधि के लिए 6.75 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी।

### एक वर्ष की अवधि के लिए कितनी ब्याज दर

तीन करोड़ से लेकर 10 करोड़ रुपये से कम की रकम के लिए बैंक 91 दिनों से 179 दिनों के बीच परिपक्व होने वाली जमाराशियों के लिए 5.75 प्रतिशत, 180 दिनों से 210 दिनों तक के लिए 6.25 प्रतिशत और 211 दिनों से एक वर्ष से कम की अवधि के लिए 6.50 प्रतिशत की ब्याज दर देगा। एक वर्ष की अवधि के लिए जमाराशियों पर 7.05 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि एक वर्ष से अधिक और दो वर्ष से कम की अवधि के लिए 6.70 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी। बैंक छह महीने और उससे अधिक की मैच्योरिटी अवधि वाली सावधि जमाओं के लिए सुपर सीनियर सिटीजन की जमाराशियों पर 0.65 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन की तीन करोड़ रुपये से कम की जमाराशियों पर 0.50 प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज दर की पेशकश करता है।



आर्चरी वर्ल्ड कपः

## भारत की स्वर्णिम कामयाबी

# भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम को तीरंदाजी विश्वकप के चरण-1 में गोल्ड

**ऑबर्नडेल (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय तीरंदाजों ने अमेरिका में कामयाबी का परचम लहराया है। तीरंदाजी विश्वकप के पहले चरण में भारत ने स्वर्ण पदक जीता है। कांटे की टक्कर में इंडिया ने चीनी ताइपे के प्रतिद्वंद्वियों को मात दी।

आज स्वर्ण पदक के लिए तीसरी वरीयता प्राप्त चीन से भी मुकाबला होगा। बता दें कि बुधवार को भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ अपना खाता खोला था। अमेरिका में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में भारत ने शानदार शुरुआत की है। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने वर्ल्डकप के इस प्रतिष्ठित मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाड़ियों को पटखनी दी। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने गजब के धैर्य का परिचय दिया और कांटे की टक्कर के दौरान चीनी ताइपे के खिलाड़ियों- हुआंग आई-जौ और चेन चिह-लुन को 153-151 से हराया। पहली और दूसरी सीरीज में पिछड़ने के बाद ज्योति-ऋषभ ने जोरदार वापसी की। दोनों ने मुकाबले को चौथे और निर्णायक सीरीज में जीता, जिसके बाद भारत की झोली में स्वर्ण पदक आया। इससे पहले शुक्रवार को भारत ने यूरोपीय देश स्लोवेनिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

**कांटे की टक्कर; शुरुआत में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी**

फाइनल में गोल्ड के लिए कांटे की टक्कर के बीच भारत की मिश्रित जोड़ी पहली और दूसरी सीरीज में 37-38 और 38-39 से हार गई, लेकिन ज्योति और ऋषभ ने हौसला कायम रखा।

तीसरे सेट में जोरदार वापसी करते हुए दोनों ने दो 10 और एक इनर 10 निशाना लगाया। इसकी बदौलत भारतीय जोड़ी को 39-38 के करीबी अंतर से जीत मिली।

### सोना जीतने से पहले सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने स्लोवेनिया के खिलाड़ियों को हराया

यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि इस स्पर्धा को 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया गया है। क्वालीफिकेशन स्कोर के आधार पर ज्योति और ऋषभ को पांचवीं वरीयता मिली थी। दोनों ने पहले दौर में स्पेन को 156-149 से हराया था। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने डेनमार्क को कांटे की टक्कर में 156-154 से हराया। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने स्लोवेनिया के खिलाड़ियों को 159-155 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई थी।

आईपीएल 2025:

# वाह शर्मा जी के बेटे...

## गुरु युवराज से लेकर तेंदुलकर तक, दिग्गजों ने शतकवीर अभिषेक को ऐसे दी बधाई



**हैदराबाद, एजेंसी।** अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 55 गेंद में 141 रन की पारी खेली। उनकी पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने जीत हासिल की। अभिषेक के मेंटर युवराज सिंह से लेकर सचिन तेंदुलकर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा...कई क्रिकेटरों ने अभिषेक की पारी को शानदार बताया और उन्हें बधाई दी है। आईपीएल 2025 के 27वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का तूफान एक बार फिर देखने को मिला। हैदराबाद में खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ रिकॉर्ड चेज किया। 246 रन के लक्ष्य को सनराइजर्स ने नौ गेंद रहते हासिल कर लिया। इस जीत में अभिषेक शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 55 गेंद में 14 चौके और 10 छक्के की मदद से 141 रन की पारी खेली। अभिषेक के शतक के बाद अब सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ हो रही है।

फैंस से लेकर दिग्गज क्रिकेटर्स भी उनकी तारीफ कर रहे हैं। अभिषेक के मेंटर युवराज सिंह से लेकर सचिन तेंदुलकर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा...कई क्रिकेटरों ने अभिषेक की पारी को शानदार बताया और उन्हें बधाई दी है। युवराज ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- वाह शर्मा जी के बेटे! 98 रन पर सिंगल फिर 99 रन पर सिंगल! इतनी परिपक्वता! शानदार पारी अभिषेक शर्मा। ट्रेविस हेड ने भी शानदार खेल दिखाया। इन ओपनर्स को साथ में देखना एक शानदार अनुभव है! मैच में श्रेयस अय्यर ने भी शानदार खेल दिखाया। उन्हें भी खेलते देखना शानदार है। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने लिखा, अभिषेक की हाथ की गति अविश्वसनीय है और जिस तरह से वह गेंद को मीलों दूर भेजने के लिए अपने हाथों को गेंद के नीचे ले जाते हैं, वह देखने लायक है। यह एक बेहतरीन पारी है।

इसे जारी रखें! सूर्यकुमार ने लिखा- रख विश्वास। उन्होंने सनराइजर्स की एक क्लिप भी शेयर की, जिसमें हैदराबाद के खिलाड़ियों ने अभिषेक की पारी को एक शब्द में बताया है। नीतीश रेड्डी ने इसे- मास कहा। वहीं, अभिनव मनोहर ने इसे- बेहद जरूरी बताया। ट्रेविस हेड ने इसे- अविश्वसनीय बताया। वहीं, क्लिप में अभिषेक की मां भी दिख रही हैं। उन्होंने कहा, सबको खुशी है, पूरे हैदराबाद को खुशी है, मां को भी खुशी है कि हम मैच जीते हैं। थोड़ा स्टॉप लग गया था, लेकिन अब नहीं लगेगा। सूर्यकुमार ने यह वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मां जी ने बोल दिया तो बोल दिया बस। मुंबई इंडियंस के एक और खिलाड़ी तिलक वर्मा ने भी अभिषेक की तस्वीर साझा की है।

आईएसएल कपः

# मोहन बागान सुपर जाएंट ने जीता आईएसएल कप

### बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराया

**कोलकाता, एजेंसी।** मोहन बागान की टीम आईएसएल के इतिहास में एक ही सत्र में लीग विजेता शील्ड और आईएसएल कप जीतने वाली सिर्फ दूसरी टीम बनी।

मुंबई सिटी ने 2020-21 में यह कारनामा किया था। मोहन बागान सुपर जाइंट ने शनिवार को फाइनल में बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में दोहरी सफलता हासिल कर ली। मोहन बागान ने लीग विजेता शील्ड के बाद आईएसएल कप भी अपने नाम कर लिया। पहला हाफ गोल रहित बराबर रहने के बाद 49वें मिनट में मोहन बागान के अल्बर्टो रोड्रिग्ज के आत्मघाती गोल से बेंगलुरू एफसी ने बढ़त बनाई लेकिन जेसन कमिंग्स ने 72वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके



स्कोर 1-1 कर दिया। निर्धारित समय में स्कोर 1-1 रहा। मैच इसके बाद अतिरिक्त समय में खिंचा और जेमी मैकलारेन ने अतिरिक्त समय के छठे मिनट में गोल दागकर मोहन बागान सुपर जाइंटस की जीत सुनिश्चित की। मोहन बागान की टीम आईएसएल के इतिहास में एक ही सत्र में लीग विजेता शील्ड और आईएसएल कप जीतने वाली सिर्फ दूसरी टीम बनी। मुंबई सिटी ने 2020-21 में यह कारनामा किया था।

## पूरन के सिक्सर से घायल हुआ फैन, सिर से निकला खून



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निकोलस पूरन के 31 गेंदों पर 61 रन और एडेन मार्करम के 31 गेंदों पर 58 रन की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने एकाना स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2025 के 26वें मैच में मेहमान गुजरात जायंट्स पर 6 विकेट से आसान जीत दर्ज की। इस दौरान लखनऊ के धमाकेदार बल्लेबाज पूरन के एक छक्के से फैन घायल हो गया और उसके सिर पर चोट लगी। लेकिन फैन ने उपचार के बाद फिर से मैच देखा और टीम की जीत का जश्न मनाया।

गुजरात से मिले 181 रनों का लक्ष्य के जवाब में जब पूरन बल्लेबाजी कर रहे थे तो एक सिक्सर शॉट फैन के सिर पर लगा। फैन के सिर से खून निकल रहा था और उसका उपचार किया गया। हालांकि चोट के बाद फैन ने घायल अवस्था में ही मैच पूरा देखा और टीम के जीतने के बाद जश्न मनाया। उक्त फैन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लखनऊ ने रोमांचक मुकाबले में 3 गेंदें रहते 186 रन बनाते हुए जीत अपने नाम की। पूरन के आईपीएल 2025 में अब तक सबसे ज्यादा रन हैं और वह ऑरेंज कैप होल्ड किए हुए हैं। पूरन अब तक 6 मैच खेले हैं और इस दौरान 6 इनिंग्स में 69.80 की औसत और 87 के हाईएस्ट स्कोर के साथ कुल 349 रन बनाए हैं। आईपीएल 2025 में अब तक उनके नाम 4 अर्धशतक भी हैं। पूरन अभी तक टूर्नामेंट में 26 चौके और 31 छक्के भी लगा चुके हैं।

# हार्दिक पंड्या ने जीता महिला क्रिकेटर का दिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है. वह अभी तक खेले गए 5 मैचों में एक ही जीत दर्ज कर सकी है. इसी बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. इस वीडियो में वह एक भारतीय की एक युवा महिला क्रिकेटर के साथ नजर आए हैं. इस खिलाड़ी से पंड्या महिला प्रीमियर लीग 2025 के दौरान मिले थे. तब उन्होंने एक वादा किया था, जो अब पूरा किया है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हार्दिक पंड्या के साथ युवा ऑलराउंडर खिलाड़ी काशवी गौतम नजर आ रही हैं. काशवी गौतम महिला प्रीमियर लीग 2025 में गुजरात जायंट्स की टीम का हिस्सा थीं. पंड्या ने काशवी गौतम को अपना एक बल्ला गिफ्ट किया है. इस बल्ले पर उन्होंने अपना ऑटोग्राफ भी दिया. साथ ही काशवी गौतम को हाल ही में टीम इंडिया में चुने जाने के लिए बधाई भी दीं. बता दें, काशवी पहली बार भारतीय टीम के लिए सेलेक्ट हुई हैं. पंड्या का ये वीडियो अब फैंस के बीच काफी वायरल हो रहा है और हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है.

बता दें, महिला प्रीमियर लीग 2025 का एलिमिनेटर मुकाबला मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच खेला गया था. मैच के बाद गुजरात जायंट्स टीम की खिलाड़ी हरलीन देओल ने काशवी गौतम की पंड्या के मुलाकात करवाई थी. तब हरलीन देओल ने बताया था कि काशवी मुंबई इंडियंस के कप्तान भी बहुत बड़ी फैन हैं. फिर पंड्या ने गौतम को एक स्पेशल बल्ला देने का वादा किया था. पंड्या ने अब अपना ये वादा पूरा कर दिया है.

**पहली बार भारतीय टीम में शामिल**

काशवी गौतम को 27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका में खेली जाने वाली ट्राई सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है. उन्हें महिला प्रीमियर लीग 2025 में अपनी छाप छोड़ी थी. जहां काशवी ने 9 मैचों में 11 विकेट हासिल किए थे.

### पाकिस्तानी आवाम के सामने हो गई भारी बेइज्जती

# एक ही दिन में हार गए बाबर-रिजवान

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के लिए शनिवार का दिन कुछ खास नहीं रहा. दोनों ही खिलाड़ियों के लिए पाकिस्तान सुपर लीग 2025 की शुरुआत काफी खराब रही. अपने पहले-पहले मैच में इस स्टार खिलाड़ियों को अपने फैंस के सामने हार का सामना करना पड़ा. बाबर इस लीग में पेशावर जाल्मी टीम के कप्तान हैं. वहीं, मोहम्मद रिजवान मुल्तान सुल्तान टीम की कमान संभाल रहे हैं. बाबर को कप्तान के साथ-साथ बतौर बल्लेबाज भी सीजन के पहले मैच में फ्लॉप रहे. पाकिस्तान सुपर लीग 2025 में 12 अप्रैल को डबल हेडर मैच खेले गए. डबल हेडर के पहले मुकाबले में पेशावर जाल्मी का सामना क्वेटा ग्लैडिएटर्स से हुआ, यहां बाबर की टीम पेशावर जाल्मी को करारी हार मिली. इस मैच में क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में



3 विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाए. जिसमें सऊद शकील और फिन एलन का बड़ा योगदान रहा. सऊद शकील ने 42 गेंदों पर 59 रनों की पारी खेली और फिन एलन ने सिर्फ 25 गेंदों पर 53 रन ठोके. लेकिन बाबर की टीम टारगेट का पीछा करते हुए 15.1 ओवर में ही 136 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. बतौर बल्लेबाज बाबर इस मैच में खाता भी नहीं खोल सके. वह सिर्फ 2 गेंदों का सामना करके मोहम्मद आमिर का शिकार बन गए. इस पारी के दौरान पेशावर जाल्मी के कुल 6 खिलाड़ी खाता खोलने में नाकाम रहे, जिसके चलते उनकी टीम को सीजन के पहले ही मैच में बड़ी हार का सामना करना पड़ा.

### शतक लगाकर भी टीम को नहीं जीता से रिजवान

डबल हेडर का दूसरा मैच मुल्तान सुल्तान और डेविड वार्नर की कप्तानी वाली कराची किंग्स के बीच खेला गया. मुल्तान सुल्तान ने मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद रिजवान के शतकीय पारी के चलते 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 234 रन बनाए. जिसमें से 105 रन रिजवान के बल्ले से आए. लेकिन कराची किंग्स ने 19.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर टारगेट चेज कर लिया. इस दौरान जेम्स विंस ने 43 गेंदों पर 101 रनों की तोबड़तोड़ पारी खेली.

## आईपीएल की वजह से आपस में भिड़ गए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, हेड-मैक्सवेल की हुई लड़ाई, स्टोइनिस भी नहीं रहे पीछे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का 27वां मैच काफी रोमांचक रहा. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पंजाब किंग्स पर 8 विकेट से जीत दर्ज की.

इस मुकाबले में फैंस को खूब चौके-छक्के देखने को मिले और एसआरएच की टीम ने 246 रनों के लक्ष्य को हासिल करके धमाल मचा दिया. ये इस लीग के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज था. हालांकि, इस मुकाबले के दौरान ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के बीच गर्मा-गरमी का माहौल भी देखने को मिला.

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल की वजह से आपस में ही भिड़ गए. सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए इस मुकाबले के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टार ट्रेविस हेड और ग्लेन मैक्सवेल के बीच तीखी बहस देखने को मिली. ये घटना सनराइजर्स हैदराबाद की पारी के 9वें ओवर में घटी, तब ग्लेन मैक्सवेल गेंदबाजी पर थे. उनका ये ओवर काफी महंगा साबित हुआ और हेड ने मैक्सवेल के ऊपर लगातार दो छक्के जड़े, जिसके बाद मैक्सवेल ने गुस्से में गेंद को हेड की तरफ थ्रो कर दिया. इसके बाद दोनों स्टार खिलाड़ियों के बीच जुबानी जंग देखने को मिली. इस ओवर के बाद मार्कस स्टोइनिस भी ट्रेविस हेड से कुछ बात करते हुए नजर आए, जो आईपीएल में ग्लेन मैक्सवेल के साथ पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे हैं. हालांकि यह ड्रामा ज्यादा देर नहीं चला. हेड ने मुकाबले के बाद इस लड़ाई पर बयान भी दिया. ट्रेविस हेड ने कहा, 'टीम के साथियों के खिलाफ खेलना हमेशा मजेदार होता है. ये थोड़ी दोस्ताना लड़ाई थी.'

# ओबीसी रिजर्वेशन बढ़ाने की तैयारी, 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 51 प्रतिशत करने की सिफारिश

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में जातिगत जनगणना आयोग ने राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण को वर्तमान 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 51 प्रतिशत करने की सिफारिश की है। यदि यह सिफारिश लागू होती है, तो राज्य में कुल आरक्षण का आंकड़ा 85प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। इसमें 10प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और 24 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए पहले से आरक्षित हैं।



आयोग ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि हाल ही में कराए गए सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण (जातिगत जनगणना) के अनुसार, कर्नाटक की जनसंख्या में ओबीसी वर्ग की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है। इसके आधार पर आयोग ने आरक्षण को जनसंख्या के अनुपात में लागू करने की बात कही है ताकि सरकारी सुविधाओं और अवसरों का समान वितरण सुनिश्चित हो सके।

आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि सर्वेक्षण में पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या 69.6 प्रतिशत पाई गई, फिर भी राज्य की आधे से भी कम आबादी को आरक्षण का लाभ मिल रहा है। यदि आबादी के आधार पर आरक्षण नहीं दिया गया तो सरकारी सुविधाएं समान रूप से वितरित नहीं होंगी।

सूत्रों ने बताया कि सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार 1ए श्रेणी में पिछड़े समुदायों की जनसंख्या 34,96,638, 1बी- 73,92,313, 2ए- 77,78,209, 2बी- 75,25,880, 3ए- 72,99,577 और 3बी श्रेणी में पिछड़े समुदाय की जनसंख्या 1,54,37,113 है। सूत्रों ने बताया कि इस तरह अन्य पिछड़ी जातियों की कुल जनसंख्या 4,16,30,153 है। रिपोर्ट का हवाला देते हुए सूत्रों ने दावा किया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या क्रमशः 1,09,29347 और 42,81,289 है।

आपको बता दें कि सर्वेक्षण की शुरुआत 2015 में एच कंथराज द्वारा की गई थी और बाद में कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के जयप्रकाश हेगड़े ने इसे पूरा किया और फरवरी 2024 में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को रिपोर्ट सौंपी।

**क्षैतिज आरक्षण की भी सिफारिशः** आयोग ने सिफारिश की है कि राज्य सरकार नौकरी और शिक्षा में क्षैतिज आरक्षण को भी लागू करे। इस नीति के तहत महिलाओं, दिव्यांगजनों और अन्य विशेष वर्गों को हर आरक्षित वर्ग के भीतर अलग कोटा मिलता है। उदाहरण के तौर पर ओबीसी वर्ग में महिलाओं या दिव्यांगों के लिए अलग से आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।

**आगामी कैबिनेट बैठक में होगा फैसलाः** यह बहुप्रतीक्षित जातिगत जनगणना रिपोर्ट फरवरी 2024 में सरकार को सौंपी गई थी, जिसे शुक्रवार को सिद्धारमैया कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सरकार अब इस रिपोर्ट पर चर्चा के लिए 17 अप्रैल को विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित करेगी, जिसके बाद सिफारिशों को लागू करने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

यदि यह सिफारिश लागू होती है, तो यह कर्नाटक की राजनीति और समाज में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि 85 प्रतिशत कुल आरक्षण पर संविधानिक और न्यायिक प्रतिक्रियाएं क्या होती हैं।

# एनडीए से नाता तोड़ते ही रची गई आकाली दल को खत्म करने की साजिशः सुखबीर बादल

**अमृतसर, एजेंसी।** अमृतसर में शिरोमणि अकाली दल के अधिवेशन में पार्टी अध्यक्ष के रूप में दोबारा निर्विरोध चुने गए सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को आरोप लगाया कि जब से उनकी पार्टी ने 2020 में एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) से नाता तोड़ा, तभी से उसे खत्म करने की साजिश शुरू हो गई थी। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश बताया और कहा कि बीते छह महीनों में इस साजिश को और तेजी से अंजाम दिया गया है।

बादल ने कहा, हमने किसानों के हक में एनडीए छोड़ा था। जब तक हम एनडीए में थे, तब तक केंद्र को किसी भी अन्याय को अंजाम देने नहीं दिया। लेकिन उसके बाद केंद्र ने अपने लोगों को आगे कर दिया। श्री हजूर साहिब और पटना साहिब जैसे गुरुद्वारा बोर्ड्स को अपने नियंत्रण में लाने की कोशिश की गई।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को हथियाने के लिए उसके नेताओं को बीजेपी में शामिल कर लिया और हरियाणा में एक नई गुरुद्वारा कमेटी बना दी। बादल ने जत्थेदारों पर भी निशाना साधा और कहा, कुछ जत्थेदार, जिन्हें पंथिक हितों के रक्षक की भूमिका में होना चाहिए था, उन्होंने इन ताकतों के इशारे पर काम किया और पंथ के फैसलों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया।

उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि कमेटी ने हमारे तख्तों से उन ताकतों का कब्जा हटाया जो सिख विरोधी थीं। सुखबीर बादल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2027 में शिअद को फिर से सत्ता में लाने की तैयारी करें। उन्होंने वादा किया कि अगली सरकार माफिया राज और गैंगस्टर कल्चर का पूरी तरह खात्मा करेगी। साथ ही पंजाब को देश का नंबर एक राज्य बनाने और सभी वर्गों, किसानों से लेकर कमजोर तबकों तक को उनका हक दिलाने की बात कही। बादल ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल की बरसी 25 अप्रैल को लंबी में मनाए जाने की भी घोषणा की और पार्टी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ को पार्टी के संकट काल में दिए गए योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरियों ने खाए पीपल के पत्ते, दबंग ने माफी मांगने पर भी चरवाहे को मार दी गोली

**मैनपुरी, एजेंसी।** यूपी के मैनपुरी में बकरी ने पीपल के पत्ते खा लिए तो चरवाहा को गोली मार दी गई। पीपल के पेड़ के पत्ते खिलाने पर ग्रामीण चरवाहे को गोली मारकर घायल कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। घायल चरवाहे को बेवर अस्पताल लाया गया, जहां से इसकी हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई तो पुलिस ने उसकी तलाश में दबिश दी लेकिन वह भाग निकला। बताया जा रहा है कि घटना शनिवार दोपहर बाद की है। जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज के विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के कस्बा विशुनगढ़ निवासी बुद्धपाल पुत्र रामनाथ पाल, मनोज कुमार पुत्र सिपाहीलाल, प्रदीप कुमार पुत्र राकेश के साथ बकरियां चरा रहा था। बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नंदुलिया गांव के निकट बकरियों ने पीपल के पेड़ के पत्ते खा लिए। तभी वहां पहुंचे संतोष दुबे पुत्र लल्लू दुबे निवासी चिरावर ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने ब्रह्मपाल को गोली मार दी। गोली उसकी गर्दन के निकट लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। साथी चरवाहों ने बताया कि ब्रह्मपाल ने बकरियों द्वारा पत्ते खाने की बात पर संतोष से माफी भी मांगी लेकिन वह फिर भी नहीं माना और गोली मार दी। सूचना मिलते ही सीओ भोगांव सत्यप्रकाश शर्मा, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घायल को अस्पताल भेजा गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि दबिश दी जा रही है जल्द आरोपी की गिरफ्तारी होगी और उसे जेल भेजा जाएगा। मामले में जांच की जा रही है और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बैंकॉक से जूतों में छिपाकर ला रहा था 6.3 करोड़ का सोना, मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आ रहे एक यात्री के जूतों से करीब 6.3 करोड़ मूल्य का सोना बरामद हुआ है। मामले की जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान इतनी बड़ी मात्रा में सोना बरामद होने के बाद यात्री को हिरासत में ले लिया गया है। इसके साथ ही सोना तस्करी से जुड़े एक संभावित खरीददार को भी गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक डीआरआई के अधिकारियों को इस बात की खुफिया जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे एक यात्री को रोका। उसकी तलाशी लेने पर उसके जूतों में 6.7 किलोग्राम सोना बरामद हुआ.. अधिकारियों के मुताबिक इस सोने की कीमत करीब 6.3 करोड़ रुपए आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल शख्स से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही इस सोने का वह क्या करने वाला था.. क्या वह पहले भी ऐसी तस्करी कर चुका था इस बारे में जानकारी निकाली जा रही है।

### 'इंडिया गठबंधन का क्या हुआ, जमीन में दबा या हवा में गायब, कांग्रेस को उद्धव सेना ने खूब सुनाया

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन की स्थिति के बारे में बात करनी चाहिए। अहमदाबाद में पार्टी के हालिया अधिवेशन में विपक्षी गठबंधन के बारे में सवालों का जवाब देना चाहिए था। पार्टी ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय लेख में कहा कि कांग्रेस ने अहमदाबाद के पार्टी अधिवेशन में केवल अपने बारे में बात की और इंडिया की कहीं भी चर्चा में नहीं हुई। पार्टी ने कहा, 'लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की स्थिति क्या है, इस पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस को अपने अहमदाबाद अधिवेशन में इस पर विचार करना चाहिए था।' शिवसेना (यूबीटी) ने सवाल करते हुए कहा, 'गठबंधन का क्या हुआ? क्या यह जमीन में दब गया या हवा में गायब हो गया? इस सवाल का जवाब देने की जिम्मेदारी कांग्रेस अध्यक्ष की है।' कांग्रेस ने 8-9 अप्रैल को गुजरात में अपना अधिवेशन आयोजित किया। राज्य में कांग्रेस 2 दशकों से सत्ता से बाहर है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अधिवेशन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। उद्धव सेना ने बिहार, गुजरात और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस का रुख भी जानना चाहा।

# गाजियाबाद में आर्बिटल रेल कॉरिडोर का रूट अलाइनमेंट फाइनल, आसपास लगेंगे उद्योग

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में ईस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट (ईओआरसी) का रूट अलाइनमेंट फाइनल हो गया। यह कॉरिडोर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के आउटर में तैयार होगा। कॉरिडोर के किनारे उद्योग भी लगाए जाएंगे।




मुख्य सचिव ने हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रेक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को सर्वे कर डिटेल फिजिबिलिटी स्टडी रिपोर्ट तैयार करने की मंजूरी दे दी। अब इसे तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। लखनऊ में मुख्य सचिव को हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रेक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने गूगल अर्थ पर मार्क करते हुए अलाइमेंट का प्रजेंटेशन दिया। इसमें इस कॉरिडोर को ईस्टर्न पेरिफेरल के आउटर में बनाने की बात कही गई। इसमें आबादी, मार्ग, रेल क्रॉसिंग और अन्य के बारे में भी जानकारी दी गई। तर्क किया गया कि आबादी को देखते हुए शहर की तरफ कॉरिडोर का निर्माण करने में दिक्कत आएगी। ऐसे में ईस्टर्न पेरिफेरल के आउटर यानी मसूरी की तरफ कॉरिडोर तैयार करना आसान होगा। प्रजेंटेशन को देखने के बाद शासन ने एचआरआईडीसी को विस्तृत सर्वे कर डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दे दिए। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि अब इस प्रोजेक्ट में कॉरिडोर के रूट के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। इसके बाद यह रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जहां से आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। बता दें कि इससे पूर्व हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रेक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रतिनिधियों ने जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स को भी प्रजेंटेशन दिया था। प्रोजेक्ट के पूरा होने से गाजियाबाद क्षेत्र में विकास को रफ्तार मिलेगी। कॉरिडोर के पास औद्योगिक हब बनेंगे। साथ ही लॉजिस्टिक पार्क भी विकसित हो सकेंगे। इससे रोजगार की संभावना भी बढ़ेगी। ईस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 135 किलोमीटर है। यह रेल कॉरिडोर दो राज्यों उत्तर प्रदेश और हरियाणा में फैला हुआ है। इसके तैयार होने के बाद दिल्ली में व्यावसायिक ट्रेनों की आवाजाही बंद हो जाएगी।

# केरल में प्रदर्शन के दौरान दिखाई गई तस्वीरों से बढ़ा विवाद

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में वक्फ संसोधन बिल विरोधी प्रदर्शन में मुस्लिम ब्रहदहुड और हमास के चरमपंथी नेताओं की तस्वीरों के दिखाई देने से राज्य में राजनैतिक विवाद बढ़ गया है। बुधवार को जमात-ए-इस्लामी से जुड़े सॉलिडेरिटी यूथ मूवमेंट और स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन द्वारा इंटरनेशनल हवाई अड्डे तक निकाली गई रैली में चरमपंथी नेताओं की तस्वीरें लहराई गईं। इस प्रदर्शन के दौरान कट्टरपंथी नेताओं की तस्वीरें दिखाने का माकपा, भाजपा और कई मुस्लिम विद्वानों ने विरोध किया।




भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन एलडीएफ और विपक्षी यूडीएफ दोनों की कड़ी आलोचना करते हुए मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाया है। भाजपा की तरफ से कहा गया कि राज्य में पार्टियों की वोट बैंक साधने की नीतियों की वजह से आतंकवादी संगठन पनप रहे हैं। इतना ही नहीं भाजपा नेता के सुरेंद्रन ने विरोध प्रदर्शन के दौरान मुस्लिम ब्रदरहुड और हमास जैसे चरमपंथी संगठनों के नेताओं के प्रदर्शन पर भी सवाल उठाए।

सुरेंद्रन ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए पूछा कि भारत की संसद द्वारा पारित किए गए एक कानून के विरोध में मुस्लिम ब्रदरहुड के संस्थापक की तस्वीरें क्यों लेकर आए? ऐसे समय में जब इस संगठन को इसके संस्थापक देश मिस्र में भी प्रतिबंधित कर दिया है.. संयुक्त राष्ट्र भी इसे एक चरमपंथी समूह मानता है तो फिर इसमें केरल के नेताओं की क्या भूमिका है?

वहीं दूसरी तरफ वरिष्ठ माकपा नेता एम वी जयराजन ने इस घटना को लेकर जमात ए इस्लामी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे पर आतंकवादी संगठन के नेताओं की तस्वीरें प्रदर्शित करने से उनके असली इरादे उजागर हो गए हैं। जयराजन ने फेसबुक पर लिखे अपने पोस्ट में कहा, देश की धर्मनिरपेक्ष ताकतों द्वारा ऐसी गतिविधियों का कड़ा विरोध किया जाना चाहिए और उन्हें साथ मिलकर हराना चाहिए।

जयराजन ने कहा कि जमात ए इस्लामी संघ के काम को ही आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उनके द्वारा किए गए इस काम से केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ जो प्रदर्शन हो रहा है वह कमजोर होगा। कई मुस्लिम विद्वान भी जयराजन के इस बात से सहमत होते हुए दिखाई दिए।

# शिंदे-पवार के बीच तकरार कम कराने की कोशिशें तेज

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने दो दिवसीय महाराष्ट्र दौरे के दौरान शनिवार को एनसीपी के वरिष्ठ सांसद और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे के निवास पर दोपहर का भोजन किया। इस मुलाकात ने प्रदेश की राजनीतिक हलचलों को एक नई दिशा दे दी है, खासकर जब बीजेपी, शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी के बीच अहम मंत्रालयों को लेकर खींचतान चल रही है।

यह बैठक ऐसे समय पर हुई है जब रायगढ़ और नाशिक जिलों में संरक्षक मंत्री पद को लेकर सहयोगी दलों में तनाव बना हुआ है। इस साल की शुरुआत में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नाशिक और रायगढ़ के लिए बीजेपी के गिरीश महाजन और एनसीपी की अदिति तटकरे (सुनील तटकरे की बेटी) को संरक्षक मंत्री नियुक्त किया था, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही यह आदेश रद्द कर दिए गए।

शिवसेना का दावा है कि रायगढ़ जिले में उसके विधायक अधिक हैं, इसलिए उसे वहां संरक्षक मंत्री पद मिलना चाहिए। साथ ही, पार्टी नाशिक के लिए भी अपने प्रतिनिधि की मांग कर रही है। दूसरी ओर, एनसीपी अपने पक्ष पर कायम है, जिससे गठबंधन के भीतर शक्ति संघर्ष की स्थिति बन गई है। सुनील तटकरे के घर अमित शाह का भोजन केवल औपचारिकता नहीं माना जा रहा है, बल्कि गठबंधन की अंदरूनी राजनीति को सुलझाने या नए समीकरण बनाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। ऐसे समय पर शाह की यह मुलाकात साफ संकेत देती है कि बीजेपी संभावित असंतुलन को संतुलित करने की कोशिश में जुटी है।

# अभी चुनावों की प्रक्रिया इतनी लंबी है कि देश की प्रगति रुक जाती हैः शिवराज सिंह चौहान

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वन नेशन-वन इलेक्शन के मुद्दे पर पटना के रामकृष्ण द्वारका कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि देश में अभी चुनावों की प्रक्रिया इतनी लंबी और निरंतर चलने वाली है कि इससे देश की प्रगति रुक जाती है। चौहान ने कहा कि राजनीतिक दल हर साल किसी न किसी चुनाव की तैयारी में लगे रहते हैं, जिससे विकास की गति धीमी हो जाती है। अब समय आ गया है कि देश के हर वर्ग की यही मांग है कि चुनाव एक साथ होने चाहिए ताकि संसाधनों और समय का सही उपयोग किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान, बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे और उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भी उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शिवराज सिंह चौहान ने वन नेशन-वन इलेक्शन के पक्ष में अपने विचार रखते हुए कहा कि जब एक राज्य में चुनाव होते हैं, तो वहां पर अन्य राज्यों के अधिकारी भी चुनावी कार्यों में जुट जाते हैं। चुनाव आयोग, सुरक्षा बल और अन्य प्रशासनिक अधिकारी राज्य की सामान्य कार्यप्रणाली को छोड़कर चुनावों में व्यस्त हो जाते हैं, जिससे राज्य का प्रशासनिक काम ठप पड़ जाता है।



चौहान ने उदाहरण देते हुए कहा कि जब बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे राज्यों में चुनाव होते हैं, तो वहां की पूरी पुलिस और अर्धसैनिक बल चुनावी कार्यों में लगे होते हैं। इसके अलावा, चुनाव आयोग के कर्मचारी और अधिकारी भी अलग-अलग विभागों के काम छोड़कर चुनाव कार्यों में लग जाते हैं। उन्होंने बताया कि हर जगह चुनावी तैयारियों के दौरान सरकारी कर्मचारियों जैसे शिक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं को अपने नियमित कार्यों से हटा दिया जाता है। वे चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट बनवाना, घर-घर जाकर नामों की सूची अपडेट करने का काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि जब चुनाव होते हैं तो विभिन्न राज्यों के अधिकारी और सैनिक बल उन राज्यों में भेजे जाते हैं, जहां चुनाव हो रहे होते हैं, जिससे वहां की सुरक्षा-व्यवस्था भी प्रभावित होती है। सुरक्षा बलों का प्राथमिक उद्देश्य जनता की सेवा होना चाहिए, लेकिन वे चुनाव कराने में व्यस्त रहते हैं। चौहान ने कहा, वन नेशन-वन इलेक्शन की प्रक्रिया से न केवल चुनावी खर्च में कमी आएगी, बल्कि सरकारी संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल भी होगा और देश की प्रगति में कोई रुकावट नहीं आएगी।

# फरीदाबाद स्टेशन पर जल्द मिलेगी पार्किंग की सुविधा, इस डेट तक खड़ी हो रही 4 मंजिला इमारत

**फरीदाबाद , एजेंसी।** ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर पार्किंग की सुविधा जल्द मिलेगी। दावा है कि 30 मई तक छह और चार मंजिला पार्किंग स्थल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद एक साथ ढाई सौ कार और साढ़े तीन सौ बाइक एक साथ खड़ी हो सकेंगी। फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को शहर का बड़ा स्टेशन माना जाता है। यहां लंबी और कम दूरी की करीब 90 ट्रेन का ठहराव है। साथ ही रोजाना करीब 30 हजार यात्री इस रेलवे स्टेशन से दिल्ली, गाजियाबाद, मथुरा, कोसीकलां के अलावा मुंबई, राजस्थान, कोटा, इंदौर, दक्षिण भारत के विभिन्न शहरों के लिए ट्रेन पकड़ते हैं। लिहाजा यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा के लिए केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत फरीदाबाद रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 262 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन परिसर बहुमंजिला इमारत बनाए जा रहे हैं। प्लेटफार्म पर भी विकास कार्य किया जा रहा है। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन परिसर में करीब 59 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग की भी सुविधा की जा रही है। बताया जा रहा है कि निमार्णाधीन पार्किंग स्थल का करीब 90 फीसदी काम पूरा हो गया है। इसके बाद इसे वाहनों के लिए खोले जाने की योजना बनाई जाएगी। जानकारी के अनुसार ओल्ड फरीदाबाद की ओर बनने वाली छह मंजिला इमारत में मल्टी स्टोरी पार्किंग के अलावा ऊपरी दो मंजिलों पर रेलवे अधिकारियों, कर्मियों के बैठने के लिए कार्यालय होगा।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को सरकार का ऑफर, एलएमजी लाएं 5 लाख पाएं

## मनपसंद रोजगार भी देगी सरकार

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद जड़ से खत्म करने को सरकार बड़ा ऑफर लेकर आई है। सरकार हिंसा का रास्ता छोड़कर सरेंडर करने वाले नक्सलियों को सुरक्षा के साथ-साथ लाखों रुपये की प्रोत्साहन राशि देने जा रही है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार- व्यवसाय से जोड़ा जाएगा। इस नई नीति के जरिये सरकार नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में लाकर उन्हें सामान्य जिंदगी जीने का अवसर देने जा रही है। नई नीति में सरेंडर करने वाले नक्सलियों और उनके परिवार के प्रति संवेदनशील पहल करते हुए विष्णुदेव साय सरकार ने ऐसे ऑफर शुरू किए हैं।



%%छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत-पुनर्वास नीति 2025%% को लागू करना छत्तीसगढ़ सरकार की राज्य में शांति बहाली, विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि जो हथियार छोड़ेंगे, उन्हें भय नहीं, बल्कि सम्मान मिलेगा। वर्षों से जंगल-जंगल भटक रहे युवा जो किसी भ्रम या दबाववश नक्सली संगठन में शामिल हो गए हैं, उनके लिए यह नीति एक नया जीवन शुरू करने का अवसर है। आत्मसमर्पण कर वे न केवल खुद का, बल्कि अपने परिवार और समाज का भविष्य भी सुरक्षित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हिंसा किसी समस्या के समाधान का रास्ता नहीं है। हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने वाले नक्सलियों को सुरक्षित भविष्य और रोजगार देने हमारी सरकार हरसंभव मदद करेगी। बता दें कि इससे पहले नक्सल मुक्त गांव को 1 करोड़ देने की घोषणा की गई है।

नई नीति में हथियारों के साथ सरेंडर करने वाले नक्सलियों को सरकार ने लाखों रुपये मुआवजा राशि देने का ऐलान किया है। एलएमजी के साथ सरेंडर करने वाले नक्सली को 5 लाख रुपये मुआवजे के तौर मिलेंगे। इसी तरह एके-47, त्रिची असॉल्ट राइफल पर 4 लाख रुपये, मोर्टार पर 2.50 लाख रुपये, एसएलआर- इंसास रायफल पर 2 लाख रुपये, एक्स 95 असाल्ट राइफल, एमपी-9 टेक्टिल पर 1.50 लाख रुपये, थ्री नॉट थ्री राइफल पर 1 लाख रुपये, एक्स-कैलिबर पर 75 हजार रुपये और यूबीजीएल अटेचमेंट पर 40 हजार रुपये, 315/12 बोर बंदुक पर 30 हजार रुपये, ग्लॉक पिस्टल पर 30 हजार रुपये के साथ ही अन्य छोटे हथियारों जैसे कार्बाइन, रिवॉल्वर, वायरलेस, डेटोनेटर आदि पर भी मुआवजा राशि का प्रावधान है। हर सरेंडर नक्सली भले ही उसके पास हथियार हों या न हों, उसे 50 हजार रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यदि कोई सरेंडर करने वाला नक्सली, नक्सलियों द्वारा छिपाए गए आईईडी या विस्फोटकों की सूचना देकर उन्हें बरामद कराता है तो उसे 15,000 से 25,000 तक की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। बड़े हथियार डंप या विस्फोटक सामग्री की जानकारी देने पर एक लाख रुपये तक का इनाम मिलेगा। सरेंडर नक्सली यदि विवाह करने का इच्छुक हैं तो उसको एक लाख की विवाह अनुदान राशि भी दी जाएगी। यदि पति और पत्नी दोनों आत्मसमर्पित नक्सली हैं तो उन्हें एक इकाई मानते हुए यह लाभ दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा घोषित इनामी सूची में शामिल नक्सली के सरेंडर पर उन्हें पूरी इनामी राशि नियमों के अनुसार दी जाएगी। राज्य सरकार की इस नीति के साथ-साथ भारत सरकार की पुनर्वास योजनाओं का लाभ भी आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिलेगा।

# सर्प दोष से मुक्ति पाने को 7 महीने की बेटी को मार डाला, कोर्ट ने मां को सुनाई फांसी की सजा

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में सर्प दोष से मुक्ति पाने के लिए अपनी सात महीने की मासूम बेटी की बलि देने वाली एक 32 वर्षीय गृहिणी को सूर्यापेट की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को मृत्यु दंड की सजा सुनाई। आरोपी महिला बी भारती उर्फ लस्या को अदालत ने यह सजा दुर्लभ से दुर्लभतम मामला मानते हुए सुनाई। यह घटना 15 अप्रैल 2021 की है, जब भारती ने अपने घर में विशेष पूजा के दौरान अपनी बच्ची की गला रेतकर और जीभ काटकर हत्या कर दी थी।

घटना के समय घर में उसका बीमार ससुर मौजूद था, जिसने बच्ची की चीखें सुनकर शक होने पर देखा कि भारती खून से सने कपड़ों में बाहर जा रही है। ससुर ने तुरंत बेटे और पड़ोसियों को सूचित किया। बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। भारती के पति बी कृष्णा ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया, मेरी पत्नी ने पूजा के दौरान कहा कि उसने हमारी बेटी की बलि देकर सर्प दोष से मुक्ति पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भारती को गिरफ्तार किया और जांच शुरू की। कृष्णा ने बताया कि भारती पहले से मानसिक समस्याओं से जूझ रही थी और एक ज्योतिषी ने उसे सर्प दोष होने की बात कही थी, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद प्रभावित हो गई थी। परिवार ने खम्मम के एक मानसिक चिकित्सक से परामर्श लिया था, लेकिन भारती ने दवाएं नहीं लीं। 2023 में भारती ने अपने पति पर भी एक किलो वजनी पत्थर से सोते समय हमला किया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

### बिना नाम लिए कांग्रेस को बताया क्षेत्रीय पार्टी की पिछलग्गू

# मांझी बोले-बिहार में हम 30-40 सीटों पर लड़ेगी पूर्णिया के कसबा से कैंडिडेट किया फाइनल

**पूर्णिया, एजेंसी।** हम पार्टी ने एनडीए की टेंशन बढ़ा दी है। पूर्णिया में पार्टी सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने कहा है कि बिहार में 30 से 40 सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। साथ ही जिले की कसबा विधानसभा सीट पर दावेदारी पेश करते हुए कैंडिडेट की घोषणा भी कर दी है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दावा किया कि आनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी 20 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इसके लिए पार्टी की तैयारी है कि 30 से 40 सीट पर चुनाव लड़ा जाए। जिसकी मांग एनडीए की बैठक में रखी जाएगी। कांग्रेस का नाम लिए बिना उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एक पार्टी, क्षेत्रीय दल की पिछलग्गू बनी हुई है। साथ ही कहा कि पीएम मोदी के कारण वो केंद्र में मंत्री बने हैं। जीतन राम मांझी पार्टी के जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन भी मौजूद रहे।

### इंडी गठबंधन में सीएम फेस की लड़ाई है

अपने संबोधन में जीतन राम मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर साल 2 करोड लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, मगर महज 11 सालों में ही एमएसएमई योजना के तहत 26 करोड लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। इंडी गठबंधन वाले मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री चेहरा के विवाद से नहीं निकल पाए हैं। इंडी गठबंधन का एक ही मुद्दा है, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कौन होगा। जबकि एनडीए गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। एनडीए का मुद्दा 2047 तक विकसित बनना और 2027 तक भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना है।



### कसबा विधानसभा से हम के उम्मीदवार की घोषणा

पूर्णिया के कसबा सीट पर अपनी दावेदारी पेश करते हुए मांझी ने कहा, एनडीए की मीटिंग में सीटों पर बात होगी तो पूर्णिया का की कसबा विधानसभा सीट निश्चित तौर पर हम को ही मिलेगी। जिस सीट पर हमारी पार्टी लड़ती आई है, उस सीट पर पार्टी ने जीत दर्ज की है। पूरा यकीन है कि ये सीट हम के खाते में ही आएगी और राजेंद्र यादव यहां से हम पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

### पहले कहा था-हम से हो सकता है बिहार का अगला सीएम

हम पार्टी के सुप्रीमो और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने 23 मार्च को गया में दावा किया था कि अगर उनकी पार्टी चुनाव में 20 से 25 सीट जीतकर आती है तो अगला सीएम उनकी हम पार्टी से भी हो सकता है। मांझी गया के शेरघाटी में रंगलाल हाई स्कूल मैदान में रविवार को गरीब चेतना सम्मेलन में बोल रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- पूरे बिहार में एनडीए के घटक के रूप में हम पार्टी को 40 सीट मिलनी चाहिए। यदि आपकी पार्टी से 20-25 सीट जीत कर जाते हैं तो आपका आदमी भी मुख्यमंत्री बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नजर हम पर है। मांझी ने कहा, जब कम पढ़-लिखे लोग मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो आपके यहां वकील, डॉक्टर, इंजीनियर सब हैं। यह बातें उन्होंने मगही भाषा में जनता को संबोधित करते हुए कहीं। उनका इशारा साफ था कि अब हम वोट बैंक नहीं, किंग मेकर हैं।



## सोनपुर मंडल में बिना टिकट यात्रियों से वसूले 26.20 लाख

### एक दिन में 4048 लोगों को बिना टिकट यात्रा करने पर पकड़ा, रात 10 बजे तक चला अभियान

हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।

पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल ने बड़ी कार्रवाई की है। मंडल ने एक दिन में चलाए गए मेगा टिकट चेकिंग अभियान में 4048 बिना टिकट यात्रियों से 26.20 लाख रुपए का जुर्माने की वसूली की है। यह विशेष अभियान शनिवार सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलाया गया। इसमें सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, नवगछिया, खगड़िया, बरौनी और मानसी स्टेशन को शामिल किया गया। चेकिंग दल में मंडल के सभी टिकट जांच स्क्वॉड, स्टैटिक और स्लीपर टिकट जांच कर्मी मौजूद थे। वाणिज्य विभाग के सभी अधिकारी, निरीक्षक और पर्यवेक्षक भी अभियान में शामिल रहे।

### सभी ट्रेनों की जांच की

रेलवे ने कई प्रमुख रूट पर विशेष जांच की। इनमें सोनपुर-हाजीपुर, हाजीपुर-मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर-बरौनी, बरौनी-बेगूसराय और खगड़िया-मानसी-नवगछिया शामिल हैं। इन मार्गों पर चलने वाली सभी प्रीमियम, मेल/एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों की जांच की गई। रेल प्रशासन ने यात्रियों से वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की है। इससे रेलवे की आय में वृद्धि होगी। साथ ही यात्रियों को भी किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सोनपुर मंडल ने रेल सेवाओं में यात्रियों के सहयोग की भी अपील की है।



## शराब पीकर तस्कर के घर पर ही तोड़ा दम: भतीजी की शादी में परिवार के साथ आया था ससुराल

### धंधेबाज के घर मिली 3 लीटर महुआ शराब

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक रामाबांध निवासी राधेश्याम राम (35) अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल आया था। 9 अप्रैल को साले की बेटी की शादी थी। उसी में शामिल हुए थे। बेटी की विदाई हो चुकी थी। परिजन कह रहे कि 11 अप्रैल को घर से 1 किमी दूर तस्कर के घर शराब तस्कर अर्जुन भुइयां के घर गए थे। वहां उन्होंने बहुत ज्यादा शराब पी ली और तस्कर के घर के दरवाजे पर ही दम तोड़ दिया। सभी को लगा कि राधेश्याम बेहोश होकर गिरा है। बाद में किसी ग्रामीण ने राधेश्याम को उठाने की कोशिश की तो पता चला उनकी मौत हो गई है। सूचना पुलिस और परिजन को दी गई। शाम करीब 7 बजे पुलिस से पहले परिजन पहुंच गए। पुलिस आई तो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को इनपुट मिली जहां लाश मिली उस घर से शराब की तस्करी होती है। जिसके बाद पुलिस ने तस्कर अर्जुन के घर पर छापेमारी की तो 3 लीटर महुआ शराब मिली। पुलिस ने तस्कर अर्जुन और उसकी पत्नी प्रतिमा देवी को गिरफ्तार कर लिया। आज मृतक राधेश्याम का पोस्टमॉर्टम और केस दर्ज हुआ। घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के गोडीहा गांव के पास की है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि मृतक झारखंड से शराब पीकर घर पहुंचा था। इसके बाद और शराब पीने गोडीहा गांव चला गया। वहां शराब तस्कर अर्जुन के घर शराब मांग रहा था। हालांकि वहां उसे शराब नहीं मिली थी। इसी दौरान उसके घर के पास गिरकर उसकी मौत हो गई। परिजन ने दंपती पर शराब पिलाकर हत्या का आरोप लगाया है, केस दर्ज कर लिया गया है।

### शराब पीने से मेरे दामाद की मौत हुई है

मृतक के ससुर महावीर राम ने कहा कि 2 दिन पहले पोती की शादी थी। राधेश्याम अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल आए हुए थे। 11 अप्रैल को वो गोडीहा गांव गए हुए थे। वहां अर्जुन भुइयां के घर पर उन्होंने शराब पीया था। अर्जुन शराब का धंधा करता है।

### जहां घटना हुई वहां से झारखंड 5 किमी दूर

जिस जगह पर घटना हुई है। वहां से झारखंड की दूरी करीब 5 किमी है। इस कारण इस इलाके में शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। कई लोग तस्करी भी करते हैं। झारखंड से औरंगाबाद में प्रवेश के कई रास्ते हैं। जिससे तस्कर आसानी से आना-जाना करते हैं। हालांकि पुलिस की ओर से सड़क मार्ग पर वाहनों की जांच की जाती है, पर कुछ वैकल्पिक रास्ते है जो सुनसान है, वहां कोई नजर नहीं रखता है। हालांकि पुलिस का दावा है कि इन रास्तों पर भी नजर रहती है।

## रेल मेला की शुभारंभ, पहले दिन श्याम शैलजा दी प्रस्तुति

### कटिहार में श्याम शैलजा की प्रस्तुति से कार्यक्रम की हुई शुरुआत, भारी संख्या में जुटे लोग

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार में रेल मेला 2025 का भव्य शुभारंभ शनिवार की शाम को हुआ। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, कटिहार की मेयर उषा देवी अग्रवाल, डीआरएम सुरेंद्र कुमार और महिला रेल समिति की अध्यक्षा मीता कुमार ने दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। रेल प्रशासन ने बैलून उड़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्थानीय कलाकार मनीषा देबथ ने अपनी प्रस्तुति दी। रॉक ऑन डांस ग्रुप ने शास्त्रीय और भरतनाट्यम का फ्यूजन नृत्य पेश किया। किलकारी बाल भवन की ओर से शिवांशी ने चकेवा एट्स मोर पंखिया नृत्य में मुख्य भूमिका निभाई। निकिता वरदमन ने सैक्सोफोन पर मधुर धुनें बजाई। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण बिहार की प्रसिद्ध गायिका श्याम शैलजा झा रहीं। उनकी सुरीली प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का समापन रात 9:30 बजे पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। बता दें कि रेल प्रशासन ने बैलून उड़ाकर मेले की शुरुआत की।

### शास्त्रीय गाने और भरतनाट्यम देख झूमे दर्शक

स्थानीय कलाकारों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। शाम 5 बजे मनीषा देबनाथ ने प्रस्तुति दी। 5:10 बजे रॉक ऑनडांस ग्रुप ने शास्त्रीय और भरतनाट्यम फ्यूजन नृत्य पेश किया गया। 5:15 बजे किलकारी बालभवन ने चकेवा एट्स मोर पंखिया नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें शिवांशी मुख्य भूमिका में रहीं। 6:30 बजे निकिता (वर्दमान) ने सैक्सोफोन पर मधुर धुनें बजाई। 7:30 बजे मनीषा देबनाथ ने तेरे नाम से जी लूं तेरे नाम से मर जाऊं.... तेरी जान के सदक़े में कुछ ऐसा कर जाऊं.. तूने क्याकर डाला मर गई मैं, मिट गई मैं,हो जी, हां-हां जी, हो गई मैं तेरी दीवानी, दीवानी, तेरी दीवानी,दीवानी गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्धकर दिया। मेले में रेलवे के दर्जनों विभागों ने स्टॉल लगाए।






### खाने पीने के भी लगाएं गए स्टॉल

मेले में रेलवे के विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए। यहां रेल की ऐतिहासिक जानकारियां और नई तकनीकों की जानकारी दी गई। रेलवे महिला समिति, एनएफ रेलवे मजदूर यूनियन और एनएफ रेलवे इंप्लॉई यूनियन ने भी स्टॉल लगाए। यहां निःशुल्क पेयजल और स्वीट कॉर्न की सुविधा थी। बच्चों के लिए झूले और मिकी माउस का विशेष आकर्षण था। खान-पान के स्टॉल में चाय, गोलगप्पे, मोमो, वेज केक, आइस गोला और कोल्ड ड्रिंक्स की दुकानें लगी थीं।



## स्कूल में महिला टीचर ने छात्रों से साफ करवाई स्कूटी, अब ऐक्शन की तैयारी

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के एक स्कूल में हैरान कर देने वाली घटना हुई है। यहां स्कूल की एक शिक्षिका पर आरोप लगा है कि उन्होंने छात्रों से अपनी स्कूटी धुलवाई है। महिला टीचर पर संगीन आरोप लगने के बाद से हड़कंप मच गया है। शिक्षिका द्वारा छात्र से स्कूटी धुलवाने का एक कथित वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि, इस वीडियो के सामने आने के बाद अब शिक्षिका पर ऐक्शन की भी तैयारी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह पूरा मामला भागलपुर के जगदीशपुर प्रखंड के मुखेरिया मध्य विद्यालय का है। बताया जा रहा है कि यहां एक महिला शिक्षिका की स्कूटी में कीचड़ लग गया था। जिसके बाद महिला टीचर ने स्कूल के कुछ छात्रों को उनकी स्कूटी साफ करने के लिए कहा। जो कथित वीडियो वायरल हुआ है उसमें कुछ छात्र स्कूल यूनिफॉर्म में स्कूटी साफ करते नजर आ रहे हैं। महिला टीचर भी उस वक्त वहां खड़ी नजर आ रही हैं। स्कूल में छात्रों से स्कूटी साफ करवाने पर अब महिला टीचर के पर ऐक्शन की तैयारी भी चल रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### डीपीओ माध्यमिक में परसा हाई स्कूल का किया निरीक्षण

**छपरा, एजेंसी।** डीपीओ माध्यमिक अजीत कुमार हरिजन ने शनिवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयशंकर प्रसाद गुप्ता से विद्यालय संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्र उपस्थिति पंजी व शिक्षक उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राओं का भी अवलोकन किया व शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ एक बैठक आयोजित करते हुए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष बल दिया। साथ ही नए शैक्षणिक सत्र में विद्यालय की सभी गतिविधियों को नियमित रूप से जारी रखने व वर्ग संचालन पर विशेष फोकस रखते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपनी नैतिक जिम्मेवारी के साथ अध्यापन कार्य करने का भी निर्देश दिया। - चनचौरा-माधोपुर हाईस्कूल ने निकाली साइकिल नामांकन रैली रसूलपुर। थाना क्षेत्र के चनचौरा - माधोपुर हाईस्कूल में छात्र -शिक्षकों ने नामांकन रैली शनिवार की सुबह निकाली।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लगातार कई महीनों से लगाई जा रही कैंप

### विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ होम्योपैथी डॉक्टर भी मौजूद

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा नालंदा द्वारा आज साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर बिहार शरीफ स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहकर नागरिकों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. सुमित राज (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ), डॉ. उमेश कुमार सिंह एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार (फिजिशियन), डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. बालमुकुंद (सर्जन), डॉ. उदय देव रंजन (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम (फिजियोथैरेपिस्ट) तथा डॉ. गौतम कुमार (होम्योपैथिक चिकित्सक) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।



### पिछले कई महीनों से शिविर का आयोजन

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव ने बताया कि इस शिविर में मधुमेह (शुगर) की जांच निशुल्क की जाएगी। साथ ही होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पारंपरिक और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति से इलाज की सुविधा एक ही छत के नीचे मिल सकेगी। पिछले कई महीनों से निरंतर चल रहे इन साप्ताहिक शिविरों से क्षेत्र के हजारों नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं।

विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को इन शिविरों से काफी राहत मिली है, जिन्हें अक्सर महंगी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी नालंदा शाखा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाए और स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम बढ़ाएं !

## 10वीं के छात्र को प्रिंसिपल ने हार्ड पाइप से पीटा: टीशर्ट पहनकर नहीं जाने पर वारदात

### शरीर पर नीले जख्म के निशान; हाथ में आई गंभीर चोट

**गया, एजेंसी।** गया में माड़नपुर में परमज्ञान निकेतन स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र के साथ बर्बरता का मामला सामने आया है। जिसमें टीशर्ट पहनकर स्कूल नहीं आने पर प्रिंसिपल ने स्टूडेंट की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित छात्र के हाथ-पैर में कई जगहों पर नील पड़े हैं। इस मामले में छात्र के पिता रंजन यादव ने विष्णुपद थाना में लिखित शिकायत की है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, स्कूल डायरेक्ट रेमश कुमार सिन्हा ने आरोपी प्रिंसिपल को अगले 25 दिनों के लिए फोर्स लिव पर भेज दिया है। साथ इस घटना पर खेद जताते हुए कहा कि इस तरह की घटना स्कूल में नहीं होनी चाहिए थी। इस मामले में विष्णुपद थाना इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव का कहना है कि शिकायत देर शाम आई है, उसकी जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विष्णुपद थाना में दिए गए आवेदन में रंजन यादव का कहना है कि 12 अप्रैल को उनका बेटा स्कूल गया था। दोपहर तक सब सामान्य था, लेकिन शाम को स्कूल से फोन आया कि बच्चा घायल हो गया है। परिजन जब स्कूल पहुंचे तो देखा कि छात्र को बेरहमी से पीटा गया है। उसके दोनों हाथों में गंभीर चोटें थीं। दाहिना हाथ पूरी तरह से काम करना बंद कर चुका था।

### टीशर्ट पहन कर स्कूल नहीं जाने पर हार्ड पाइप से पिटाई

छात्र ने बताया कि शनिवार को स्कूल ड्रेस के मुताबिक टीशर्ट पहन कर जाना था लेकिन हम टीशर्ट में स्कूल नहीं जा सके थे क्योंकि हमारे पास टीशर्ट नहीं है। उसने बताया कि जहां से टीशर्ट लेना था, वहां हमारे साइज की टीशर्ट नहीं थी। दुकानदार ने 4 से 5 दिन बाद टीशर्ट देने की बात कही थी। इस वजह से शनिवार को टीशर्ट पहन कर हम स्कूल नहीं जा सके। आम दिनों वाला ही स्कूल ड्रेस पहन कर स्कूल शनिवार को गए तो स्कूल के एक टीचर बुलाकर प्रिंसिपल के पास ले गए।



प्रिंसिपल पहले लकड़ी के डंडे से पीटा, जब वो टूट गया तो प्लास्टिक के हार्ड पाइप से बेरहमी से पिटाई की। जब मैं घर पर बात बताने का बोला तो सर ने कहा कि स्कूल की बदनामी होगी। हम इलाज करवा देंगे। पीड़ित छात्र के पिता रंजन यादव ने शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य और आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि दोबारा किसी और छात्र के साथ ऐसी घटना न हो। फिलहाल छात्र घर पर है और उसका इलाज निजी डॉक्टर से चल रहा है।

### प्रिंसिपल को फोर्स लीव पर भेजा

स्कूल के डायरेक्टर रमेश कुमार सिन्हा ने कहा कि स्कूल में चिंताजनक घटना हुई है। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी। हमने स्कूल प्रिंसिपल को उनके पद से हटाते हुए फोर्स लिव पर भेजा है। उनकी जगह पर दूसरे सीनियर टीचर को प्रभारी प्रिंसिपल की जिम्मेवारी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि जानकारी में बात आई है कि स्टूडेंट्स ने प्रिंसिपल को अपशब्द कहे थे। जिसके बाद यह घटना हुई। हालांकि जांच जारी है और प्रिंसिपल को फ़िलहाल हटाया गया है।

## लूटपाट का विरोध करने पर व्यवसायी को मारी गोली, गंभीर



**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में शनिवार की रात बदमाशों ने एक व्यवसायी को गोली मार दी। घटना राघोपुर थाना क्षेत्र के धरहरा मंदिर के पास की है। घायल व्यक्ति की पहचान चंदन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चंदन कुमार अपने बड़े भाई सुमित कुमार के साथ भोज से लौट रहे थे। तभी पहले से घात तीन बदमाशों ने व्यवसायी को लूटने की कोशिश की। जिसका विरोध करने पर बदमाशों ने उनपर गोली चला दी। घायल होने के बावजूद चंदन ने हिम्मत दिखाते हुए दो बदमाशों को पकड़ लिया। इनमें से एक बदमाश मौका पाकर भाग निकला। एक अन्य बदमाश पहले ही फरार हो चुका था। स्थानीय लोगों की मदद से एक बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसके बाद घायल चंदन को पहले सिमराही के रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया गया। घटना से इलाके के व्यवसायियों में दहशत है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की है। राघोपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है। साथ ही आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# ड्रीम गर्ल 2 से छुट्टी होने पर छलका नुसरत का दर्द



## अनन्या पांडे ने किया रिप्लेस

नुसरत भरूचा ने कहा, मैं उन लोगों के साथ काम करूंगी, जो मेरे साथ काम करना चाहते हैं, जो सेट पर मेरी मौजूदगी को महत्व देते हैं। दीवार में सिर मार के क्या होगा? फिल्म ड्रीम गर्ल में नुसरत का अभिनय दर्शकों को काफी पसंद आया। मगर, सीक्वल में माही राजपूत के उनके किरदार को अनन्या पांडे ने रिप्लेस कर दिया। फिल्म की रिलीज के करीब दो साल बाद अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उन्हें रिप्लेस किए जाने पर दुख हुआ। सीक्वल का हिस्सा नहीं बनाए जाने पर वे आहत हुईं। खासकर यह पता चलने के बाद कि उन्हें छोड़कर पूरी कास्ट को दूसरे पार्ट में शामिल किया गया। नुसरत ने नयनदीप रक्षित के टॉक शो में यह



## बोलीं- दीवार में सिर मारकर मेरा सिर ही फूटेगा

नुसरत ने कहा, मैं जो लड़ाई लड़ सकती हूं, वह है खुद पर हार न मानना। मैं उन लोगों के साथ काम करूंगी जो मेरे साथ काम करना चाहते हैं। जो मानते हैं कि मैं उनके किरदार में जान डालूंगी और उनकी कहानियों और लेखन के साथ न्याय करूंगी। दीवार में सिर मारकर क्या होगा? सिर ही टूटेगा अपना। कोई बात नहीं, कोई और दरवाजा बना लूं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री नुसरत भरूचा की फिल्म छोरी 2 हाल ही में रिलीज हुई है। इस हॉरर फिल्म में उनके साथ सोहा अली खान नजर आई हैं।

साल 2019 में आई फिल्म ड्रीम गर्ल में आयुष्मान खुराना के साथ नुसरत भरूचा नजर आईं। हालांकि, वर्ष 2023 में जब इसका सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 आया तो नुसरत को फिल्म से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उनकी जगह अनन्या पांडे सीक्वल का हिस्सा बनीं। इस पर नुसरत भरूचा का दर्द छलका है। नुसरत का कहना है कि यह सही नहीं था, उनके अलावा फिल्म की पूरी स्टारकास्ट सीक्वल में नजर आई।

### मैं किसी के फैसले पर सवाल नहीं उठा सकती?

उन्होंने कहा, मुझे तब और भी दुख हुआ जब मैं अपनी ही फिल्म की अगली कड़ी का हिस्सा नहीं बनी। खासकर यह जानकर की फिल्म का हर कलाकार सीक्वल का भी हिस्सा था, सिवाय लीड एक्ट्रेस के। मुझे लगा कि यह अच्छा नहीं था। नुसरत ने आगे कहा कि जब उन्हें पता था कि कुछ भी नहीं बदलेगा तो वह किसी चीज के लिए लड़ नहीं सकती थीं। अभिनेत्री ने कहा, मैं किस बात के लिए लड़ूं? मैं क्या कहूंगी? मैं क्यों नहीं हिस्सा बनी? ठीक है, वे कहेंगे, हम तुम्हें नहीं लेना चाहेंगे। यही सच्चाई है। और यहीं पर बात खत्म हो जाती है। आखिरकार, यह किसी शख्स का चुनाव है। मैं उस पर सवाल नहीं उठा सकती।

# रिद्धि डोगरा ने 'फुले' विवाद पर दी प्रतिक्रिया बोलीं- 'फिल्मों को क्यों निशाना'

प्रतीक गांधी और पत्रलेखा अभिनीत फिल्म फुले के रिलीज डेट को टाल दिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म सर्टिफिकेशन बोर्ड द्वारा कुछ कट लगाए हैं, जिसे लेकर अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने प्रतिक्रिया दी है। इसमें उन्होंने कहा कि हमेशा फिल्मों को क्यों निशाना बनाया जाता है, इसके बारे में सवाल किया है।



बॉलीवुड अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने फुले फिल्म को लेकर अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्होंने एक पत्रकार का पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में लिखा है कि फिल्म सर्टिफिकेशन बोर्ड ने फुले फिल्म की रिलीज को रोक दी है, जिसमें कहा गया कि दलित जाति वालों के साथ प्रताड़ना वाले सीन को बोर्ड ने हटाने को कहा है।

इस पर अभिनेत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि यह बहुत निराशाजनक है। अभिनेत्री ने सवाल किया कि सभी सिनेमा से क्यों इतने दुखी है, क्या उन्हें अपने आसपास के वास्तविक अन्याय नहीं दिखते जिस पर वह सही तरह के एक्शन ले सकें और उसे बदल सकें। सभी के द्वारा सिर्फ सिनेमा को ही निशाना,उन्हें निराश करता है।

# सोनू कक्कड़ ने तोड़ा नेहा और टोनी के साथ रिश्ता

कक्कड़ भाई-बहनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। तीनों में सबसे बड़ी सोनू कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह अब गायिका नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ की बहन नहीं हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक चौंकाने वाला बयान साझा किया। उन्होंने लिखा, आप सभी को यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मैं अब दो प्रतिभाशाली सुपरस्टार्स टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ की बहन नहीं हूं। मेरा यह फैसला गहरी भावनात्मक पीड़ा से उपजा है और मैं आज वाकई बहुत निराश हूं। सोनू कक्कड़ का यह पोस्ट जैसे ही अपलोड हुआ, यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में सवालों की बाढ़ ला दी। अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि सोनू ने अपने भाई-बहनों से अलग होने का इतना बड़ा फैसला क्यों लिया। सोनू को इंडियन आइडल 12 और सा रे गा मा पा पंजाबी जैसे सिंगिंग रियलिटी शो को जज करने का श्रेय दिया जाता है। इसके बाद वह कोक स्टूडियो इंडिया में भी नजर आईं। इतना ही नहीं, सोनू अपने भाई-बहन नेहा और टोनी कक्कड़ के साथ पेशेवर रूप से भी जुड़ी हुई थीं। गायिका ने भाई टोनी द्वारा गाए गए कई गानों को अपनी आवाज दी, जिनमें अखियां नू रहन दे, अर्बन मुंडा, फिर तेरी बाहों में, ऊह ला ला, फंकी मोहब्बत और बूटी शेक शामिल हैं। इनमें से कुछ गानों को नेहा ने सोनू के साथ मिलकर गाया है।



# गर्मी से राहत के लिए तापसी पन्नू ने बांटे पंखे और कूलर



मुंबई में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। इस बीच गर्मी से निपटने के लिए अभिनेत्री तापसी पन्नू ने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों को पंखे और वाटर कूलर वितरित किए। इस नेक काम के लिए तापसी ने हेमकुंट फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। नेक काम कर खुश हुईं अभिनेत्री ने बताया, हम अक्सर पंखे या कूलर जैसी बुनियादी सुविधाओं को हल्के में लेते हैं, लेकिन बहुत से लोगों के लिए, खासकर इस असहनीय गर्मी में हल्की हवा भी एक आशीर्वाद की तरह होती है। इस पहल से मैं प्रभावित हूं और इसका हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं। यह सिर्फ देने के बारे में नहीं है। यह लोगों के साथ खड़े होने, उनके दर्द को समझने और उन्हें कम करने के लिए जो कुछ भी हम कर सकते हैं, करने के बारे में है। हेमकुंट फाउंडेशन के निदेशक हरतीरथ सिंह ने कहा, जब तापमान 40 डिग्री को पार कर जाता है, तो झुग्गी-झोपड़ियों में रहना लगभग मुश्किल हो जाता है। ये संकरे हैं, जहां बमुश्किल कोई वेंटिलेशन होता है। लोग बिना पंखे या कूलर के पूरा दिन मुश्किलों में गुजारने को मजबूर होते हैं और लोगों के इसी दर्द को हमने समझा और मदद करने का ख्याल हमारे मन में आया। उन्होंने आगे बताया कि यह संदेश देने के लिए है कि वे अकेले नहीं हैं। यह छोटे-छोटे तरीकों से मानवता के लिए आगे आने और लोगों के दर्द को समझने से संबंधित है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो तापसी पन्नू की अपकमिंग फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी हो चुकी है। हाल ही में इश्वाक सिंह, लेखिका कनिका ढिल्लों और निर्देशक देवाशीष मखीजा की तस्वीरों को पोस्ट करते हुए अभिनेत्री ने बताया था कि इस फिल्म के लिए उन्होंने खूब मेहनत की। कनिका ढिल्लों के साथ तापसी पन्नू कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। गांधारी दोनों की साथ में छठी फिल्म है। दोनों साथ में मनमर्जियां, हसीन दिलरुबा और फिर आई हसीन दिलरुबा जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।

# ये तो बुड्ढा हो गया... जब एज शेमिंग के शिकार हुए सलमान



सलमान खान 59 के होकर भी अपनी फिटनेस का पूरा ख्याल रखते हैं. सलमान खान को अक्सर जिम में खूब पसीने बहाते हुए देखा जा सकता है. हालांकि समय के साथ अब सलमान खान के चेहरे पर उम्र झलकने लग गई है. यही वजह है जो फिल्म सिकंदर के रिलीज के बाद सलमान खान सोशल मीडिया पर ट्रोल हो गए थे. लोगों ने सोशल मीडिया पर सलमान खान को बुड्ढा कहना शुरू कर दिया था. इसी बीच सलमान खान ने कुछ ऐसा कर दिया है जिसकी वजह से उनके हेटर्स की बोलती बंद हो गई है. अब सलमान खान के हेटर्स उनको बूढ़ा नहीं बोल पाएंगे.

हाल ही में सलमान खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है. इस वीडियो में सलमान खान शॉर्ट्स में नजर आ रहे हैं. मौका पाते ही सलमान खान एक पेड़ पर जा चढ़े. सलमान खान पेड़ पर लगी बेरीज को तोड़ने के लिए चढ़े थे. सलमान खान की फुर्ती देखकर हर कोई दंग रह गया है. लोग कह रहे हैं कि सलमान खान को देखकर लग ही नहीं रहा है कि वो जल्द ही 60 के होने वाले हैं. अब सलमान खान का ये वीडियो सोशल मीडिया पर आग लगा रहा है. लोग सलमान खान की फुर्ती की जमकर तारीफ कर रहे हैं. गौरतलब है कि सलमान खान कभी भी अपने हेटर्स से कुछ नहीं कहते हैं. लोग पता नहीं सोशल मीडिया पर सलमान खान के बारे में क्या क्या लिखते हैं लेकिन भाईडान इन बातों पर रिएक्ट नहीं करते.हालांकि इस बार इस वीडियो के जरिए सलमान खान ने अपने हेटर्स को चुप करा दिया है जो कि उनकी एज शेमिंग कर रहे थे. अब कोई भी सलमान खान को कुछ नहीं बोल पाएगा. बता दें कि हाल ही में सलमान खान की फिल्म सिकंदर रिलीज हुई है. हालांकि सलमान खान की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही है.

**फातिमा सना शेख ने हाल ही में एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम करने का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वह दौर उनके लिए कुछ खास अच्छा नहीं रहा।**

# सेट पर वो सब सुनती थी जो बच्चों के लिए सही नहीं था', बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट ऐसे दौर से गुजरी यह एक्ट्रेस



बॉलीवुड की अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने हाल ही में अपने बचपन के दिनों को याद किया, जब वह बतौर बाल कलाकार काम करती थीं। इस दौरान उन्होंने कई बातों का खुलासा किया। अभिनेत्री का एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम करने का अनुभव कुछ खास अच्छा नहीं रहा। उन्होंने बताया कि उन समय उन्हें कई परेशानियों से गुजरना पड़ा था।

## बाल कलाकार के रूप में कैसा रहा फातिमा का अनुभव

फातिमा सना शेख ने फिल्मफेयर की खास इंटरव्यू सीरीज इन द रिंग विद फिल्मफेयर में अपने दिल की बातें साझा कीं। इस दौरान फातिमा ने अपने बचपन और एक बाल कलाकार के तौर पर अपने अनुभवों को याद किया। उन्होंने बताया कि उस समय उन्हें कई ऐसी परिस्थितियों से गुजरना पड़ा, जो किसी बच्चे के लिए सही नहीं थीं। अभिनेत्री ने आज के समय की तुलना पहले की स्थिति से भी की। फातिमा इश्क, चाची 420, बड़े दिलवाला, खूबसूरत जैसी फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम कर चुकी हैं।

## फातिमा ने याद किए संघर्ष के दिन

फातिमा ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा, जब मैं छोटी थी, तब मुझे 15-15 घंटे काम करना पड़ता था। सेट पर कई बार बड़ों की ऐसी बातें सुनने को मिलती थीं, जो मेरे लिए समझना मुश्किल था। वयस्कों के बीच की वो सब बातें सुनती थी, जो बच्चों के लिए सही नहीं था। उन्होंने आगे बताया कि उनके माता-पिता उनके साथ होते थे, लेकिन एक बार काम की जिम्मेदारी तय होने के बाद ज्यादा निगरानी नहीं होती थी। उन्होंने आज के समय की तारीफ की और कहा, अब बाल कलाकारों के लिए सख्त नियम हैं। उनके काम

कॉमेडी क्वीन ने किया रिटायरमेंट प्लान रिवील

# भारती छोड़ रही हैं मनोरंजन इंडस्ट्री!



कॉमेडी की दुनिया में अपनी खास पहचान बना चुकीं भारती सिंह ने हाल ही में एक दिलचस्प और हैरान कर देने वाला खुलासा किया है। उन्होंने अपने रिटायरमेंट प्लान के बारे में बात की है और बताया कि आने वाले कुछ सालों में वह मनोरंजन इंडस्ट्री से अलविदा कहने की सोच रही हैं।

## ➢ अब नहीं करना चाहतीं काम - भारती सिंह

भारती ने बताया कि उन्होंने बहुत कम उम्र से काम करना शुरू कर दिया था, जिस वजह से उन्हें कभी यह एहसास नहीं हुआ कि वो एक लड़की हैं। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा खुद को एक महिला की तरह ही देखा है। अब मेरी ये ख्वाहिश है कि मेरा बेटा जब बड़ा हो, तो वो मुझे महसूस करवाए कि मैं एक लड़की हूं। भारती का कहना है कि वह 8-10 साल बाद काम से पूरी तरह ब्रेक लेना चाहती हैं और अपने बेटे के साथ जिंदगी को खुलकर जीना चाहती हैं।

## ➢ हर्ष को बता चुकी हैं अपनी प्लानिंग

भारती ने खुलासा किया कि वह अपने पति हर्ष लिम्बाचिया से इस बारे में पहले ही बात कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वह अब ज्यादा समय काम में नहीं बिताना चाहतीं। उनका सपना है कि जब उनका बेटा गोला (जिसकी उम्र अभी 3 साल है) 13 साल का हो जाए, तब वह उसे लेकर दुनिया घूमें। भारती ने कहा, मैं गोला को लेकर अलग-अलग देशों में घूमना चाहती हूं। हर्ष यहां रहकर अपने पॉडकास्ट करेंगे और मैं गोले के साथ स्विट्जरलैंड जैसे खूबसूरत देशों में रहूंगी।

## ➲ भारती की रिटायरमेंट पर फैंस हुए भावुक

भारती के इस बयान के बाद उनके फैंस थोड़े इमोशनल और टेंशन में आ गए हैं। लोगों को भारती का ये फैसला भले ही समझदारी भरा लगे, लेकिन उन्हें इस बात का दुख है कि कुछ सालों बाद वह उन्हें मंच पर या टीवी स्क्रीन पर नहीं देख पाएंगे। करियर की बात करें तो, भारती सिंह ने अपने दम पर कॉमेडी की दुनिया में एक खास मुकाम हासिल किया है। वह द कपिल शर्मा शो कॉमेडी सर्कस, खतरा खतरा शो जैसे कई पॉपुलर शोज़ में नजर आ चुकी हैं। भारती ना सिर्फ एक शानदार कॉमेडियन हैं बल्कि एक अच्छी होस्ट और परफॉर्मर भी हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि भारती अपने इस प्लान को किस तरह से आगे बढ़ाती हैं। लेकिन एक बात तय है - उन्होंने अपने काम और हंसाने की कला से लोगों के दिलों में जो जगह बनाई है, वो हमेशा बरकरार रहेगी।

साभार एजेंसी

# ईरान और अमेरिकी राजदूतों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर पहली बार की सीधी बातचीत

» मस्कट, भाषा।

ईरान और अमेरिका के राजदूतों ने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रमों पर शनिवार को बातचीत की और अगले सप्ताह दोनों के बीच इस मामले में दूसरे दौर की बातचीत होगी। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने अपनी एक खबर में यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी प्रसारक ने शनिवार को खुलासा किया कि पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संक्षेप में बातचीत की। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के बाद से यह पहली बार है कि दोनों देशों ने परमाणु कार्यक्रमों को लेकर आमने सामने की बातचीत की है। खबर में बताया गया कि भले ही दोनों पक्षों के बीच संक्षिप्त बातचीत हुई लेकिन यह वार्ता अच्छी रही। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने शनिवार दोपहर एक बयान जारी किया और बातचीत को बेहद सकारात्मक तथा रचनात्मक करार दिया। हालांकि बयान में यह भी कहा गया कि जिन मुद्दों का हल तलाशा जाना हैं वे बेहद जटिल हैं।



व्हाइट हाउस ने कहा, विशेष दूत विटकॉफ का आज का सीधा संवाद पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए मियामी जाते समय एयर फ़ोर्स वन विमान में संवाददाताओं से कहा कि बातचीत ठीक दिशा में हो रही है। उन्होंने कहा, मैं आपको नहीं बता सकता क्योंकि जब तक ये पूरी नहीं हो जाएं तब तक कुछ भी मायने नहीं रखता इसलिए मुझे इसके बारे में बात करना पसंद नहीं है लेकिन ये ठीक दिशा में हो रही हैं। ईरान और अमेरिका की ओर से जारी बयानों के अनुसार अगले दौर की बातचीत अगले शनिवार 19 अप्रैल को होगी। ईरान के विदेश मंत्री और अमेरिकी राजदूत के बीच पहली दौर की वार्ता ओमान की राजधानी मस्कट के बाहरी इलाके में एक स्थान पर दो घंटे से अधिक समय तक हुई। यह बातचीत स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे शुरू हुई और शाम करीब 5:50 बजे समाप्त हुई। ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी ने कहा कि दोनों देशों का एक निष्पक्ष और बाध्यकारी समझौते को अंतिम रूप देने का साझा लक्ष्य है। अल-बुसैदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, मैं इस बातचीत के लिए अपने दोनों सहयोगियों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। यह वार्ता अंततः क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, सुरक्षा और स्थिरता हासिल करने के पक्ष वाली थी। दरअसल ईरान के परमाणु कार्यक्रमों को लेकर दोनों देशों के बीच खासा तनातनी है। ट्रंप ने बार-बार धमकी दी है कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर हवाई हमले करेगा। वहीं ईरानी अधिकारी भी लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि वे अपने यूरेनियम भंडार को संवर्धित करके परमाणु हथियार बना सकते हैं।

## ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आठ पाकिस्तानी श्रमिकों की हत्या

**इस्लामाबाद।** ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में बलूच उग्रवादियों ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के आठ श्रमिकों की हत्या कर दी। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार घटना शनिवार को मेहरिस्तान जिले के एक गांव में हुई। ईरानी अधिकारियों ने पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या की पुष्टि करते हुए कहा कि वे दक्षिणी पंजाब के बहावलपुर के रहने वाले थे और कार मरम्मत की एक दुकान में काम करते थे। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि वे उसी दुकान में रहते थे जहां कारों की मरम्मत करते थे। खबर के अनुसार, अज्ञात हथियारबंद लोग रात में दुकान में घुसे और उनके हाथ-पैर बांध दिए, इसके बाद उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी करके उनकी हत्या कर दी। खबर में कहा गया है कि हमलावर आठ पाकिस्तानी श्रमिकों की हत्या करने के बाद फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद ईरानी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। प्रतिबंधित बलूचिस्तान नेशनल आर्मी (बीएनए) के प्रवक्ता ने मीडिया में एक बयान जारी कर आठ पाकिस्तानियों की हत्या की जिम्मेदारी ली।

### 10 मिनट में प्रवासी श्रमिकों ने 10 बच्चों को इमारत से निकाल लिया था

# यूक्रेन के सूमी शहर में रूस के मिसाइल हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत

» कीव, भाषा।

यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस के मिसाइल हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई। शहर के कार्यवाहक महापौर और यूक्रेन के महाभियोजक कार्यालय ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार रविवार को लोग पाम संडे मनाने एकत्र हुए थे, तभी पूर्वाह्न लगभग सवा 10 बजे बैलिस्टिक मिसाइल से यह हमला हुआ। आधिकारिक चैनलों पर प्रसारित घटना की वीडियो में जमीन पर शव पड़े हुए दिख रहे हैं और आसपास मलबा पड़ा हुआ है। महापौर अर्टेम कोबजर ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, पाम संडे के अवसर पर हमारे लोगों को भयावह त्रासदी का सामना करना पड़ा। दुर्भाग्य से 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। महाभियोजक कार्यालय ने प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए कहा कि हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सात बच्चों समेत 83 लोग घायल हुए हैं।



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि दो मिसाइल हमलों में कई लोग मारे गए हैं। उन्होंने कहा, प्रारंभिक सूचना के अनुसार कई लोग मारे गए और घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने हमले पर वैश्विक प्रतिक्रिया का भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा, बातचीत से बैलिस्टिक मिसाइलों और बमों पर कभी रोक नहीं लगी। रूस के प्रति वैसा रवैया अपनाने की जरूरत है जैसा किसी आतंकवादी के प्रति अपनाया जाता है। इससे एक दिन पहले रूस और यूक्रेन के शीर्ष राजनयिकों ने ऊर्जा संरचना पर हमले रोकने के लिए अमेरिका द्वारा कराए गए संभावित समझौते के उल्लंघन का एक-दूसरे पर आरोप लगाया था। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने वार्षिक अंताल्या डिप्लोमेसी फोरम में अलग-अलग कार्यक्रमों में बात की। इससे एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ ने शांति संभावनाओं पर चर्चा के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा, यूक्रेन शुरू से ही हम पर हमला कर रहा है। उन्होंने कहा कि रूस अमेरिका, तुर्की और अंतरराष्ट्रीय निकायों को पिछले तीन सप्ताह के दौरान यूक्रेन के हमलों की सूची उपलब्ध कराएगा। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने उनके दावे पर कड़ा विरोध जताते हुए शनिवार को कहा कि रूस ने हमले सीमित करने को लेकर सहमति बनने के बाद से यूक्रेन पर लगभग 70 मिसाइल, 2,200 ड्रोन और 6,000 से अधिक हवाई बम के जरिए हमले किए हैं। ए हमले अधिकतर आम लोगों पर किए गए।

## भारत और यूएई के लिए द्विपक्षीय संबंधों में निवेश का सही समय: सांसद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) के एक सांसद ने कहा है कि भारत और यूएई के लिए द्विपक्षीय संबंधों में निवेश करने का यह सही समय है क्योंकि दोनों देशों के पास दूरदर्शी नेतृत्व है। रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष अली राशिद अल नुएमी ने दुबई में जारी वैश्विक न्याय, प्रेम व शांति शिखर सम्मेलन के अवसर पर पीटीआई-भाषा से कहा कि अलगाव कभी भी समाधान नहीं है और देशों को दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। अल नुएमी ने कहा, हमारे पास दूरदृष्टि रखने वाला सही नेतृत्व है जो चुनौतियों को समझता है और अवसरों को देख सकता है। हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना और इस अवसर का लाभ उठाना बहुत महत्वपूर्ण है। अल नुएमी ने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से हम जिस पुरानी व्यवस्था को जानते थे, अब हम उससे बंधे नहीं रह गए हैं। हम परिवर्तन के चौराहे पर खड़े हैं। शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने वाले नुएमी ने कहा, यदि हम अपने समुदाय और अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने में लगे रहेंगे, तो हमें ही नुकसान होगा। हमें अग्रणी रहने का फार्मूला बनाने के लिए एक साथ आना होगा। मेरा मानना है कि यह संभव है। मॉरीशस की पूर्व व पहली राष्ट्रपति अमीना गुरीब-फकीम ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है जब असमानताओं से निपटने की तत्काल आवश्यकता है। फकीम ने कहा, अनिश्चितता के इस दौर में, संपन्न और वंचित के बीच दूरी बढ़ रही हैं। मेरे लिए, असमानता सबसे खराब मुद्दों में से एक है, जिससे तत्काल निपटने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि न्याय, शांति और प्रेम कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें महात्मा गांधी ने बहुत पहले ही मानवीय चेतना में शामिल कर दिया था। फकीम ने कहा, हमें बस उन्हें आज के दौर में वापस लाने की जरूरत है। इसलिए, हमें जल्द से जल्द इस संवाद की आवश्यकता है।

## मृत्युदंड देना इस्लाम का हिस्सा: तालिबान नेता

**काबुल।** अफगानिस्तान में हत्या के एक मामले में दोषी ठहराए गए चार लोगों को गोली मारकर मौत की सजा देने के कुछ दिनों बाद तालिबान के एक नेता ने कहा कि मृत्युदंड इस्लाम का हिस्सा है। चारों दोषियों को शुक्रवार को एक खेल स्टेडियम में गोली मारी गई और यह 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों को दी गई मौत की सजा है। अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने इस घटना की निंदा की है। तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने पूर्व में अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत को खारिज कर दिया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने रविवार को एक्स पर एक ऑडियो क्लिप जारी किया जिसमें अखुंदजादा ने कहा, हमें अनुशासनात्मक उपाय, प्रार्थनाएं और इबादत के काम करने चाहिए। हमें पूरी तरह से इस्लाम अपनाना चाहिए। इस्लाम सिर्फ कुछ रस्मों तक सीमित नहीं है, यह सभी अल्लाह के आदेशों की एक व्यापक व्यवस्था है। दक्षिणी कंधार प्रांत में हज प्रशिक्षकों की संगोष्ठी में 45 मिनट के भाषण के दौरान अखुंदजादा ने कहा कि इस्लाम का एक भी आदेश अधूरा नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अखुंदजादा ने कहा कि अल्लाह ने लोगों को इबादत करने और उसकी सजाओं को लागू करने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा कि तालिबान ने सत्ता या धन के लिए युद्ध नहीं किया बल्कि इस्लामी कानून को लागू करने के लिए युद्ध किया।

## बांग्लादेश की अदालत ने शेख हसीना और उनकी बहन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक और 50 अन्य के खिलाफ राजनीतिक सत्ता का दुरुपयोग करके कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक ढाका मेट्रोपोलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर संज्ञान लेने के बाद यह आदेश पारित किया। अखबार ने एसीसी के सहायक निदेशक (अभियोजन) अमीनुल इस्लाम के हवाले से बताया कि न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी वारंट से संबंधित अमल रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है।


